हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 19.08.2024 वर्ष 11, अंक 227

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

किसी दिन, जब आपके सामने कोई समस्या न आए- आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### जमीन से पहाड़ तक 21 किमी दौड़े 3 हजार धावक

**सिरोही :** देश और दुनिया में विश्व बन्धुत्व के लक्ष्य को लेकर रविवार को आयोजित दादी प्रकाशमणि माउण्ट आबू इंटरनेशनल मैराथन में भारत सहित कई देशों के तीन हजार से ज्यादा धावकों ने हिस्सा लिया। खास बात तो यह रही कि यह मैराथन समतल जमीन पर नहीं बल्कि जमीन से पहाड़ पर चढ़ाई की थी। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मनमोहिनीवन से मैराथन को प्रातः छह बजे हरी झंडी दिखाई गई। 21 किमी की दौड़ लगाते हुए प्रथम विजेता पाली निवासी कल्पेश देवासी ने मात्र एक घंटे 22 मिनट में ही दूरी पूरी कर ली। वहीं दूसरा स्थान वरुण माउण्ट आबू तथा तीसरा विजेता रोहित टोंक ने हासिल किया।

### अयोध्या में मऊ शिवाला के पास सड़क हादसे में तीन की मौत, दो घायल

**अयोध्या :** जिले के थाना कैंट क्षेत्र के मऊ शिवाला के पास रविवार तड़के हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। दो घायलों में सीतापुर जिले के ग्राम नंदपुर निवासी राम विजय के पुत्र सत्यम (24) और यहीं के विनोद कुमार के पुत्र शैलेंद्र (18) हैं। तीनों मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सौ से ज्यादा अस्पतालों को मिली बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल

**जयपुर :** राजधानी जयपुर में रविवार सुबह उस समय हडकंप मच गया,जब मोनिलेक अस्पताल और सीके बिरला अस्पताल सहित सौ से ज्यादा अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला। इस तरह की मेल मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन के होश उड़ गए।जानकारी के अनुसार मेल में लिखा कि अस्पताल के बेड के नीचे और बाथरूम के अंदर बम है और अस्पताल में मौजूद सभी लोग मारे जाएंगे। हर तरफ खून ही खून होगा। तुम सभी लोग मौत के ही लायक हो। मेल करने वाले ने खुद की पहचान लखा आतंकवादी चिंग और कल्टीस्ट के रूप में उजागर किया है।

### तृणमूल सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने की कोलकाता पुलिस कमिश्नर को गिरफ्तार करने की मांग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या से सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुभेंदु शेखर राय ने अब इस मामले में कोलकाता पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को सीबीआई हिरासत में लेकर पूछताछ की मांग की है। इसकी वजह से कोलकाता पुलिस में हलचल मच गई है और लाल बाजार ने उन्हीं को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है।

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर साधा निशाना

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुई बलात्कार और हत्या की घटना और उसके बाद पश्चिम बंगाल सरकार और पुलिस के रवैया पर सवाल खड़े करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। जेपी नड्डा ने एक पोस्ट में कहा कि टीएमसी के शासन में पश्चिम बंगाल महिला विरोधी, युवा विरोधी और लोकतंत्र विरोधी है। मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को निराश किया है। वह एक ऐसे प्रशासन की अध्यक्षता कर रही हैं, जिसने बिना किसी दंड के लूट की है। लोहे की पकड़ स्पष्ट रूप से जंग खा चुकी है और बुरी तरह से जंग खा चुकी है।

### जीडी गोयनका के छात्राओं ने सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधा

**रांची :** जीडी गोयंका के छात्राओं ने रविवार को आर्मी कैंट नामकुम में रक्षाबंधन पर्व को एक महोत्सव के रूप में मनाया। छात्राओं ने रक्षा बंधन पर्व पर देश के जाबाज सैनिकों के माथे पर तिलक लगाकर उनके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और संभाषण के माध्यम से देश की सुरक्षा पर तैनात देश के वीर सैनिकों की भूमिका को अपने माध्यम से व्यक्त किया। साथ ही साथ इस रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान सैनिकों ने समस्त जीडी गोयंका के विद्यार्थियों का अभिनंदन कर उन्हें उपहार स्वरूप भी दिया तथा सैनिक जीवन में त्योहारों के महत्व को भी विधार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपनिदेशक अमन सिंह ने रक्षाबंधन को पारिवारिक सामाजिक मूल्यों की याद दिलाने वाला त्यौहार बताते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्तों की मिठास, सुरक्षा के भाव तथा जीवन में रिश्तों की अहमियत सीखाता है। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार ने समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उनके कृत के लिए सराहा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38⁰ |
| न्यूनतम | 26⁰ |

## पाकुड़ : सीएम ने झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का किया शुभारंभ

# सभी को मिलेगा हक व अधिकार : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत गायबथान में झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीबीटी के माध्यम से 81 हजार से अधिक मां बहनों के खाते में सम्मान राशि भेजी गई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन विशेष कर राज्य की बहन-बेटियों के लिए शुभ और ऐतिहासिक दिन है। राज्य की आधी आबादी को उनकी सरकार इस रक्षाबंधन त्यौहार के पावन अवसर पर ÷झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना÷ की सौगात दे रही है। इस योजना के तहत अब 21 वर्ष से 50 वर्ष की उम्र तक की पात्र महिलाओं को राज्य सरकार डीबीटी के माध्यम से प्रत्येक माह के 15 तारीख तक 1 हजार रुपए सम्मान राशि उनके बैंक खाते पर भेजेगी। सभी पात्र महिलाओं के बैंक खाते में हरेक वर्ष 12 हजार रुपए भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं, जिसका लाभ गांव-गुरबा के लोग बखूबी ले रहे हैं। राज्य की नारी शक्ति के उत्थान के लिए एक विशेष योजना की जरूरत थी जिसे झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के रूप में शुरुआत की गई।

### सब कुछ सही हुआ होता तो यह योजना एक वर्ष पहले धरातल पर उतर गई होती

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अगर सब कुछ अच्छा हुआ होता तो यह महत्वाकांक्षी योजना आज नहीं बल्कि एक साल पहले धरातल पर उतर गई होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत पाकुड़ जिला की 81 हजार से अधिक पात्र बहन-बेटियों को डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 1 हजार रुपए की सम्मान राशि भेजी गई। इन महिलाओं को प्रत्येक वर्ष 12 हजार रुपए भेजे जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि रिमोट का बटन दबाकर आज अपनी बहन-बेटियों यह सम्मान राशि भेजने में हमने सफलता पायी है। यहां की बहन-बेटियों को यह सम्मान अनवरत मिलती रहे। इस संकल्प के साथ उनकी सरकार आगे बढ़ रही है।




**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, विधायक कल्पना सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जुली क्रिस्टमनी हेमब्रम, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल सहित पाकुड़ जिले के उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं अन्य पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सीएम ने गोड्डा में 187 करोड़ 15 लाख रुपए की 151 योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गोड्डा में 187 करोड़ 15 लाख रुपए की 151 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें 58 करोड़ 62 लाख रुपए की 73 योजनाओं का उद्घाटन एवं 128 करोड़ 53 लाख रुपये की 78 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य की बहन- बेटियों को झारखंड मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि प्रदान कर रक्षा बंधन की सौगात दी।

**गांव-गांव, घर-घर पहुंचाई गई राज्य सरकार की योजनाएं:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी, मूलवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के उत्थान और सर्वांगीण विकास लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारने का काम किया है। राज्य सरकार ने पिछले साढ़े चार वर्षों में सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर झारखंड के एक-एक गांव, एक-एक घर तक उनकी सरकार अधिकारियों के माध्यम से योजनाओं की पोटली लेकर पहुंची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा है।

**जिलावासियों को दी इन महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 105.8015 करोड़ रुपए की 215 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसमें 32.877 करोड़ रुपए की 14 योजनाओं का उद्घाटन और 72.9244 करोड़ रुपए की 201 योजनाओं की आधारशिला रखी। मौके पर मुख्यमंत्री ने कुल 65948 लाभुकों के बीच 126.1593 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

### बहन-बेटियों के सम्मान एवं रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही हमारी सरकार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रक्षाबंधन के दिन भाई भी अपनी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। आज हमारी सरकार भी राज्य की बहन-बेटियों के सम्मान, रक्षा एवं उनके विश्वास पर खरा उतरने संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरुआत से ही हमारी सोच रही है कि राज्य की आधी आबादी जो हमेशा अनेक चुनौतियों से गुजरते हैं, उनके सर्वांगीण विकास के लिए विशेष काम किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ÷झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना÷ प्रारंभ करने से पहले कई प्रकार की चुनौतियों को मद्देनजर रखते हुए कई बाधाओं को निपटाया गया। इस योजना के संचालन की एक-एक पहलुओं को ध्यान में रखकर अंततः आज नारी शक्ति से जुड़ी इस महत्वाकांक्षी योजना की विधिवत शुरुआत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार शुरुआती दिनों से ही हेड क्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चल रही है। जब गांव मजबूत होगा तभी सरकार मजबूत होगी इसी उद्देश्य के साथ कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है। राज्य सरकार ने अब निर्णय लिया है कि यहां के कृषकों द्वारा लिए गए कृषि ऋण के रूप में सिर्फ 50 हजार रुपए ही नहीं बल्कि 2 लाख रुपए तक की राशि माफ किया जाएगा।

### कुएं से मिला लापता हुए दो भाइयों के शव



**मेदिनीनगर :** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह के एक अर्धनिर्मित कुएं से दो चचेरे भाइयों के शव मिले। दोनों लापता थे। उनकी पहचान नावाडीह पंचायत के बरवाही टोला के रहने वाले गौतम कुमार (7) और अंशु कुमार (6) के रूप में हुई है।घर वाले इनकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन नहीं मिल रहे थे। रविवार सुबह बच्चों को खोजते हुए ग्रामीण कुएं के पास पहुंचे तो दोनों बच्चों का शव देखा। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गई। बच्चों के शव निकाले गए। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचीं और शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा। जिस कुएं से बच्चों के शव मिले, वह नावाडीह पंचायत के मुखिया दयानंद प्रसाद का है। बच्चों के घर से कुआं की दूरी महज डेढ़ सौ फीट है।बताया गया है कि घर का कबाड़ा लेकर गांव में ही कबाड़ी कारोबारी विश्वनाथ दास को देने के लिए घर वालों ने शनिवार शाम चार बजे के करीब बच्चों को भेजा था। बच्चों के घर वालों ने कबाड़ी कारोबारी विश्वनाथ दास पर बच्चों की हत्या का आरोप लगाया है। घर वालों के मुताबिक मृत बच्चे के पिता के रिश्तेदार चनारिक राम के साथ विश्वनाथ दास का जमीन विवाद था। आशंका जताई गई है कि बच्चों को मारने के बाद शव को कुएं में डाला गया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने जारी किया बयान, कहा

# सीएम रहते अपमान का कड़वा घूंट पीना पड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो नेता चंपई सोरेन को लेकर राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। भाजपा में शामिल होने की अफवाह के बीच झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम नेता चंपई सोरेन ने अपना दर्द साझा किया। उन्होंने कहा, 31 जनवरी को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना। अपने कार्यकाल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन 3 जुलाई तक, मैंने पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ राज्य के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस दौरान हूल दिवस के अगले दिन मुझे पता चला कि अगले दो दिनों के मेरे सभी कार्यक्रमों को पार्टी नेतृत्व द्वारा स्थगित करवा दिया गया है।लोकतंत्र में इससे अपमानजनक कुछ नहीं हो सकता है। एक मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों को कोई अन्य व्यक्ति रद्द करवा दे? अपमान का यह कड़वा घूंट पीने के बावजूद मैंने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण सुबह है,जबकि दोपहर में विधायक दल की बैठक होगी। वहां से होते हुए मैं उसमें शामिल हो जाऊंगा। लेकिन, उधर से साफ इंकार कर दिया गया। पिछले चार दशकों के अपने बेदाग राजनैतिक सफर में मैं पहली बार भीतर से टूट गया। विधायक दल की बैठक के दौरान मुझसे इस्तीफा मांगा गया। मैं आश्चर्यचकित था। लेकिन मुझे सत्ता का मोह नहीं था। इसलिए मैंने तुरंत इस्तीफा दे दिया। लेकिन आत्म-सम्मान पर लगी चोट से दिल भावुक था। इतने अपमान एवं तिरस्कार के बाद मैं वैकल्पिक राह तलाशने हेतु मजबूर हो गया। इसमें मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से सन्यास लेना, दूसरा, अपना अलग संगठन खड़ा करना और तीसरा, इस राह में अगर कोई साथी मिले, तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। उस दिन से लेकर आज तक तथा आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों तक, इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हुए हैं।

## 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को मिली भारत की नागरिकता

# सीएए पर मुसलमानों को भड़काया गया : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सीएए के तहत 188 पाकिस्तानी हिंदुओं को भारतीय नागरिकता प्रदान की. इस दौरान अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने लोगों को भी संबोधित किया.

उन्होंने कहा,जब बांग्लादेश में विभाजन हुआ था तब वहां 27 प्रतिशत हिन्दू थे, आज 9 प्रतिशत हैं. इतने हिंदू कहां गए. पडोस के देश से हिंदू कहा गए. हम 2019 में सीएए लेकर आए. सीएए से करोड़ों हिंदू, जैन और सिख घर्म के लोगों को नागरिकता मिलेगी.

अमित शाह ने आगे कहा कि सीएए को लेकर मुसलमानों को भडकाया गया. सीएए कानून से किसी का नागरिकता नहीं जाती है.

कुछ राज्य सरकार सीएए को लेकर लोगों को गुमराह कर रही है. इंडिया अलायंस और कांग्रेस वाले सीएए



को लेकर शरणार्थियों को गुमराह कर रहे हैं.अमित शाह ने अपने भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी के अच्छे कामों को भी गिनाया.

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी परिवारवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं. नरेंद्र मोदी ने जातिवाद को खत्म किया है. औरंजेब ने काशी विश्वनाथ मंदिर तोड़ा था, लेकिन मोदी ने उसे बनाया. नरेंद्र मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 खत्म की.नरेंद्र मोदी ने तुष्टिकरण को खत्म किया है.

अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस और इनके सहयोगियों की तुष्टिकरण की नीति के कारण आजादी के बाद पड़ोसी देश से आए सताए हिंदुओं, बौद्ध और सिखों को न्याय नहीं मिला. इन लोगों को वादे के बाद भी भारत की नागरिकता नहीं मिली. नरेंद्र मोदी ने ऐसे करोड़ों लोगों को न्याय दिलाया है.

मैं अपने सभी शरणार्थी भाइयों से कहता हूं कि आप बेझिझक होकर नागरिकता के लिए अप्लाई कीजिए. आपके साथ कुछ गलत नहीं होगा.

# कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर मामला : सीबीआई ने मुख्य आरोपी का किया साइकोलॉजिकल टेस्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर मामले में सीबीआई ने आरोपी का साइकोलॉजिकल टेस्ट शुरू कर दिया है. सीबीआई की सीएफएसएल टीम टेस्ट करने के लिए पहले ही कोलकाता पहुंच गई थी. यह टेस्ट सीबीआई आरोपी संजय रॉय की मानसिक स्थिति पता लगाने के लिए की जा रही है. सूत्रों की मानें तो संजय रॉय के फोन से काफी आपत्तिजनक कंटेंट और वीडियो बरामद हुई हैं. ऐसे में जांच एजेंसियां आरोपी की मानसिक




स्थिति का पता लगाने की कोशिश कर रही हैं, ताकि रेप और हत्या के पीछे के कारण का पता लगाया जा सके.साइकोलॉजिकल टेस्ट किसी व्यक्ति के मानसिक, भावनात्मक और व्यवहार संबंधी गुणों को जांचने के लिए उपयोग किए जाने वाला वैज्ञानिक तरीका है. ये परीक्षण व्यक्तित्व, बुद्धि, रुचियां, अभिवृत्तियां और अन्य मनोवैज्ञानिक विशेषताओं का आकलन करने में मदद करते हैं. साइकोलॉजिकल टेस्ट के दौरान व्यक्ति को अस्पष्ट उत्तेजनाओं (जैसे स्याही के धब्बे, चित्र) पर प्रतिक्रिया देने के लिए कहा जाता है, जिसके माध्यम से उसके अचेतन मन के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती है.बता दें कि इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीजेपी नेता लॉकेट चटर्जी और आरजी कर अस्पताल के दो डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है. इस मामले के कथित आरोपी संजय रॉय पहले ही पुलिस की गिरफ्त में है.

### बस ने पिकअप को मारी टक्कर, 10 की मौत व 25 घायल

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। रक्षाबंधन मनाने घर जा रहे मजदूरों की पिकअप को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई बच्चों समेत 25 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद की एक ब्रेड कंपनी में मजदूरी करने वाले करीब 35 से अधिक मजदूर पिकअप में गाजियाबाद से अलीगढ़ जनपद की तहसील अतरौली के गांव रायपुर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही सलेमपुर थाने के पास पहुंचे तो यहां एक डग्गामार बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।25 से ज्यादा घायलों का जिला अस्पताल और जेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# अधिग्रहित मकान को तोड़ने के दौरान छत गिरने से पिता पुत्र दबकर घायल, पिता रेफर

## आक्रोशित लोगों ने एक घन्टे तक एनएच 75 किया जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** एनएच 75 फोरलेन के लिये अधिग्रहित मकान को ध्वस्त करने के दौरान हलिवंता में छत गिरने से पिता पुत्र दब कर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को मलबे से बाहर निकालकर इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल सुरेश राम को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। जबकि सुरेश के पुत्र अजय कुमार का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित होकर एनएच 75 को जाम कर दिया। जाम के दौरान उग्र लोग प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का आरोप था कि फोरलेन के लिये अधिग्रहण किये गये जमीन का पैसा अभी तक नहीं मिला है। सिर्फ मकान का मुआवजा मिला है। लेकिन बरसात के मौसम में तत्काल मकान खाली कर तोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। रहने के लिये बिना घर बनाये इतनी जल्दी कैसे मकान तोड़ दें। हमलोग बरसात के मौसम में कहां रहेंगे। जबकि जमीन का अभी तक मुआवजा भी नहीं मिला है। प्रशासन के कहने पर घायल पिता पुत्र जल्दबाजी में मकान तोड़ रहे थे। जिससे उक्त हादसा हुआ। उधर जाम की सूचना मिलने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, मजिस्ट्रेट हंस हेम्ब्रम, सीओ विकास कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित कई अधिकारी जाम स्थल पहुंच कर लोगों को समझाया तथा घायल व्यक्ति का समुचित इलाज कराने का आश्वासन दिया। उसके बाद लोग मान गये और एक घन्टे बाद जाम हटा लिया। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

# नहर में भारी मात्रा में फेंका हुआ मिला दवा, क्षेत्र में फैल गई सनसनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** बायी बाकी नहर के तेज बहाव में आयरन फोलिक एसिड सिरप फेंका हुआ पाया गया जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई।आपको बताते चले की यह फोलिक एसिड सिरप नहर में फेंका गया था जो पानी की तेज बहाव में बह रहा था जिसे देख पातागड़ा के ग्रामीण आपस में चर्चा करने लगे कि यह क्या चीज पानी में बह रहा है। तत्काल दो लड़के तीन पेटी दवा निकालने में सफल रहे। बाकी पेटी नहर में संध्या ग्राम की ओर बहता हुआ चला गया। पानी से पेटी निकलने के दौरान पेटी फट गया था।बताया गया कि आयरन का सिरप 60 एमएल में लगभग 300 क्वांटिटी में है जिसे एक वर्ष से पांच वर्ष के बच्चों के बीच वितरण करना है।

**ग्रामीणों ने विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया है**

लोग बताते हैं कि इस तरह से खुले में दवा फेंकने से पर्यावरण तथा जीव जंतु के लिए खतरनाक हो सकता है,एक तरफ बड़ी संख्या में लोग दवा की कमी के लिए जूझ रहे हैं। तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में दवा फेक जा रहा हैं आखिर ऐसी चीजों पर नकेल कसने वाली व्यवस्था कहां सो रही थी? जब दवा को नहर में फेंका जा रहा था।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने दवा को जप्त कर थाना ले गये।

# सत्संग उपासना केंद्र में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया।सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि तथा शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक नाम जप ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। सत्संग में अखिलेश प्रसाद, रामा देवी, गीता देवी, लालती देवी, सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि गुरु के आदेशों का पालन करना सर्वोत्तम कर्तव्य है। अपने गुरु के प्रति विश्वास कर उनके आदेशों का पालन करना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। उन्होंने आगामी दो सितंबर को प्रति वर्ष सत्संग नगर देवघर में होने वाले आगमनी उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सत्संगियों से उपस्थित होने का आग्रह किया।याजक राजकुमार दा ने भी आगमनी उत्सव पर चर्चा करते हुये कहा कि आगमनी उत्सव पर आयोजित होने वाले भंडारे में सभी सत्संगी अपने सामर्थ्य के अनुसार अर्घ्य अवश्य दें।सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, गोविन्द दा, अजय दा, संजय दा, भोला प्रसाद, पप्पू जायसवाल, शक्तिदास सिन्हा, चंचला गुप्ता, मधु देवी, प्रभा देवी, वृंदा देवी, संगीता देवी, अनिता सिन्हा, नीलम देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

# प्रशासन ने फोरलेन पर अधिग्रहित मकान को हटाने के लिए चलाया अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं एनएचआई के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ रविवार को हलिवंता कला, बिलासपुर एवं गंगटी में फोरलेन में आने वाले मकान को हटाने के लिये अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने हलिवंता कला एवं बिलासपुर में मुआवजा लेने के बाद भी अभी तक मकान और दुकान नहीं हटाये जाने पर नाराजगी व्यक्ति करते हुये कई जगहों पर जेसीबी से मकान को ध्वस्त किया। अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि अभी तक उन्हें सिर्फ मकान का पैसा मिला है जमीन का पैसा नहीं मिला है। साथ ही बरसात के दिनों में इतनी जल्दी मकान तोड़ने से हम लोग बेघर हो जायेंगे। इसलिये प्रशासन हमें समय दे ताकि हम लोग अपनी आवासीय व्यवस्था को दुरुस्त कर लें। लोगों के आग्रह पर अधिकारी 4 से 5 दिन का ही समय देने पर राजी हुये। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व में भी प्रशासन के द्वारा फोरलेन में आने वाले मकान के भूस्वामियों से आने वाले मकान को ध्वस्त करने के लिये बुलडोजर चलाया था। लेकिन भूस्वामियों की आग्रह पर प्रशासन ने उन्हें दो दिनों का समय दिया था। किंतु समय मिलने के बाद भी भूस्वामियों ने अपने मकान को नहीं हटाया। नतीजा रविवार को प्रशासन ने पुनः रविवार को दलबल के साथ हलिवंता कला एवं बिलासपुर पहुंचकर मकान को हटाने का काम शुरू किया। उधर किसी मकान में दो लोगों के दब जाने की सूचना मिलने के बाद प्रशासन को अभियान को स्थगित करना पड़ा। इस दौरान मजिस्ट्रेट हंस हेम्ब्रम, सीओ विकास कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक समेत कई पुलिसकर्मी एवं एनएचआई के अधिकारी मौजूद थे।

# एबीवीपी ने डॉक्टर हत्या मामले के विरुद्ध जताया आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा नगर इकाई के द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के ट्रेनि डॉक्टर के साथ हुई सामूहिक दुराचार और हत्या के मामले को लेकर काला बिल्ला लगाकर और पोस्टर के माध्यम से विरोध दर्ज कराया। परिषद कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ममता बनर्जी से मांग भी किया कि जल्द से जल्द दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। विभाग सह संयोजक शशांक चौबे ने कहा कि बंगाल में गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है। ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार कर रही है। टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेकों दुष्कर्म पूर्व में किए गए परंतु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्यवाही ममता सरकार द्वारा नही की गई। जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस प्रकार के कुकृत्य करने वाले सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने का मांग करती है और पश्चिम बंगाल में इस प्रकार की घटना बंद हो इसके लिए केंद्र सरकार को भी ठोस और कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। विरोध मार्च में नगर मंत्री अखिल कुमार, सुगंध कुमार, कौस्तुभ तिवारी, सूरज तिवारी, सचिन चौबे, राकेश पाल, आकाश कुमार, सत्यम कुमार, अजय चौरसिया, रमेश चौधरी, पलक कुमारी, आकांक्षा कुमारी, श्रुति कुमारी, अर्चना कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# भगवान पुण्यात्मा को शांति दे : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रथम महापौर अरुणा शंकर बारालोटा मे कुलदीप तिवारी के धर्मपत्नी, जिनका कल स्वर्गवास हो गया, उनके घर जाकर सोकाकुल परिवार से मिली। इस दुख की बेला में उन्होंने परिवार को ढाढस बंधाया। शंकर ने कहा कि जब मैं वहां गई तो अगल-बगल समाज वाले कुलदीप तिवारी की धर्मपत्नी के मिलनसार स्वभाव की तारीफ कर रहे थे, जो उस महान आत्मा को और भी महान बनाता है। मैं उनके पुण्य आत्मा की शांति हेतु भगवान से कामना करती हूं। इस दुख के घड़ी में प्रथम महापौर अरुणा शंकर के साथ मनु प्रसाद तिवारी, सुनील पांडेय,नित्यानंद तिवारी, सुभक तिवारी, प्रभात तिवारी, सुनील तिवारी, निलेश पांडेय, मनोज तिवारी एवं काफी लोग साथ में थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। विद्यालय परिवार ने छात्राओं के हाथों पर आकर्षक मेहंदी देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। उपस्थित लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती हैं, जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। वर्तमान में श्रावन माह का समय है इस समय भक्ति भाव का समय रहता है, जिसके कारण सजावट पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस समय भगवान शिव जी की पूजा की जाती है, इसलिए विद्यालय में इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, ताकि भैया/बहनों के अंतर्मन में भक्ति भाव जगे।व्यक्ति को चाहिए कि अपने जीवन में एक पौधा लगाकर इस हरियाली को बरकरार रखें। उन्होंने बताया कि मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में कक्षा- सप्तम से दशम तक के 86 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी ने मेहंदी की एक से बढ़कर एक डिजाइन का प्रदर्शन किया। मार्गदर्शिका हर्षदा उपाध्याय ने सभी के लिए मेहंदी का प्रबंध कराया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में विद्यालय के सभी आचार्य व दीदी जी ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान शिवानी सिंह, कक्षा-दशम, द्वितीय स्थान प्रिया सिंह, कक्षा-नवम, तृतीय स्थान श्रुति कुमारी, कक्षा-दशम ने प्राप्त किया। अंत मे प्रधानाचार्य ने सभी विजेता प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और उनकी सफलता के लिए ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी।

# तोरण द्वार मामले में भाजपा नगर मंडल ने मंत्री पर जताया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा गढ़वा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने मंत्री मिथलेश ठाकुर के ऊपर विरोध जताते हुए कहा है कि मंत्री मिथलेश ने मां गढ़देवी मंदिर के तोरण द्वार बनाने के नाम पर अपने माता पिता का नाम स्थापित करने में लगे हुए हैं। मंत्री गढ़वा में विकास के नाम पर सिर्फ बोड बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मां गढ़देवी मंदिर का निर्माण गढ़ के राजा ने कराया था लेकिन उस राजा ने भी अपना नाम नहीं लिखवाया। गढ़ के राजा ने गढ़देवी मंदिर आम जनता को समर्पित किया था। गढ़देवी मंदिर द्वार पर सिर्फ मां गढ़देवी का नाम होना चाहीए। लेकिन मंत्री विधायक मिथलेश ठाकुर ने इसे सड़क का शिलान्यास समारोह बना दिया। इससे श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। मौके पर नगर मंडल संयोजक दीपक तिवारी, ओबीसी मोर्चा महामंत्री रविन्द्र जायसवाल, एससी मोर्चा महामंत्री सुरेन्द्र राम, नगर मंडल उपाध्यक्ष बंधु राम, शुभम गुप्ता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# जीएन कान्वेंट स्कूल में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों में दिखा उत्साह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीएन कान्वेंट स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न किया गया। छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए स्कूल के निदेशक मदन केसरी ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय उत्सव के साथ साथ संस्मरण दिवस भी है। वहीं परेड के द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई तथा देश भक्तों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कई मनमोहक देशभक्ति गीत नृत्य और नाटिका सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया जिसे सभी अभिभावकों ने सराहा। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों के द्वारा भी आजादी पर आधारित गीत गाकर बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का कार्य किया गया। मंच का संचालन नवम वर्ग का कृष्णा, संध्या, शीशांक द्वारा किया गया। उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सजाने और संवारने में नीरा शर्मा और श्रेया आंनद का विशेष योगदान रहा। उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिका ने भी सराहनीय कार्य की।

# आरएसएस के बैनर तले भोज का आयोजन किया गया



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा भोज का आयोजन किया गया, इस आयोजन कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कमेटी के सदस्य सीताराम गुप्ता, अमितेश्वर दयाल, राघवेंद्र जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बिश्रामपुर उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह द्वारा एवं संचालन भाजपा के सक्रिय सदस्य लक्ष्मीकांत पांडे ने किया इस कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए थे जिसमें जाति विहीन हिंदू समाज की परिकल्पना रखी गई सभी हिंदू जाति के लोग एक साथ बैठकर भोजन किया, स्वयंसेवक संघ सदस्य सीताराम गुप्ता ने कहा हिंदू जाति में बिखराव के कारण लोग इसकी लाभ लेकर एक बड़ी समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं लोग अपनी रोटी सेकने का कार्य कर रहा है इस मुख्य रूप से हिंदू समाज की लोगों को समझने का जरूरत है किसी भी परिस्थिति में जाति धर्म के बात पर समाज को तोड़ने वाले लोगों को बहिष्कृत करने की जरूरत है, वही उपस्थित लक्ष्मीकांत पांडे ने संघ के बारे में उपस्थित लोगों के बीच विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए समाज की महत्वपूर्ण भूमिका जिससे भारत की विकास को लेकर एक समाज का एक सूत्र में बंधा होना एवं जाति विभिन्न समाज का होना अत्यंत ही महत्वपूर्ण बात बताई मौके पर उपस्थित, जिला परिषद सदस्य बिश्रामपुर विजय रविदास, बसना निवासी सुरेंद्र पांडे, भाजपा नेता सुनील पांडे, नावा बजार जिला परिषद पति राजबली राम, पंचायत समिति प्रेमलाल पासवान, दिलीप पासवान, विजय सोनी, रति महारा, दीपक मोची, ननकू प्रजापति सहीत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जर्जर सड़क पर बसपा नेता राजन मेहता ने किया धनरोपनी

# विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने नहीं किया विश्रामपुर विस का विकास : राजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर-पांडू मुख्य पथ पर बूढ़ीखांड गांव के पास एक किमी दूर तक सड़क जर्जर व गड्ढों में तब्दील हो चुका है। इस सड़क की स्थिति लगभग बीस सालों से यही है.बरसता के चलते इन दिनो सड़क पर लगभग दो फिट पानी जमा हो गया है। जलमग्न हो चुके इस सड़क को पार करने के दौरान प्रतिदिन दुर्घटना घटित होते रहती है.दर्जनों मोटरसाइकल सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इतना ही नहीं सड़क किनारे स्थित घरों में भी पानी घुस जा रहा है,जिससे वहां के लोगों का जीना दुभर हो चुका है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आक्रोशित बसपा ने रविवार को विरोधस्वरूप सड़क पर जमे पानी मे धनरोपनी किया। धनरोपनी कार्यक्रम का नेतृत्व बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व प्रमुख संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गीता मेहता ने किया। इस दौरान बसपा नेताओं कार्यक्रताओं ने स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। राजन मेहता ने कहा कि विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी खुद को विकास पुरुष कहते कहलवाते हैं.लेकिन उनके क्षेत्र क्षेत्र की मुख्य सड़कें बद से बदतर है। विश्रामपुर क्षेत्र की प्रमुख सड़कें स्थानीय विधायक के विकास के दावों को खोखला साबित करती हैं। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर मैं हमेशा मुखर रहता हूं। बरसात के बाद अगर यह सड़क नही बनी तो आक्रोषपूर्ण आंदोलन छेड़ा जायेगा। मौके पर पांडू प्रखंड अध्यक्ष विजय मंडेला, विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष शिव पुकार, अमेश राम, राम पूजन पासवान जी, सुरेश यादव जी, श्री मेहता जी, वीरेंद्र मेहता जी, नईमुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, शेर अहमद, मंगल राम, तेतरी देवी, फूला देवी, गुड्डी कुमारी, शोभा कुमारी, प्रतिमा देवी, रामपति देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने को युवा तैयार : जिलाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश मार्च कार्यक्रम एवं 21अगस्त को होने वाले जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस सहित अन्य कई कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झारखंड में युवाओ का आक्रोश झामुमो सरकार के खिलाफ तेजी से बढ़ा है। आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली निकाल कर रांची में भ्रष्ट मुख्यमंत्री का आवास घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धोखेबाज हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए युवा तैयार है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामाशीष तिवारी ने कहा कि भ्रष्ट झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर धोखा देने का काम किया है। लेकिन झारखंड का युवा अब बर्दाश्त नहीं करेगा। आनेवाले समय में भ्रष्ट झामुमो सरकार के मंत्री विधायक को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता चंद्रमणि धर दुबे, राजीव राज तिवारी, उमेन्द्र यादव, रितेश चौबे, मधुलता कुमारी, ओमप्रकाश गुप्ता, बबलु पटवा, चंदन जायसवाल, विनोद जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता देवी, शुभम गुप्ता, अभिषेक कश्यप, परीक्षित तिवारी, बजरंग प्रसाद, राजकुमार विश्वकर्मा, ओमप्रकाश दास, जितेन्द्र चंद्रवंशी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण करना बर्दास्त नहीं होगा : संदीप सरकार

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के रामगढ़ में संविधान सुरक्षा मंच पलामू की बैनर तले 21अगस्त 2024 को भारत बंद की समर्थन में रविवार को बैठक किया गया। जिसमें उच्चतम न्यायालय के द्वारा एससी एसटी के आरक्षण के वर्गीकरण के लिए राज्य सरकार को निर्णय लेने के लिए निर्देश दिया गया है। इस पर चर्चा करते हुए संविधान सुरक्षा मंच के अध्यक्ष संदीप सरकार ने बताया कि एसटी एससी के आरक्षण में वर्गीकरण बिल्कुल गलत है यह भारतीय संविधान के विरुद्ध है। इस निर्णय के खिलाफ 21 अगस्त 2024 को सभी लोगों को आवाज उठाने की जरूरत है। साथ ही स्ट/स्ज्ञ विभिन्न सामाजिक संगठन तथा कई राजनीतिक दल के द्वारा भारत बंद बुलाया गया है। इसी क्रम में बड़े पैमाने पर पलामू प्रमंडल समेत पूरे झारखंड में एससी एसटी के विभिन्न संगठन भीम आर्मी, संविधान सुरक्षा मंच, भीम सेना, युवा एकता मंच सहित अन्य संगठन के लोग बड़ी संख्या में उक्त तारीख को सड़क पर उतरेंगे। जिसमें पलामू एवं गढ़वा समेत राज्य के माननीय मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निर्धारित की गई है, एक तरफ कार्यक्रम करना एवं दूसरी तरफ आरक्षण के क्रिमी लेयर की विरोध में भारत बंद करना उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। इस दौरान भारी व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना हो सकती है। इस संभावना को देखते हुए संविधान सुरक्षा मंच पलामू के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय को पलामू प्रमंडल में अपने आयोजित कार्यक्रम को स्थागीत करने के लिए एक पत्र लिखा गया तथा अनुरोध की गई की अपने कार्यक्रम को रद्द कर संपूर्ण भारत बंदी में अपना योगदान सुनिश्चित की जाए तथा समर्थन दें। इस मौके पर सचिव रविंद्र राम, महासचिव शिवनंदन राम उर्फ छोटू दास, कोषाध्यक्ष राजेश्वर राम, संजय राम, रामजन्म कुमार, सरवन, जगदीश राम, दिनेश कुमार, अमरनाथ राम, जोगेंद्र कुमार, प्रेमचंद कुमार, संजय कुमार, अमरेश कुमार, सनी कुमार, देवव्रत कुमार, अजय कुमार, दिनेश कुमार सहित बहुत से लोग हो उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## नगर निगम ने शुरू की ऑनलाईन पेमेंट की सुविधा

**रांची:** नगर निगम क्षेत्र में रहते है और वेस्ट यूजर चार्ज (कचरा उठाने का चार्ज) के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। चूंकि अब घर बैठे ही आनलाइन वेस्ट यूजर चार्ज जमा कर सकते है। नगर निगम ने इसकी शुरुआत कर दी है। जिसके तहत अब रांची नगर निगम के वेबसाईट https://www.ranchimunicipal.com/ पर जा कर सॉलिड वेस्ट यूजर का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। इससे आपको ज्यादा पैसे भी नहीं चुकानें होंगे। वहीं वेस्ट यूजर चार्ज के नाम पर ठगी की संभावना भी नहीं होगी। बता दें कि आए दिन नगर निगम को वेस्ट यूजर वसूलने के नाम पर ज्यादा पैसे लेने की शिकायतें मिल रही थी। रांची नगर निगम के अधिकारियों ने सभी नागरिकों से अपील है कि अपने घरों/व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का ससमय वेस्ट यूजर चार्ज का भुगतान करना सुनिश्चित करें।

## झारखंड में 64 पुलिस अधिकारियों के तबादले

**रांची :** चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में डीजीपी के आदेश दिए जाने के बाद डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित अधिसूचना रविवार को जारी कर दी। इस आदेश के तहत जिन पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। उसमें 53 सब इंस्पेक्टर, एक मेजर और दस इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी शामिल हैं। झारखंड समेत चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के निकट होने का संकेत देते हुए चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया है कि आयोग की नीति है कि चुनाव वाले राज्य, केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव के संचालन से सीधे जुड़े अधिकारियों को उनके गृह जिलों या उन स्थानों पर तैनात नहीं किया जाता है, जहां वह एक लंबे समय से तैनात हैं। इसलिए चुनावों से सीधे जुड़े किसी भी अधिकारी को वर्तमान जिले में बने रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# हेमन्त सोरेन ने बोआरीजोर में लगभग 187 करोड़ 15 लाख रुपये की 151 योजनाओं का गोड्डा वासियों को दिया तोहफा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गोड्डा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है। हम आपकी भावनाओं से भली-भांति वाकिफ हैं। यही वजह है कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, गरीब और किसानों-मजदूरों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ आगे बड़ रही है। मुख्यमंत्री रविवार को गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड के राजाभीठा में विकास योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम विपरीत पतिस्थितियों के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि यहां की महिलाएं काफी मेहनतकश हैं। वे घर- परिवार भी चलाती हैं और आमदनी के लिए काम भी करती हैं। ऐसे में हमारी सरकार राज्य की महिलाओं एवं बहन-बेटियों के लिए पहले से ही कई योजनाएं चला रही हैं। इसी क्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना नाम से एक और ऐतिहासिक कड़ी आज से जुड़ रही है। इस योजना के तहत महिलाओं और बहन-बेटियों को हर वर्ष 12 हजार रुपये सम्मान राशि मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बच्चियां पैसे के अभाव में पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई किशोरी समृद्धि योजना के तहत 40 हड़ार रुपये दिया जा रहा है। इस योजना के अब तक 9 लाख से ज्यादा बच्चियां जोड़ी जा चुकी हैं। वहीं, 50 वर्ष से अधिक की महिलाओं को भी पेंशन योजना का लाभ दे रहे हैं ।




मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याण के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। पिछले साड़े वर्षों में अनेकों ऐसी योजनाएं लेकर आए, जिससे जुड़कर यहां के लोग सशक्त बन रहे हैं। अब ऐसी ही कई और जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को शुरू करने की कार्य योजना तैयार हो रही है। ये नई योजनाएं इस राज्य की दशा और दिशा बदलने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगी। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अपने संसाधनों को बड़ा रहे हैं।

### हर चेहरे पर मुस्कान लाने का कर रहे काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। सरकार की अनेकों योजनाएं हैं, जिससे जुड़कर लोग स्वावलंबी बन रहे हैं। हमारी सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना लागू कर सभी बुजुर्गों, एकल महिलाओं और दिव्यांगों को आर्थिक सुरक्षा कवच दे रही है । वहीं, किसानों के दो लाख रुपए तक का लोन माफ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार के इच्छुक नौजवानों को को 25 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे खुद के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकें।

बड़े पैमाने पर खाली पड़े पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। इसके साथ सभी श्रेणी के सरकारी कर्मियों के हित में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। सरकारी कर्मियों को बुढ़ापे की लाठी के रूप में पुरानी पेंशन योजना दी गयी है। अनुबंध पर काम करने वालों कर्मचारियों की सेवा शर्तों में सुधार के साथ मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका जैसे अन्य कर्मियों को सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सरकार के निर्णयों से राज्य भर में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है।

### झारखंड को हमेशा हाशिये पर रखा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने से पहले और अलग राज्य बनने के बाद भी हमेशा हाशिये पर रहा। नीति-निर्धारकों द्वारा इस राज्य और यहां की गरीब जनता की सुध नहीं ली गयी। यही वजह है कि विकास के मामले में झारखंड पिछड़ता रहा लेकिन हमारी सरकार के गठन के बाद से राज्य को विकास की दहलीड़ पर ले जाने और यहां की जनता के उत्थान के लिए लगातार निर्णायक फैसले ले रही है। वह दिन दूर नहीं जब झारखंड अग्रणी राज्यों की श्रेणी में गिना जाएगा।

### कई विकास योजनाओं का मिला तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगभग 187 करोड़ 15 लाख रुपए की 151 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें 58 करोड़ 62 लाख रुपये की 73 योजनाओं का उद्घाटन एवं 128 करोड़ 53 लाख रुपये की 78 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस विशेष मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य की बहन-बेटियों को झारखंड मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि प्रदान कर रक्षा बंधन की सौगात दी।

## झारखंड छात्र परिषद युवा दस्ता ने रोजगार को लेकर की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड छात्र परिषद , युवा दस्ता एवं अन्य युवा संगठनों के प्रतिनिधि मंडल की महत्वपूर्ण बैठक युवाओं के हक और रोजगार के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा , झारखंड प्रदेश के द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली का समर्थन किया गया। बैठक में मुख्यरूप से युवा दस्ता सह झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे ।

बैठक की अध्यक्षता पीयूष आनंद ने की एवं संचालन राकेश सिंह ने किया । बैठक में ध्यानवाद ज्ञापन नवनीत पांडेय के द्वारा दिया गया ।बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा मोर्चा के द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली में विभिन्न युवा संगठन अपने सैकड़ो सदस्यों के साथ में रैली में शामिल होगी एवं युवाओ की हक की लड़ाई में युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश का बढ़ चढ कर साथ देंगे ।

मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता सहित अन्य संगठनों के द्वारा पिछले कई वर्षों से युवा के समस्याओं एवं रोजगार के लिए लड़ाई लड़ते रहा है ।श्री मिश्रा ने कहा कि संगठनों के द्वारा निर्णय लिया गया है कि भारी से भारी संख्या में संस्था के सदस्य एवं पदाधिकारी रैली में शामिल होंगे। बैठक में राहुल सिन्हा चंकी , अमित मिश्रा छोटू , ज्योति शंकर साहू , राजीव सिंह , राहुल सिंह राठौड़ , इंदर सिंह , अविनाश आनंद , सोनू पटवा , साहिल कुमार , सुमित साहू , करन नायक सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे ।

## महिला पुलिस के बेटे को हुआ लीवर इन्फेक्शन, मिली डेढ़ लाख रुपये की सहायता राशि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** खूंटी जिला के पुलिस विभाग में तैनात स.अ.नि महिला पुलिस शारदा देवी के पुत्र शुभम कुमार का लीवर में इनफेक्शन होने के कारण कोठारी अस्पताल कोलकता में ईलाजरत है। प्रांतीय महामंत्री मो महताब आलम प्रांतीय संयुक्त सचिव रंजन कुमार एवं आईटीएस के सचिव श्रीकांत शर्मा पुलिस मुख्यालय पहुंच कर पुलिस उप-महानिरीक्षक- कार्मिक सह-बजट मो नौशाद आलम को इसकी जानकारी दी। उप-महानिरीक्षक- कार्मिक सह-बजट ने बिना विलंब किए तुरंत उक्त स.अ.नि के पुत्र के इलाज के लिए 150000 ( डेढ़ लाख ) की



सहायता राशि दी गई और डीआईजी कार्मिक के द्वारा आश्वासन दिया गया कि और भी इलाज में खर्चा आएगा, तो उसे सहायता राशि दिया जाएगा। इस कार्य के लिए पूरी प्रांतीय टीम डीआईजी कार्मिक को दिल से आभार व्यक्त करती है।

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बढ़ रहा है भ्रष्टाचार : रवि पीटर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** उलगुलान मोर्चा रांची जिला सचिव पारस साहू के नेतृत्व में अरगोड़ा डूंगरी टोली भट्टगड्डा के रोड नंबर 5 में कई महीनो से सड़क निर्माण अनियमिता का विरोध जताया जा रहा है, उन्होंने कहा कि जनता द्वारा भी किया जा रहा है, लेकिन अब जनता को डराने धमकाने और जबरदस्ती सड़क निर्माण कराने की बातें सामने आ रही है जिसकी जांच होनी चाहिए। बताया जा रहा है कि संवेदक द्वारा इस तरह के शहर का कई इलाकों में सड़क एवं नाली का निर्माण भ्रष्टाचार रांची डीडीसी के संरक्षण में हो रहा है ऐसी भी बातें सामने आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोई भी सड़क निर्माण निर्धारित की हुई बजट का अनुरूप खर्च नहीं किया जा रहा है। जिसका परिणाम सड़क 2 महीना के अंदर टूट जाती है , या वर्षा के पानी से बह जाती है।

रांची के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक मिलकर खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं जो जांच के बाद हुई पता चलेगा। जनता एवं जनता के नेतृत्व जब विरोध किया जाता है तो पुलिस से झूठा मुकदमा करने को डराया धमकाया जाता है, यदि विभागीय मंत्री इस भ्रष्टाचारियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं करते हैं तो मोर्चा सड़क उतरेगी नहीं तो संवेदक को बंधक बनाया जाएगा।

## राजीव गांधी की जयंती पर सभी जिलों में सद्भावना यात्रा निकालेगी कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के 80 वीं जयंती पर सभी जिला अध्यक्षों को जिला मुख्यालयों में सद्भावना यात्रा आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव के सी वेणुगोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने यह निर्देश दिया है। इस संबंध में रविवार को जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि



स्वर्गीय राजीव गांधी ने राष्ट्रहित के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए उसकी गतिशीलता बरकरार रखी थी। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, सामाजिक समरसता, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान,पंचायती राज के सुदृढ़ीकरण, युवाओं के विकास के लिए अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा था। उन्होंने बताया कि जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि स्वर्गीय राजीव गांधी के आदर्शों और आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को जनता के बीच सद्भावना यात्रा के माध्यम से प्रचारित प्रसारित करेंगे। साथ ही सद्भावना यात्रा में सभी जिला अध्यक्ष अपने जिला अंतर्गत आने वाले सांसद, विधायक एवं संगठन के सभी स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

## मंत्री संजय सेठ ने अल्बर्ट एक्का चौक पर होने वाले कृष्ण जन्मोत्सव के मंच निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सान्निध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 26 तथा 27 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाना है। इसके लिए रविवार को मेन रोड स्थित आयोजन स्थल पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के लिए बन रहे नाट्य व झांकी प्रतियोगिता के लिए मंच तैयार होगा। इसे बनाने के पूर्व भूमि पूजन का कार्य रविवार को समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व सांसद अजय मारू के अलावा अध्यक्ष मुकेश काबरा द्वारा आचार्य की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि प्रथम दिन 26 अगस्त को शाम चार बजे से धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों के द्वारा भाव नृत्य प्रस्तुति होगी। कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण के भावपूर्ण नृत्य प्रदर्शन के साथ प्रस्तुति रखी जायेगी। श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया है.। मुकेश ने कहा कि दो ग्रुप में प्रतियोगिता का कार्य सम्पन्न होगा। प्रथम ग्रुप में छह महीने से लेकर छह वर्ष तक के बच्चे बच्चियां एवं दूसरे ग्रुप में सात वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चे-बच्चियां भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को प्रथम, द्वितीय पुरस्कार के अलावा सभी बच्चों के बीच सांत्वना पुरस्कार का भी वितरण किया जायेगा। भगवान के भव्य स्वरूप की अलौकिक झांकी का विधिवत उद्घाटन सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संस्था के अध्यक्ष सचिव सहित अतिविशिष्ट व्यक्तियों के द्वारा किया जाएगा। 27 अगस्त को संध्या चार बजे दही-हांडी फोटो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य मंचन का



आयोजन रखा गया है। मीडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार ने गोविंदाओं की टीम व बाल गोपाल झांकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को 25 अगस्त के पूर्व मेन रोड, केडिया साईकिल व स्टेशन रोड पतंजलि में सतीश सिंहा से फॉर्म लेकर रजिस्ट्रेशन करा लेने का आग्रह किया है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम को लेकर प्रशासन अलर्ट : डीएसपी प्रकाश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और चेहल्लुम को लेकर अनवर आर्केड रांची में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय ने कहा की 26 अगस्त को चेहल्लुम और श्री कृष्ण जन्माष्टमी एक साथ हो रहा है। रांची शहर हमेशा भाईचारे का एक मिसाल रहा है, चेहल्लुम पूरे भाईचारा और निर्धारित समय के अनुसार धूमधाम से बनाया जाएगा और रांची जिला प्रशासन पूरी तरह से शिया समुदाय के चेहल्लुम के दिन मातमी जुलूस मे प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। वही यह भी बताया गया कि अगर कोई बेवजह जुलूस अखाड़ा के साथ निकलता है उसके पास लाइसेंस नहीं है तो उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, हिन्द पीढ़ी थाना प्रभारी सुनील कुमार कुशवाहा, जय सिंह यादव,सागर कुमार,साहेब अली, अकील उर रहमान, नसर इमाम, सरफराज अहमद उर्फ सुड्डु,नेहाल हुसैन, अमजद ईरानी, मौलाना बाकर रजा दानिश,सैयद एहतेशाम अब्बास समेत कई लोग मौजूद थे।

## डॉ अरुण कुमार को राजद का चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया

**रांची :** डॉ अरुण कुमार को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष,संतोष प्रसाद को दस्तकार प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष और प्रणव कुमार बबलू को प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का महासचिव मनोनीत किया गया है इस संबंध में रविवार को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने निर्देश दिया कि अति शीघ्र अपने अपने प्रकोष्ठ का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूची उपलब्ध कराए ।

## एकदिवसीय 37 वां मरहूम अब्दुल सत्तर मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मजार मैदान डोरंडा में 37 वा मरहूम अब्दुल सत्तार मेमोरियल वनडे फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन झारखण्ड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली और अयूब अली समाजसेवी ने संयुक्त रूप से किया. अयूब अली ने बताया कि आज की युवा खेल से दूर रह कर मोबाइल जैसी इलेक्ट्रॉनिक खेल पर अपना पूरा दिन बिता देते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। स्वस्थ रहने के लिए फुटबॉल,



क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, बॉलीवॉल मैदान में खेलना चाहिए, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है।आबिद अली नें कहा की सभी टीमें अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं. कई खिलाड़ियों में बेहतरीन स्किल्स भी देखने को मिली हैं. टूर्नामेंट का आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चे ज्यादा से ज्यादा फील्ड में आकर समय बिताएं और अपने जिले और शहर का नाम का नाम बढाए. सभी खिलाडी खेलों में बेहतर करते हुए रांची और झारखण्ड का नाम रोशन करें. इस टूर्नामेंट में कुल आठ टीमे हिस्सा ली । टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मे गद्दी एफसी डोरंडा रेड और गद्दी बॉयज के बीच खेला गया । गद्दी एफसी रेड नें फाइनल मुकाबला 3- 0 से गद्दी बॉयज को हराकर जीता. टूर्नामेंट के मैन ऑफ द सीरीज मोहम्मद दानिश और मैन ऑफ द मैच अरबाज हुए विजेता और विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर शहर के अलग-अलग पंचायत और संस्थाओं के लोगों को सम्मानित भी किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि आबिद अली,अयूब अली, अजहरुद्दीन आलम नौशाद अरशद जमील, अयूब गद्य को रशीद मोहम्मद आफताब आलम अनीस गद्दी, सहबाज अहमद, हाजी फिरोज समेत कई लोग मौजूद थे।

## शहर के अलावा रिंग रोड के प्रवेश द्वार पर भी सीसीटीवी कैमरे की है जरूरत

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के सुझाव पर रांची जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों के चौक, चौराहे, रेस्टोरेंट, अपार्टमेंट , शराब दुकान , होटल ,पेट्रोल पंप , बैंक, एटीएम,घर,गली,मुहल्ला सहित ऐसे अन्य जगहों को चिन्हित किया गया है , जहां पर अपराधिक घटनाएं होती है, या होने की संभावनाएं बनी रहती है। ऐसी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव पर मुहर लग गई है। इस पर रांची जिला एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने हामी भर दी है और इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी निर्देश संबंधित निजी संचालक को जैसे पेट्रोल पंप , रेस्टोरेंट , अपार्टमेंट , होटल, शराब दुकानें आदि चलाने वाली निजी क्षेत्रों से जुड़े लोग हैं वे अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरा लगाना है। जहां कैमरा लगा हुआ है, उसकी क्वालिटी क्या है , यह सब का भी निर्देश दिया गया है , कि कमरे का क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। कैमरा पूरा जगह को कवर करें, जहां तक करना है वहां तक स्पष्ट रुप से चेहरा, गाड़ी का नजर आनी चाहिए।

**ग्रामीण क्षेत्रों के रिंग रोड में भी होनी चाहिए सीसीटीवी कैमरा :**




रांची शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने का शुरुआत बहुत पहले से ही चल रहा है । बहुत जगह पर लगाया भी गया है। भले इसके क्वालिटी कमजोर हो, लेकिन अब फिर से नए सिरे से इस पर जोर दिया गया। जब अपराधी अपराध की घटना को अंजाम देते हैं और भागते हैं तो वे मुख्यता रिंग रोड और ग्रामीण क्षेत्र की ओर भागने का ही प्रयास करते हैं। ऐसे रिंग रोड या ऐसे मुख्य मार्ग जो आवागमन प्रवेश और निषेध का रास्ता हो, इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरा होना आवश्यक है।

**ग्रामीण एसपी ने कहा :** इस संबंध में ग्रामीण एसपी रांची सुमित अग्रवाल ने बताया कि यह बहुत अच्छा प्लानिंग है। रिंग रोड और शहर से बाहर निकलने और गांव से शहर के अंदर प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगाने से हर तरह की अपराध पर अंकुश लग सकता है।

**पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा :** रांची जोन के पुलिस उप महानिरीक्षकअनूप बिरथरे ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं जहां नहीं लगे हैं वैसे जगहों को चिन्हित करके वहां पर रांची वरीय पुलिस अधीक्षक, एसडीएम ने भी सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए निजी संचालकों से कहा है। लेकिन जहां तक आपने बताया कि रिंग रोड में सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं, यह बहुत इंपॉर्टेंट है, अपराधी इन्हीं सब रास्ते का लाभ उठाकर भागते हैं । इसमें मैं ग्रामीण एसपी से बात करता हूं और रिंग रोड के सभी इंट्री प्वाइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय और राज्य सरकार को भी एक प्रस्ताव बनाकर भेजता हूं , ताकि इस पर अविलंब जो है हाई क्वालिटी का कैमरा लगाया जा सके।

## कांग्रेस प्रदेश के सभी प्रवक्ता और सोशल मीडिया चेयरमैन पूर्व की तरह कार्यरत रहेंगें

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय प्रभारी, मीडिया प्रभारी,चेयरमैन सहित सभी प्रवक्ता और सोशल मीडिया चेयरमैन एवं सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर पूर्व की भांति कार्यरत रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस संबंध में निर्देश दिए है। इस संबंध में रविवार को प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन और सरकार द्वारा जनमुद्दों को लेकर किए गए कार्यों को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाना है। ताकि झारखंड में कांग्रेस के सिद्धांतों के अनुसार किए गए कार्यों से जनता परिचित हो सके। महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए कार्यों को विभिन्न संवाद माध्यमों से भाजपा द्वारा अपना बताने की कोशिश की जाती है, जिससे जनता भ्रमित होती है। इसलिए आवश्यक है की जनकल्याण के किए गए कार्यों को मीडिया के माध्यम से लगातार जनता के समक्ष रखा जाए और उन्हें किसी प्रकार के छलावे मे फंसने से बचाया जाए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## इटकी के नौजवानो ने कैंडल मार्च निकाला



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोलकाता के मेडिकल कॉलेज के महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के विरोध में इटकी नौजवानो के द्वारा रविवार को कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च इटकी बाजार, गुलजार रोड, मौसीबाड़ी से होते हुए तीरविंधा चौक पहुंची, जहां दो मिनट का मौन रखकर पीड़िता की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कैंडल मार्च में लोगों ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। विरोध मार्च में दर्जनों नौजवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मेडिकल कैंप में निशुल्क दवा का हुआ वितरण



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आनंद मार्ग प्रचारक संघ व बाबा हॉस्पिटल ओल्ड एज होम के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्णिम संध्या ओल्डएज होम सेमरा (इटकी) प्रांगण में मेडिकल कैंप में निशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें 557 लोगों की जांच कर निशुल्क दवा दी गई। इस मौके पर श्री श्री आनंदमूर्ति जी के नाम पर बाबा नाम केवलम 6 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया। 75 वर्षीय प्रसिद्ध महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर करुणा शाहदेव के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों द्वारा रोगियों का जांच कर दवा भी दी गई। चिकित्सा शिविर में सीबीसी, बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन किडनी आंख सहित अन्य जांच कर परामश दिया गया है। चिकित्सकों में डॉ करुणा शाहदेव, डॉ प्रेम कुमार, डॉ आशुतोष देव, डॉ आनंद रंजन, डॉ पीके मिश्रा, डॉ जयंत, डॉ तपस्सी, डॉ प्रिय भारती, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ प्रकाश कुमार, डॉ जयप्रकाश, रिम्स के प्रोफेसर डॉ एस तेतरवे सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। इस मौके पर मेडिकल कैम्प में आनेवाले गरीब, वृद्ध वृद्धाओं ,के बीच साड़ी, धोती, छाता , चना, मूंग और सोयाबीन बरी का भी वितरण लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बसंत शाही के द्वारा वितरण किया गया। मौके पर डॉ करुणा शाहदेव ने मन्त्र आत्म मोक्षात्म जगत हित्यच का श्लोगन पढ़कर कहा छह घंटे बाबा नाम केवलम हस्ताक्षणि सिद्ध मन्त्र जाप , कीर्तन से वातावरण की शुद्धि, मन शुद्ध और पवित्र होता है। उन्होंने स्वर्णिम संध्या ओल्डएज होम खोलने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते कहा इस ओल्डएज होम में तीन कैटेगरी में बांटा गया। वैसे वृद्ध वृद्धाओं को लिया जायगा 1. जिसके पास धन है पर जन नही। 2. धन थोड़ा है परंतु जन नही। 3. जिसके पास न धन है और न जन है। मौके पर पंचम महतो, चंद्रकांत महतो, विन्दे भगत , सचिन राहुल सहित अन्य कई लोगों ने सहयोग किया।

## महादानी कांवरिया संघ के श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर में रविवार को महादानी कांवरिया संघ के सौकड़ो श्रद्धालुओ ने महादानी बाबा में जलाभिषेक किया। भंडरा, टेंगरिया व जरिया गांव के ग्रामीणो द्वारा महादानी कांवरिया संघ के अगुवाई भंडरा नदी से जल उठा गंगा जल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा रमेश महतो, मुकेश महतो, रामप्रसाद गोप, रोहित महतो, कृष्णा बैठा, मनोज साहु व नंदू महतो के अगुवाई में बाजा गाजा के साथ भगवान भोले शंकर की जयकारा करते पैदल कांवर यात्रा निकाली। पद यात्रा केशा मोड़, केसीबी कॉलेज,देवी मंडप, बाजार टाड,महाबीर चौक होते महादानी मंदिर पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने महादानी बाबा को जलाभिषेक किया। वही कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालूओ के लिये दुर्गा मंदिर निर्माण समिति के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

## महिला डॉक्टर की हत्या पर रालोजपा ने दुःख व्यक्त किया

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या मामले पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कोलकाता में महिला डॉक्टर की मौत पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी गहरा दुःख व्यक्त करती है। इस घटना की कड़ी निंदा करती है। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने घटना को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेवार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जो घटना घटी, उसे ममता बनर्जी रोकने में पूरी तरह से नाकाम रही। ममता बनर्जी की सरकार और प्रशासन पूरी तरह से नाकाम रहा। एक महिला मुख्यमंत्री के रहते हुए एक महिला डॉक्टर को मौत का घाट उतारा गया। इस तरह के घृणित घटना को वहां पर अंजाम दिया गया। इसके बाद सबूत को मिटाने के लिए आधी रात के बाद जिस तरीके से हजारों की संख्या में असामाजिक तत्व घुसें। जिस तरीके से तोड़फोड़ किया गया, यह अपने आप में दर्शाता है कि कोई तो है जो किसी को बचाना चाहता है।

## लीड ग्रुप ने एक नया अध्ययन जारी किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भारत के अग्रणी स्कूल एडटेक, लीड ग्रुप ने एक नया अध्ययन, 'द पल्स ऑफ स्कूल लीडर्स सर्वे' जारी किया है, जो भारत में स्कूली शिक्षा की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करता है। इसके महत्वपूर्ण निष्कर्षों में से एक यह है कि जो स्कूल अपने छात्रों को मल्टीमॉडल शिक्षा प्रदान करते हैं, वे खुद को उन स्कूलों से बेहतर मानते हैं जो केवल पाठ्यपुस्तकों जैसे पारंपरिक रूपों का उपयोग करते हैं। राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण 500 से अधिक निजी स्कूलों की रेटिंग पर आधारित था, जिसमें लगभग 1.7 लाख छात्र शामिल थे। स्कूलों को चार महत्वपूर्ण छात्र सीखने के परिणामों - वैचारिक समझ, आत्मविश्वास, अंग्रेजी बोलना और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता पर खुद को रेट करने के लिए कहा गया था। जबकि अधिकांश स्कूलों ने खुद को वैचारिक समझ और समग्र गुणवत्ता पर उच्च दर्जा दिया, छात्रों के आत्मविश्वास के स्तर और अंग्रेजी बोलने के कौशल में अंतर थे।

# एसीसी कॉलोनी में कई जगहों पर कचरे का ढेर, बढ़ा मच्छरों का प्रकोप



### कीटनाशक का नहीं हुआ छिड़काव

स्थानीय लोगों ने बताया कि एसीसी कॉलोनियों समेत बुकबुका के अन्य नालियां की सफाई नहीं होने के कारण बजबजाती नालियां से बदबू उठने लगी है। कीटनाशक दवाई का छिड़काव भी कई वर्षों से नहीं हो रहा है। मच्छरों के हमला से लोगों के रात की नींद हराम हो गया है। गंदगी से पट चुकी नालियों से मच्छरों का जन्म हो रहा है। उठती गंदगी और मच्छरों के प्रकोप के चलते लोगों में मच्छरजनित बीमारियों की आशंका बनी हुई है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** बुकबुका पंचायत के एसीसी कॉलोनी समेत पूरे इलाकों में गंदगी से पटा है। एसीसी कॉलोनी की नाली सफाई के अभाव में बजबजा रहा है। जिसके कारण इनदिनों मच्छरों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है। मच्छर का प्रकोप ज्यादा बढ़ने का कारण प्री-मानसून भी है। क्योंकि मानसून में जर्जर सड़कों पर जहां-तहां बारिश का पानी की जलजमाव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। वहीं कॉलोनी में बजबजाती नाली, कचरा का ढेर, बरसाती घास और झाड़ियां से घिरा सड़क से लोग परेशान है। गंदगी की वजह से मच्छरों का हमला रात-दिन जारी है। सड़क पर जल जमाव तथा बजबजाती नाली के चलते इन दिनों मच्छरों का आतंक ज्यादा बढ़ा हुआ है। मच्छरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि लोगों का नींद तक हराम हो गया हैं। लोगों को बीमार होने का डर सताने लगा है। मच्छरों का आतंक बढ़ने का दूसरा कारण घास एवं झाड़ियां भी है। इसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा कई बार प्रखंड कार्यालय में शिकायत की गई है, परतुं शिकायत के बावजूद नालियां और झाड़ियों की सफाई नहीं किए जाने से लोगों में रोष व्याप्त है।

# मंईयां सम्मान योजना के छूटे हुए योग्य लाभुकों का फार्म दो दिनों के भीतर इंट्री कराएं : बीडीओ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के छूटे हुए लाभुकों का फार्म दो दिनों के भीतर इंट्री कराया जाएगा। इस आशय की दिशा निर्देश खलारी बीडीओ संतोष कुमार ने कर्मियों को दिया है। इसे लेकर खलारी प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार एवं अंचल अधिकारिक प्रणव अम्बष्ट की अध्यक्षता में बैठक की गई। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी सेविका, पंचायत सेवक व सुपरवाइजर को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की संख्या बढ़ाने एवं ससमय संबंधित फार्म के निस्तार हेतु निर्देश दिया। उन्हें निर्देश दिया गया कि जितने भी छूटे हुए योग्य लाभुक हैं, उनका फार्म दो दिनों के भीतर जमा कराकर ऑनलाइन इन्ट्री कराया जाए। पंचायत सचिवों को निर्देश दिया गया कि इन्ट्री के उपरांत तुरंत बीडीओ के लॉगिन में भेजें। बताया कि उनके और कंप्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से प्रपत्र जांच कर स्वीकृत किया जाएगा। बैठक में आंगनबाड़ी सेविकाओं की अन्य समस्याओं यथा आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति और उनकी पानी की समस्या आदि के बारे में भी जानकारी ली गयी और हल करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया। जो सेविका बीएलओ के रूप में थी उन्हें जल्द से जल्द फार्म को निस्तार करने हेतु और फार्म लाने का निर्देश दिया गया है।

# गणेश पूजा मनाने को लेकर कमेटी का हुआ गठन



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: श्रीगणेश पूजा महोत्सव नवयुवक संघ पहाड़ी मंदिर खलारी की बैठक रमण सिंह बंटी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूजा के सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में मुख्य संरक्षक राजन सिंह राजा, संरक्षक संतोष सिंह, अध्यक्ष रमण सिंह बंटी, उपाध्यक्ष विनोद साहु, महावीर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष मोनु महतो, विशाल सिंह, सचिव राजु प्रसाद सोनी, छोटु सिंह, कोषाध्यक्ष अर्जुन एक्का, अमन यादव, उपकोषाध्यक्ष गुडडु गुप्ता, मिडिया प्रभारी अर्जुन एक्का, कार्यकर्ताओं में शंकर महतो, बीजु रजक, विशाल सिंह, मोनु महतो, अमन यादव, अजित कुमार सिंह, गणेश लोहरा, मनीष लोहरा, विकास केशरी, प्रेम केशरी, रमेश गिरि, सुजल कुमार सिंह एवं सोनु लोहरा को बनाया गया।

# हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में राखी, पेंटिंग व मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** नारो स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में मेहंदी मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता पेंटिंग और राखी बनाने पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग नर्सरी से लेकर 5 के बच्चों ने ड्राइंग कंपटीशन में भाग लिया और वर्ग 6 से लेकर लेकर दसवीं तक के बच्चों ने मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता और राखी बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया सभी बच्चों ने एक से एक राखी पेंटिंग तथा मेहंदी लगाई इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी तथा विद्यालय के निदेशक आलोक विपिन टोप्पो सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षाएं महावीर उरांव, लक्ष्मी कुमारी, नूतन टोप्पो, शालिनी तिर्की,पुनीत खलखो,परिणिता तिर्की, पिंकी टोप्पो,जेवियर एक्का, दहरू टोप्पो, मरियम तिग्गा, मनीषा खाखा रजनी किस्पोट्टा ने अहम भूमिका निभाई

# चेहल्लुम पर निर्धारित मार्गों से ही निकले ताजिया व अखाड़ा : डीएसपी कोतवाली
# समय का पालन किया जाएगा : सैयद फराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चेहल्लुम व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर अनवर आर्केड रांची में शांति समिति की बैठक हुई. मौके पर बोलते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने कहा की 26 अगस्त को चेहल्लुम और श्री कृष्ण जन्माष्टमी एक साथ हो रहा है. रांची शहर हमेशा भाईचारे का एक मिसाल रहा है, चेहल्लुम पूरे भाईचारा और निर्धारित समय के अनुसार धूमधाम से बनाया जाएगा और रांची जिला प्रशासन पूरी तरह से शिया समुदाय के चेहल्लुम के दिन मातमी जुलूस मे प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा.

इस मौके पर बोलते हुए जय सिंह यादव ने कहा कि मोहम्मद के नवासे का त्योहार चेहल्लुम और कृष्ण भगवान का जन्मदिन जन्माष्टमी एक दिन हो रहा है यही है एकता और भाईचारे की पहचान. सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के महासचिव अकील उर रहमान ने इस मौके पर कहा कि एक हाथ में कुरान रखेंगे दूसरे में गीता होगा, शंख बजेगा भाई चारा का. सय्यद फराज ने कहा कि यह मीटिंग हर साल होते आया है हमने अपनी सारी समस्याओं को प्रशासन के सामने रखी है प्रशासन ने कहा है कि आपकी सारी समस्याओं को दूर किया जायेगा. इस मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय,लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, हिन्द पीढ़ी थाना प्रभारी सुनील कुमार कुशवाहा, जय सिंह यादव,सागर कुमार,साहेब अली, अकील उर रहमान, नसर इमाम, सरफराज अहमद उर्फ सुड्डु,नेहाल हुसैन, अमजद ईरानी, मौलाना बाकर रजा दानिश,सैयद एहतेशाम अब्बास समेत कई लोग मौजूद थे.

## नरेश साहू को भाजपा ने बनाया ओबीसी मोर्चा के रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष



**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नरेश साहू को भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशानुसार भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने नरेश साहू को जिला अध्यक्ष मनोनित किया है। अमरदीप यादव ने बताया कि नरेश साहू ने पूरे रांची ग्रामीण जिला में अच्छा काम किया है। इन्होंने रांची ग्रामीण जिला के सभी 18 प्रखंडों और 31 मंडलों में ओबीसी मोर्चा का विस्तार सुचारू रूप से करते हुए पार्टी के कार्यों का सफल सम्पादन किया।इनके कार्यों के देखते हुए भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा इन्हें रांची ग्रामीण जिला का कमान सौंपा गया है।इनके मनोनयन से पूरे ग्रामीण क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। नरेश साहू के मनोनयन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ,राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल,कांके विधायक समरी लाल,भाजपा जिला प्रभारी बिनोद सिंह,भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार,प्रीतम साहू,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह भाजपा नेता सत्यदेव मुंडा उमेश बड़ाईक बुधराम बेदिया सुनील महतो रामसाय मुंडा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

## तमाड़ के डुमरा गांव के खेत में बज्रपात की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के उलीडीह पंचायत अंतर्गत डुमरा गांव में बज्रपात की चपेट में आकर 58 वर्षीय बुजुर्ग बुधू मुंडा की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के संबंध में मृतक की इकलौती बेटी अमूल्या कुमारी ने बताया कि उसके पिता बुधु मुंडा घर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित खेत हल जोतने के लिए गए हुए थे ठीक उसी दौरान अचानक बिजली कड़की और बुधु मुंडा उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।बेटी अमूल्या बताती है कि घर की स्थिति काफी दयनीय है और घर में उसके अलावे सिर्फ मां लूधू देवी है घर में कमाने वाला और कोई दुसरा व्यक्ति नहीं है ऐसे में इस विकट परिस्थिति में घर कैसे चलेगा इसको लेकर हम दोनों मां बेटी को चिंता सताए जा रहा है इसलिए स्थानीय सांसद और विधायक से आग्रह करते हैं की उनकी परिस्थिति को देखते हुए साहायता करें साथ प्रशासन से मुआवजे की मांग करते हैं।मृतक परिवार एक खपरैल के घर में रहता है और पारिवारिक पृष्ठभूमि काफी कमजोर है।इधर घटना की सूचना प्राप्त होने पर तमाड़ पुलिस डुमरा गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई है।आज शाम घिरने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा सका है कल सुबह शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए रिम्स रांची भेजा जाएगा।

## खूंटी प्रेस क्लब ने दी वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि




**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खूंटी प्रेस क्लब के ततवावधान में रविवार को खूंटी क्लब में शोकसभा का आयोजन कर खूंटी के वरिष्ठ पत्रकार और खूंटी प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद जिले के सभी पत्रकारों के लिए प्रेरणाश्रोत थे। खूंटी के लोग उन्हें उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए हमेशा याद करेंगे। पत्रकार अनिल मिश्र ने कहा कि स्व राजेंद्र प्रसाद एक बेबाक और निर्भीक पत्रकार थे। राजेंद्र प्रसाद पत्रकार के साथ ही एक सुलझे हुए टिप्पणीकार थे। डॉ नीरज मिश्रा ने राजेंद्र प्रसाद के साथ गुजारे क्षणों को याद करते हुए कहा कि सच्चाई कें लिए किसी से भी लोहा लेने की कुवत राजेंद्र प्रसाद में थी। वे पत्रकार कें साथ ही विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े हुए थे। साथ ही गायत्री परिवार के तपोनिष्ठ साधक थे। पत्रकार अजीत जयसवाल ने वरिष्ठ समाजसेवी बताया ज्योतिष भगत ने कहा कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए राजेंद्र प्रसाद ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। अपनी निष्पक्ष पत्रकारिता के लए राजेंद प्रसाद हमेशा याद किये जायेगे। किशोर कुमार गौझू ने कहा कि वे हमेशा लोगों के लिए प्रेरणाश्रोत बने रहेगे। वे खूंटी में पत्रकारिता कें आधार स्तंभ थे। उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब के सचिव कुमार सौरभ ने किया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अरूण चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी, सतीश शर्मा, चंदन कुमार, गुंजन सहित कई पत्रकार और शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

**BEFORE THE NOTARY PUBLIC, DHANBAD.**
**AFFIDAVIT**

I, Md. Ashique Quraishi, S/o Md. Alimuddin Quraishi, aged about 45 years, by faith Muslim, occupation Welder, Resident of Quraishi Muhalla, Wasseypur, P. O. Dhanbad, P. S. Bank more, Dist. Dhanbad - 826001, Jharkhand do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows : 1. That, I was taking my passport to got a photo copies on 15 August 2024, wide passport No. is U3506157, Date of issue : 28.10.2020. 2. That, I was going to Bank more from my home on 15 August 2024 at 8 P.M., I lost my passport some where on the way. 3. That, I am swearing this affidavit to produce to the passport authority and Bank more police station for getting a new passport for needful.

**MD. ASHIQUE QURAISHIS**
**DEPONENT**

S. No. / Date : 16 / 17-08-24.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जावा का नया येज्दी मोटरसाइकिल जावा 42 लॉन्च



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जावा येज़्दी मोटरसाइकल ने जावा 42 का अपडेटेड मॉडल भारत में लॉन्च कर दिया है। नई जावा 42 की कीमत 1,72,942 लाख रुपये से शुरू होती है और 1,98,142 रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) तक जाती है। यह पुराने मॉडल से 16,200 रुपये सस्ती है। इसका मुकाबला रॉयल एनफील्ड हंटर 350, होंडा सीबी350आरएस और टीवीएस रोनिन जैसे 300-350सीसी रोडस्टर बाइक से है। इस नई बाइक में कई तरह के मकैनिकल व कॉस्मेटिक बदलाव किए गए हैं। इस बाइक को 297.7सीसी वाले लिक्विड-कूल्ड इंजन के साथ ही पेश किया गया है, जिसमें कुछ बदलाव किए गए हैं। इस इंजन को जे-पैंथर कहा जाता है, जो 27बीएचपी का पावर जनरेट करता है। इसे छह-स्पीड वाले गियरबॉक्स के साथ जोड़ा गया है। साथ ही इसमें स्लिप-क्लच मौजूद है। ब्रैंड का दावा है कि इस इंजन का लो-एंड परफ़ॉर्मेंस और टॉर्क काफ़ी अच्छा है।

## महिंद्रा ने लॉन्च की शानदार एसयूवी थार रॉक्स



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने थार रॉक्स ङ्क बेहतरीन एसयूवी पेश की है, जो देश में पारंपरिक मानदंडों को तोड़ने और एसयूवी परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार है। थार रॉक्स 12.99 लाख की शुरुआती कीमत के साथ, महिंद्रा की बोल्डनेस और गैर-परंपरागत जज़्बे का प्रतीक है।महिंद्रा के नए एमङ्गलाइड प्लेटफॉर्म पर निर्मित, थार रॉक्स बेहतरीन हैंडलिंग और बेहतरीन डायनेमिक्स के साथ बेहतरीन सवारी का अनुभव प्रदान करती है। थार रॉक्स का विभिन्न किस्म के और ऊंचाइयों कठिनतम परिस्थितियों वाले इलाकों में कठोर परीक्षण किया गया है, जिसमें +50ए सेंटीग्रेड वाले थार रेगिस्तान के तपते रेत के टीले, उमलिंग ला की ऊंचाई, कुर्ग के मुश्किल कीचड़ भरे और काज़ा का -20एसेंटीग्रेड की ठंढे इलाके शामिल है।

## चाय पे चर्चा ग्रुप ने विजय गोंड को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोलमुरी स्थित चाय पे चर्चा ग्रुप के केंद्रीय कार्यालय में आज भाजपा नेता विजय गोंड और काजू शांडिल्य को सम्मानित किया गया, ज्ञात हो की भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री शिवशंकर उरांव ने कल अपनी प्रदेश की टीम की घोषणा की जिसमे जमशेदपुर महानगर के भाजपा नेता विजय गोंड को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया और जमशेदपुर महानगर के भाजपा नेता काजू शांडिल्य को सह कोषाअध्यक्ष बनाया गया। चाय पे चर्चा ग्रुप के सभी सदस्यों ने अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार , गोलमुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय,चाय के चर्चा ग्रुप के केंद्रीय अध्यक्ष नौशाद खान, कुमार अभिषेक , अशोक सामंत , इकबाल खान, प्रबीन चटर्जी राणा, दीपक मुखर्जी, साकेत कुमार , दीपक सिंह, रवि, संजीत, मुमताज, पंकज शर्मा, नरेंद्र सिंह पिंटू, विकाश, दीपक सन्त्री रॉय, इत्यादि काफी संख्या में चाय पी चर्चा ग्रुप के सदस्य मौजूद थे ।

## अंकिता सिन्हा चेसायर होम में दिव्यांगो संग केक कटिंग कर जन्मदिन मनाई और बांटी खुशियाँ




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर की कवयित्री एवं लेखिका अंकिता सिन्हा ने सुन्दरनगर स्थित चेसायर होम में जाकर अपना जन्मदिन दिव्यांगों के साथ मनाई। इस अवसर पर अंकिता सिन्हा ने दिव्यांगों के साथ केक कटिंग कर खुशियाँ मनाई। दिव्यांगों को अपने हाथों से केक खिलाई और फल बांटी। इससे पहले चेसायर होम की सिस्टरों और दिव्यांगों ने अंकिता सिन्हा के जन्मदिन पर प्राथना किया और खूब आशीर्वाद दिया। अंकिता ने काफ़ी देर तक दिव्यांगों के साथ रही और सेल्फी ली। इस अवसर पर अंकिता ने बहुत ही सुन्दर तरीके से माँ और बेटी पर कविता सुनाई और दिव्यांगों ने खूब तालियां बजाकर खुशी का इजहार किया। गौरतलब है की कवयित्री अंकिता सिन्हा हर साल अपना जन्मदिन सुंदरनगर के चेसायर होम में दिव्यांगों के बीच केक कटिंग कर खुशियाँ बाँटती है। सबसे पहले सिस्टर ने अंकिता को बुके देकर स्वागत और अभिनन्दन किया।

## आनंद मार्ग ने पटमदा के हाड़ीयाडीह में 150 महिलाओं में बांटे साड़ी



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से रविवार को पटमदा प्रखंड के कांकीडीह टोला हड़ियाडीह में 150 महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया। आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने बताया कि साड़ी वितरण के पश्चात गांव के महिलाओं को भक्ति भाव के विषय में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि अभी खेती का समय है। सुबह खेत में जाने के पहले कम से कम 5 मिनट हरि का कीर्तन करके अपने काम पर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कीर्तन एक उच्चतम और श्रेष्ठतम भावनात्मक अभ्यास है जो हमें अशांति, तनाव और चिंता से मुक्ति दिलाता है। मौके पर योगेश देव, जय नारायण देव, सुनील आनंद व भोला देव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## भूमि सुधार राजस्व उप निरीक्षक संघ की पुरानी कमेटी भंग, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में झारखंड राज्य भूमि सुधार राजस्व उप निरीक्षक संघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कार्यकारिणी कमेटी का गठन किया गया। संघ के संयोजक विनय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 52 उप निरीक्षक हैं जो संघ के सदस्य भी हैं। पूर्व की कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री सेवानिवृत होने के कारण नए कमेटी का गठन किया गया है। नई कमेटी में सर्वसम्मति से राजेश्वर पंडित को अध्यक्ष, सोमचांद टुडू व मनभोला तिवारी को उपाध्यक्ष, सुनील महतो को मंत्री, गुरुदेव सिंह मुंडा व सत्येंद्र प्रसाद को संयुक्त मंत्री, मुरारी महतो को कोषाध्यक्ष, प्रकाश हेम्ब्रम को सह कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह को संयोजक तथा विनोद कुमार ओझा को सम्मानित संयोजक के रूप में चयन किया गया।

## पटमदा- बोड़ाम के 197 बच्चों ने दी ज्योति फेलोशिप की परीक्षा



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में रविवार को टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से ज्योति फेलोशिप परीक्षा ली गई। इसमें कक्षा 7वीं के पटमदा व बोड़ाम प्रखंड कुल 197 बच्चों ने परीक्षा दी जबकि 14 बच्चे अनुपस्थित रहे। डेढ़ माह पूर्व कुल 211 बच्चों ने फार्म भरा था।परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। यह परीक्षा हर वर्ष टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से आयोजित की जाती है जिसमें 7वीं में पढ़ाई कर रहे अनूसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चे इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

# चोगाटांड़ गांव में एक गर्भवती हथिनी की मौत, पेट से निकला मृत शिशु

♦ वर्ष 2000 से अब तक करीब डेढ़ सौ से भी अधिक विभिन्न घटनाओं से हाथीयों की हो चुकी मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम टोला चोगाटांड़ गांव में एक गर्भवती मादा हाथी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। पोस्टमार्टम दौरान मृत शिशु भी पेट से निकाला गया। रविवार की सुबह एक मृत मादा हाथी की मृत्यु की सुचना मिलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग अगरबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना करते भी देखे गए। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सुचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा, चिकित्सा पदाधिकारी डा हरेलाल महतो, थाना के एएसआई मनिंदर सिंह मौके पर पहुंचे व मृत हाथी का मुआयना किया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा हरेलाल महतो व टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। मृत हाथी के पेट से नवजात शिशु मृत अवस्था में निकाला गया।पोस्टमार्टम के बाद जेसीबी मशीन से वहीं पर गढ्ढा खोदकर दफनाया गया। वन कर्मियों का हड़ताल के चलते वन विभाग के वन कर्मी नदारद रहे । क्षेत्रीय वन रक्षी कैलाश महतो अपने स्वविवेक से जरूर पहुंचे व मृत हाथनी का मुआयना कर आला अधिकारियों को सुचित किया। वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी मैनेजर मिर्धा ने कहा कि हाथनी का उम्र करीब 15 से 20 वर्ष है। हालांकि मृत्यु का कारण बताने में असमर्थता जाहिर किया। वर्ष 2000 से अब तक करीब डेढ़ सौ से भी अधिक विभिन्न घटनाओं से हाथीयों की मौत हो चुकी है। हाथीयों का मौत की सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य और केंद्र सरकार भी इस दिशा में आज तक कोई साकारात्मक पहल नही किया है, जिससे हाथियों का विभिन्न कारणों से हो रहा मृत्यु दर को कम किया जा सके।

## अब ट्रेन की वातानुकूलित कोच में यात्रियों को मिलनेवाला बेडरोल सफेद नहीं, रंगीन होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अब ट्रेन की वातानुकूलित कोच में यात्रियों को मिलनेवाला बेडरोल सफेद नहीं बल्कि रंगीन होगा। नॉर्दर्न रेलवे द्वारा नई दिल्ली रांची राजधानी ट्रेन में इसकी शुरुआत कर दी गई है। ट्रेन में सफेद की जगह अब लिनेन का कम्बल और चादर जिसकी क्वालिटी बहुत अच्छी है, यात्रियों को मिल रही है। बताते चलें कि तत्कालीन राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने इसकी मांग नियमित रूप से की थी। आग्रह किया गया था कि वातानुकूलित कोच में यात्रियों को उपलब्ध कराई जानेवाली सफेद रंग के बेडरोल को गहरे रंग में बदल दिया जाय। इससे चादर अपेक्षाकृत स्वच्छ नजर आएंगे। इस मामले में पूर्व सांसद ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात की थी, जिसमे रेलमंत्री ने कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया था। इस मांग के पूर्ण होने पर पूर्व राज्यसभा सांसद ने रेलमंत्री के प्रति आभार जताया। यह कहा कि सफेद की जगह रंगीन बेडरोल मिलने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि धीरे-धीरे यह सुविधा पूरे देश भर में शुरू की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रंगीन बेडरोल के लिए पूरे देश मे रेलवे की गाइडलाइन आने वाली है। उक्त जानकारी साउथ ईस्टर्न रेलवे के जोनल मेंबर अरुण जोशी ने दी है।

## अरविंद सिंह ने नदिसाई के ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग की पूरी, ग्रामीणों में खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के नदिसाई के वर्षो पुरानी मांग रविवार को पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने पूरी की। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। दरअसल पिछले कई वर्षो से गंभीर पेय जल संकट से जूझ रहे नदीसाई के ग्रामीण इस समस्या से छुटकारा पाने के लिये विभाग व जनप्रतिनिधियों से लगातार गुहार लगाकर थक चुके थे, लेकिन उन्होंने सुधि नहीं ली। अंततः ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह के पास लोग पहुंचे और जलसंकट के समाधान की मांग की। चापाकल का उद्घाटन रविवार को पूर्व विधायक के भजीते अंकुर सिंह ने नारियल फोड़कर और अगरबत्ती जलाकर किया। नदिसाई गांव के गौतम कुंभकार ने कहा कि गांव के लोग पहले स्थानीय विधायक के पास भी समस्या को लेकर गए थे।

## रोटरी क्लब का नि:शुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** रविवार को रोटरी क्लब जमशेदपुर वेस्ट द्धारा बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन पार्वती घाट समिति के सहयोग से किया गया, जिसमें 77 लोगों ने स्वास्थ्य और 44 लोगों ने नेत्र जांच कराया। साथ ही शिविर में कैंसर और थैलेसीमिया से बचाव के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। रोटरी क्लब ने मुफ्त में दवाइयों का वितरण भी किया। स्वास्थ्य जांच के लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित मुखर्जी, जनरल फिजिशियन डॉ. अजय और नर्स दुलारी ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, सामान्य शारीरिक जांच और वजन की जांच की गई। नेत्र जांच में पूर्णिमा नेत्रालय की टीम ने सहयोग किया। सात लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनमें से तीन को आज ही पूर्णिमा नेत्रालय तमोलिया अस्पताल भेजा गया और बाकी चार को उनकी सुविधा अनुसार एक-दो दिन बाद ले जाया जाएगा। वहां पर मुफ्त में मोतियाबिंद का ऑपरेशन होगा। पूर्णिमा नेत्रालय से विपिन (संयोजक), डॉ. ईश्वरी राव और मौसमी चंद उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी, दीप्ति सिंह, दीपक पंचमिया, संजीव सहगल, राकेश कुमार चौधरी, अनुपमा सहगल, डॉ. रविंद्र कुमार, कमल गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवाल, अनिल धंधानिया, राधिका, विद्या तिवारी, कमलेश तिवारी और ऋषि चंद्रानी ने सक्रिय भागीदारी की। पार्वती घाट समिति की ओर से डी. भट्ट, राममूर्ति, जिग्नेश वशानी और दीपक पंचमिया ने सहयोग दिया।

## मानगो में सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मानगो में सात दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. मन वेलफेयर मिशन व एपीजे कलाम हाई स्कूल की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता के पहले दिन छोटे बच्चों के लिए स्वतंत्रता सेनानियों से संबंधित क्विज कंपीटिशन का आयोजन हुआ. वहीं, मानगो में इंटर बस्ती फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ. इसमें अमन एकादश की टीम विजेता और सहारा एकादश उपविजेता रहा. मोइन प्लेयर ऑफ द मैच बने. विजेताओं को समाजसेवी सह आयोजन समिति के सचिव डॉ अफरोज शकील ने पुरस्कृत किया. मौके पर मो ताहिर हुसैन, शाहिद अख्तर, सोनू व अन्य लोग मौजूद थे.

## कांग्रेस झामुमो की सरकार ने महिलाओं और मजदूरों का बढ़ाया मान : डॉ. अजय कुमार

▶ न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि, मईंया सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस का वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड की इंडिया गठबंधन सरकार ने किसानों, मजदूरों,महिलाओं और युवाओं का मान सम्मान बढ़ाने के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की. जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है. उन्होंने कहा कि 2014 से 2019 तक भाजपा का शासन काल में मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि नहीं की गई. लेकिन हेंमत सरकार ने न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि कर मजदूरों को राहत पहुंचाने का काम किया. जहां 2014 से 2019 तक कुशल मजदूरों की मजदूरी 486.84 थी. हेमंत सरकार ने इसको बढ़ाकर 700 रुपये कर दिया. मजदूरी बढ़ने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है. हेमंत सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत करने के उद्देश्य मईया सम्मान योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना की घोषणा की शुरुआत की गई है. इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की प्रत्येक महिला को प्रति माह एक हजार रुपया दिया जाएगा. पहली किश्त 19 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर दिया जाना है. वहीं इंडिया गठबंधन सरकार द्वारा झारखंड के लोगों को प्रति माह 200 यूनिट बिजली फ्री दिया जा रहा है. जिससे आम लोगों को काफी राहत महसूस कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों को राहत पहुंचान के लिए किसानों के दो लाख तक के ऋृण माफ किया गया है. वहीं किसानों को कम कीमत पर बीज और खाद उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए है. ताकि किसानों को समय पर बीज और खाद उपलब्ध हो सके. डॉ. अजय ने कहा कि बेरोजगारी देश की सबसे बड़ी समस्या है. हेमंत सरकार द्वारा लगातार युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है. अक्टूबर माह तक 25 हजार से ज्यादा विभिन्न पदों को नियुक्ति की जाएगी. वहीं आठवीं से 12वीं कक्षा तक की छात्राओं को 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है. झारखंड की सरकार ने उच्च शिक्षा के लिए झारखंड के युवाओं को सरकार द्वारा झारखंड गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना 2024 की शरुआत की गई है. इसके तहत युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए चार प्रतिशत के समान्य व्याज दर से 15 लाख रुपये तक एजूकेशन लोन दिया जाएगा. यह योजना देश के किसी भी राज्य में उच्च शिक्षण संस्थान के लिए मान्य होगा.

## विशेष बच्चियों से पप्पू सरदार ने बंधवाई राखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन समाजसेवी पप्पू सरदार ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदरनगर स्थित चेशायर होम में जाकर वहां रहने वाली विशेष बच्चियों एवं सिस्टरों से राखी बंधवाई। साथ ही माधुरी की माताजी स्नेह लता के नाम पर आम का एक पौधा लगाया। पप्पू सरदार ने भाई होने के नाते सभी का मुँह मीठा करवाकर उपहार दिया। इस दौरान पप्पू सरदार ने कहा की जो स्नेह ओर प्रेम उन्हें यहाँ पहूंचकर मिलता है वो कहीं और नहीं मिलता, इन स्पेशल बच्चों को सभी त्योहारों मे खुशी दें पाए यही उनकी इच्छा रहती है, ताकि ये कभी अपने आप को अकेला महसूस नहीं करें। पप्पू सरदार ने कहा कि मुझे यहां आकर इन बहनों के साथ राखी बंधवाने का आनंद ही कुछ और है। यहां पर कई बहनों ने मुझे राखी बांधी है। मेरे दोनों हाथ राखी से भर गए हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि इतने बहनों ने मुझे राखी बांधी है। मुझे माधुरी दीक्षित ने भी राखी बांधी है। चेशायर होम की सिस्टर डेसी ने कहा कि हमें बेहद खुशी है की पप्पू सरदार ने आकर यहां राखी बनवाई और पेड़ लगाई। पेड़ माधुरी दीक्षित के माता के नाम पर उन्होंने लगाई है। यह पेड़ हम लोगों के लिए एक सहारा है। उन्होंने कहा कि यहां के विशेष बच्चे पप्पू सरदार का हर त्योहार पर इंतजार करते हैं।

## स्व राजीव गाँधी के 80वॉ जयन्ती पर जिला कांग्रेस 20 अगस्त को निकालेगी सद्भावना यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के तत्वावधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी जी 80वॉ जयन्ती के अवसर पर सद्भावना यात्रा कार्यक्रम का आयोजन 20 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस के संगठन प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री बलजीत सिंह बेदी शामिल होंगे। सद्भावना यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वृहत पैमाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखण्ड पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेवादल कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी विभाग, अनुसूचित जाति विभाग, पंचायती राज विभाग, किसान विभाग, एआईपीसी, किसान विभाग, स्वास्थ्य विभाग कांग्रेस, 20-सूत्रीय एवं 15-सुत्रीय सदस्य, क्रिडा विभाग, विधि विभाग, इंटक, पंचायत अध्यक्ष, बुथ अध्यक्ष तथा कार्यकर्त्ताओं को आमंत्रित किया गया है। सद्भावना यात्रा कार्यक्रम का अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे करेंगे एवं सभी का स्वागत प्रखण्ड अध्यक्ष व मण्डल अध्यक्ष करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन 20 अगस्त 2024 को सुबह 10:30 बजे से बर्मामाइन्स डनलप मैदान से शुभारंभ हो कर कैरेज कॉलोनी, चुना भट्ठा, नवजीवन आश्रम, लक्ष्मीनगर, प्रेम नगर, बजरंगी बगान, आजाद बस्ती, जेम्को, महानन्द बस्ती, बर्मामाइन्स बस्ती में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर यात्रा सभा में तब्दील हो जाएगी।

## संजीवन पॉली क्लीनिक के वर्षगांठ पर 282 लोगों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** संजीवन पॉली क्लीनिक की पहली वर्षगांठ के मौके पर रविवार को पटमदा के बेलटांड़ स्थित क्लीनिक परिसर में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ आलम अस्पताल रांची के डॉ. प्रवीर सिंह मुंडा ने 17 कैंसर मरीजों की जांच की। साथ ही उपस्थित लोगों को उन्होंने कैंसर के प्रति जागरूक किया। कहा कि समय पर इलाज कर कैंसर जैसी बीमारी को हराया जा सकता है। सीआईपी कांके, रांची के मानसिक एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश हेम्ब्रम ने 40 मरीजों की जांच की। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बानीपद सिंह ने 83 मरीजों की जांच की। जनरल फिजीशियन डॉ. सौरभ मल्लिक ने 60 मरीजों की जांच की। नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. दशरथ सिंह मुंडा ने 82 मरीजों की जांच की। इस अवसर पर संजीवन पॉली क्लीनिक के संचालक रामपद सिंह ने कहा कि लोगों को न्यूनतम संसाधन पर बेहतर इलाज उपलब्ध हो सके एवं लोग गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक हो सके, यही हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर प्रबंधक कमल सिंह, विमल दास, भगीरथ सिंह, रंजीत महतो, वेदनी महतो, विपीन महतो, विकास सिंह, सुनील कुमार, जनक सिह, अजीत सिंह व श्रावण सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## जगन्नाथपुर में सात दिवसीय जन्माष्टमी पूजा सह श्री कृष्ण जन्मोत्सव 26 अगस्त से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला प्रखंड अंतर्गत जगन्नाथपुर स्थित रांगाटांड में क्षेत्रीय गौड़ समाज के तत्वाधान में 26 अगस्त से सात दिवसीय जन्माष्टमी पूजा सह श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्रीय गौड़ समाज के पदाधिकारियों ने बताया जगन्नाथपुर में पिछले दस वर्षो से भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल बनाकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी आयोजन समिति ने जन्माष्टमी पूजा के लिए भव्य पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। पंडाल में भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के साथ देव सभा भी बनाया जाएगा। देव सभा में दर्जनों मूर्तियों के साथ श्री कृष्ण के बाल रुप के साथ रास लीला व कई कॉमेडी थीम को दिखाया जाएगा, 26 अगस्त सोमवार को शाम 6 बजे पूजा पंडाल का उद्घाटन होगा इसके पश्चात मध्यरात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोपरांत भगवान की पूजा अर्चना होगी। मेला का शुभारंभ 27 अगस्त को होगा, इस दिन समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। दही हांडी प्रतियोगिता 28 अगस्त को किया जाएगा। मेला में मुख्य रुप से ड्रेगन झूला, इलेक्ट्रिक झूला,नाव, डिस्को झूला समेत मनोरंजन के सभी साधन व आकर्षक कॉस्मेटिक की दुकानें लगायी जाएगी। क्षेत्रीय गौड़ समाज के अध्यक्ष नीलसेन प्रधान,सचिव नागेश्वर प्रधान,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान,कृष्ण कुमार प्रधान,प्रवक्ता उमाकांत प्रधान, देवीदत्त प्रधान, जगन्नाथ प्रधान, विष्णु प्रधान, हेमसागर प्रधान व पंचम प्रधान समेत समस्त समाज के लोगों का सराहनीय योगदान है।

संपादकीय

## राहुल का नया चक्रव्यूह

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था। आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि छह हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया। कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है। राहुल गांधी का फोकस पिछड़े, दलित, आदिवासी पर ज्यादा है। उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी, देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने 'हिंसक' करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 फीसदी ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की 'हलवा सेरेमनी' में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है, जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 फीसदी है। सिर्फ 2-3 फीसदी लोग ही 'हलवा' बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 फीसदी आबादी को 'हलवा' नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो देश में बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं। शायद राहुल गांधी को यह याद नहीं रहा कि बजट से जुड़ा 'राजनीतिक हलवा' तो बीते 70 सालों से अधिक समय से बांटा जा रहा है। इस दौरान सर्वाधिक सरकारें कांग्रेस की रही हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2011 की जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई गई थी। उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कर्नाटक में जब सिद्धारमैया पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने जातीय जनगणना कराई थी। आज भी वह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन जातीय जनगणना के आंकड़े आज तक भी जारी नहीं किए गए। कांग्रेस या राहुल गांधी स्पष्ट कर सकते हैं कि उनके जातिवाद का यथार्थ क्या है? राहुल गांधी ने यह भी दावा किया है कि जो मध्यवर्ग प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का समर्थक था, आज वह 'इंडिया' की तरफ आ रहा है, क्योंकि मध्यवर्ग की पीठ और छाती में छुरा घोंपा गया है। बहरहाल हमारा सरोकार राहुल के चक्रव्यूह से है कि उसके मायने क्या हैं।

> आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि छह हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं।

### बच्चों को मोबाइल मिलने की वजह से वे ऑनलाइन गेमिंग के आदि हो गए और मानसिक तौर पर बीमार होने लगे हैं

## डिजिटल डिटाक्स आज के समय की जरूरत !

सुनील कुमार महला

> सच तो यह है कि आज के समय में जब हम संचार क्रांति के युग में सांस ले रहे हैं, तब घंटों ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रही है। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद से बच्चों को मोबाइल यूज करने की ज्यादा लत लग गयी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि कोरोना महामारी (कोविड-19) के दौरान हुए लॉकडाउन की वजह से बच्चों की कोचिंग व स्कूल की ऑनलाइन क्लासेज लगने लगी और बच्चों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन या टैबलेट या कंप्यूटर देना माता पिता और अभिभावकों के लिए मजबूरी बन गया था।

**स्कूली** बच्चों में विडियो गेम्स की लत स्वयं बच्चों के लिए व उनके परिवार के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो रही है। सच तो यह है कि आज के समय में जब हम संचार क्रांति के युग में सांस ले रहे हैं, तब घंटों ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रही है। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद से बच्चों को मोबाइल यूज करने की ज्यादा लत लग गयी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि कोरोना महामारी (कोविड-19) के दौरान हुए लॉकडाउन की वजह से बच्चों की कोचिंग व स्कूल की ऑनलाइन क्लासेज लगने लगी और बच्चों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन या टैबलेट या कंप्यूटर देना माता पिता और अभिभावकों के लिए मजबूरी बन गया था। बच्चों को मोबाइल मिलने की वजह से वे ऑनलाइन गेमिंग के आदि हो गए और मानसिक तौर पर बीमार होने लगे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ज्यादा समय तक ऑनलाइन गेम खेलने वाले बच्चों के व्यवहार में उग्रता आ जाती है, जिसके बाद उनमें तनाव बढ़ने लगता है। कुछ मामलों में उनको दौरे तक भी पड़ने लगते हैं। आज मोबाइल गेम्स के चक्कर में बच्चे अभिभावकों का कहना तक नहीं मानते हैं, क्यों कि आनलाइन गेम्स उन्हें आनंद व खुशी की अनुभूति प्रदान करते हैं। मोबाइल छीनने पर वे उग्र, कभी कभी तो हिंसक भी हो जाते हैं। आनलाइन गेम्स खेलने से बच्चे जहां एक ओर पढ़ाई से दूर होने लगे हैं वहीं पर दूसरी ओर इससे उनकी आंखों, दिमाग पर भी प्रभाव पड़ता है। वास्तव में ऑनलाइन गेम्स खेलने के कारण बच्चों की आंखों की रौशनी कम होना, मोटापा, स्लीपिंग डसिऑर्डर, डिप्रिशन, अग्रेसिवनेस, एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। बहरहाल, यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो एक सर्वे के मुताबिक, भारत के 40 प्रतिशत अभिभावकों ने माना था कि उनके बच्चे सोशल मीडिया इस्तेमाल करने, वीडियोज देखने और ऑनलाइन गेम खेलने के आदि हैं। इन बच्चों की उम्र 9 साल से 17 साल के बीच है। इस सर्वे में शामिल 49 प्रतिशत अभिभावक मानते हैं कि उनके 9 साल से 13 साल के आयुवर्ग के बच्चे रोजाना 3 घंटे से ज्यादा समय इंटरनेट पर बिताते हैं। वहीं, 47 प्रतिशत अभिभावकों का मानना था कि उनके बच्चे को ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियोज देखने की बुरी लत लग गई है। सर्वे में भाग लेने वाले 62 प्रतिशत




अभिभावकों का मानना है कि उनके 13 साल से 17 साल के बच्चे प्रतिदिन 3 घंटे से ज्यादा समय स्मार्टफोन पर बिताते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे जिले से एक बहुत ही चौंकाने व दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक पन्द्रह वर्षीय बालक ने एक बहुमंजिला इमारत की चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि नाबालिग ने कथित तौर पर ब्लूव्हेल चैलेंज गेम की लत के चलते यह खतरनाक कदम उठाया है। मीडिया के हवाले से खबर आई है कि जिस बच्चे ने चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी वह ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक लड़का पढ़ाई में बेहद अच्छा था और हाल ही में उसने अच्छे अंकों के साथ 9 वीं कक्षा पास की थी। पिछले कुछ महीनों से उसे ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने की लत लग गई थी। आज इंटरनेट व आनलाइन का जमाना है। बच्चे आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है और वे इन आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर ऐसे खतरनाक कदम उठा रहे हैं, जिसके बारे में सोचकर भी किसी का दिल कांप उठता है। दरअसल, आज विभिन्न प्लेटफार्म पर ऐसे आनलाइन गेम्स उपलब्ध हैं और बच्चे इनका आसानी से शिकार बन जाते हैं। वे खेल के मैदानों में न जाकर इंटरनेट के माध्यम से वर्चुअल गेम्स में रचे-बसे रहते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, एंड्रायड फोन ने जहां हमें बहुत सी सुविधाएं प्रदान कीं हैं, वहीं दूसरी ओर इनके बहुत से खतरे भी हैं। आज न तो अभिभावकों के पास अपने बच्चों के लिए समय बचा है और न ही बच्चों के पास अभिभावकों के लिए समय है। जिंदगी की आपाधापी में हम बच्चों को खेल के मैदानों से नहीं जोड़ पा रहे हैं और न ही आज पहले के जमाने की भांति दादी-नानी की कहानियां ही बची हैं। परिवार भी आज संयुक्त नहीं रहे हैं अथवा कम ही परिवार हैं जो संयुक्त बचे हैं और इसका खामियाजा कहीं न कहीं हम सभी को भुगतना पड़ रहा है। एकल परिवार में हम आपसी संवाद कम ही करते हैं और स्वयं में ही व्यस्त रहते हैं। किसी को भी आज देखिए, सब सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम यू-ट्यूब, ट्विटर, गेम्स, इंटरनेट पर भी व्यस्त नजर आते हैं। इस वर्चुअल दुनिया में हम रम-बस से गये हैं और हमें हमारे आसपास के वातावरण तक का भी ध्यान नहीं रहता है कि कहां, क्या और कैसे हो रहा है ? बच्चे अपने में मस्त रहते हैं और हम अभिभावक अपने में। आज हमें यह चाहिए कि हम अपने बच्चों का ध्यान रखें कि वे कब, कहां क्या कर रहे हैं और क्या नहीं। सच तो यह है कि पुणे में हुई घटना की ओर कहीं पर भी पुनरावृत्ति न होने पाएं इसके लिए हमें यह चाहिए कि हम अपने बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचाने के लिए उनके रोज के खेल का समय सीमित करें, हमें यह चाहिए कि हम गेमिंग डिवाइस को सोने से पहले बेडरूम से हटा दें, और बेकार ऐप्स को डिलीट कर दें और बच्चों से स्ट्रेस-फ्री एक्टिविटीज करवाएं। बच्चों को खेल के मैदानों से जोड़ें, उनके साथ समय समय पर संवाद करें, उनकी समस्याओं को जानें, समझें, उन्हें समझाएं, उनकी समस्याओं का मिल बैठकर समाधान करें। आज विभिन्न सेलिब्रिटी, क्रिकेटर, बड़े बड़े अभिनेता, अभिनेत्री, फिल्मी दुनिया के सितारे आनलाइन जुए के विभिन्न एप्स का प्रचार करते नजर आते हैं। भारी भरकर प्रचार से आनलाइन गेम्स की लोकप्रियता लगातार बढ़ती चली जा रही है। आज हमें हर कहीं ऐसे विज्ञापन ज़रूर देखने को मिल जाएंगे जिसमें ये प्रचार किया जाता है, 'घर बैठे लाखों, करोड़ों रुपये कमाएं।' बच्चे इन सबके बारे में समझ नहीं पाते हैं, क्यों कि समयाभाव के कारण हम अभिभावक बच्चों पर पर्याप्त ध्यान नहीं रख पाते हैं और बच्चों को गाइडेंस का अभाव रहता है। यह बहुत ही चिंताजनक है कि आज कम कीमत पर मोबाइल फ़ोन और कनेक्टिविटी मौजूद हैं और इसकी वजह से ऑनलाइन जुए की लोकप्रियता न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में फ़ैल रही है।

दृष्टि कोण

## नेताओं की महिला विरोधी मानसिकता

**हाल** ही में नीतीश कुमार ने महिला विधायक रेखा देवी जी को अपमानित करते हुए यह कह दिया कि 'तुम महिला हो, कुछ नहीं जानती हो।' इससे पहले भी कई बार अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और एक बार तो विधानसभा में ऐसी व्याख्या कर दी जिसमें शर्म को भी शर्म आ गई। मेरा नीतीश जी से यह कहना है कि आप मुख्यमंत्री हैं, ठीक है। आप सरकारें बना सकते हैं, बिगाड़ सकते हैं, दलबदल कर सकते हैं, पर याद रखिए महिलाएं इस देश की राष्ट्रपति हैं। प्रधानमंत्री बन चुकी हैं। सीमा की रक्षा के लिए वीर सैनिक बेटियां राफेल उड़ा रही हैं। प्रशासनिक सेवाओं में और पुलिस सेवाओं में अपनी योग्यता से नाम कमा रही हैं। सीमाओं की रक्षा कुशलता से कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की जज और वकील बनने वाली भी अगर महिलाएं कुछ नहीं जानतीं, तो क्या सब कुछ नीतीश कुमार जानते हैं, क्योंकि वे पुरुष हैं? नीतीश ने विश्व भर की महिलाओं का अपमान किया है। नीतीश सरकारें बना कर गिरा सकते होंगे, पर जो काम इस देश की महिलाओं ने कर दिया है, वह आज तक नहीं कर सके। मुझे लगता है नीतीश कुमार से ज्यादा उन विधायकों का दोष है जो अपने मुख्यमंत्री की अनुचित बातें सुनते, उसके पक्ष के लोग तालियां लगाते और उसका समर्थन करते हैं। नीतीश कुमार दुनिया भर की महिलाओं से माफी मांगें और सबसे पहले उस विधायक से, जिसे महिला होने के कारण यह कह दिया कि महिला हो, कुछ नहीं जानती हो। नीतीश कुमार उस पुरुष प्रधान मानसिकता के शिकार हैं जो हमेशा महिलाओं को नीचा दिखाती है। वह असंवैधानिक भाषा बोलते हैं, फिर भी संविधान की शपथ लेकर मुख्यमंत्री बने हैं। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग खामोश क्यों है? नीतीश को नोटिस भेजकर पेश होने के लिए क्यों नहीं कह दिया? यद्यपि सदियों से ही धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को वह स्थान नहीं मिला जो उनका अधिकार है। स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं ने अतुलनीय साहस का परिचय देते हुए पहले मुगलों के और फिर अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए। बहुत पुरानी बात नहीं, जब नेताजी की सेना में रानी झांसी ब्रिगेड बनी तो उस समय की युवती लक्ष्मी सहगल ने कैप्टन के रूप में आजाद हिंद फौज में ऐतिहासिक वीरता दिखाते हुए काम किया और महिला बल को संगठित किया। रानी झांसी के जौहर कौन नहीं जानता- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। महारानी अहिल्या बाई की वीरता, धीरता और निष्पक्षता का साम्राज्य तथा शत्रुओं से लोहा लेने की गाथाएं देश में, विशेषकर मध्यप्रदेश में घर-घर गूंज रही हैं। मां अहिल्या बाई भी तो भारत के वीरों का कंठहार है। शिवाजी का निर्माण, मानसिक, आत्मिक और बौद्धिक रूप से उन्होंने ही किया। एक वीर पुत्र देश को दिया, जो धर्म के साथ ही देश की बेटियों की भी रक्षा करे, चाहे वह दुश्मन की भी क्यों न हो। असंख्य गाथाएं हैं और खासकर बिहार की वीर बालिकाओं का इतिहास संभवतः नीतीश नहीं जानते, उनको जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेज की गोलियों का भी सामना किया था। असम की कनकलता समेत और पंजाब की दुर्गा भाभी समेत महिलाओं के बुद्धि शौर्य और रण शौर्य की असंख्य गाथाएं हैं, पर अपनी अल्पबुद्धि और सत्ता के बल पर नीतीश ने महिलाओं का घोर अपमान पहले भी किया है और अब भी कर दिया है। नीतीश को बताना होगा कि क्या महिला है, इसलिए कुछ नहीं जानती? यह किस दुष्प्रभाव में कहा? वैसे भी भारत की पुरुष मानसिकता जानते हुए या अनभिज्ञता में महिलाओं का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। देश के किसी भी वर्ग का कोई विरला व्यक्ति ही ऐसा होगा, जो गाली निकालते हुए बेटियों, बहनों का अपमान नहीं करता। बड़े से बड़ा अधिकारी भी, मंत्री भी, सांसद और विधायक भी गाली निकालते हैं। यह सीधा-सीधा महिलाओं का अपमान है। केवल देश की बात नहीं, दुनिया भर में भी चर्चा है कि भारत में लिंग भेद बहुत ज्यादा है। वल्ड इकोनामिक फोरम ने कुछ समय पहले ही ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 पब्लिश की है। इसमें 146 देशों में से भारत जेंडर गैप के मामले में 129वें स्थान पर पहुंच गया है। यह अत्यंत दुखद है। महिलाओं के शैक्षिक और राजनीतिक सशक्तिकरण में भी गिरावट आई है। संसद में महिलाओं की भागीदारी केवल 17.2 प्रतिशत है। यह दुख की बात है कि भारत उन देशों में शामिल है जहां लैंगिक समानता हर क्षेत्र में सबसे कम है। भारत में पुरुष जहां 100 रुपए औसतन कमाते हैं, वहीं महिला 39.8 रुपए कमाती है। हम अपने आसपास के वातावरण में भी देखते हैं कि बहुत सी लड़कियां, जिन्होंने स्कूल के पश्चात आगे शिक्षा प्राप्त नहीं की, उनका यही कहना होता है कि आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण माता-पिता ने पढने से रोक लिया।

कुछ अलग

## फेसबुक पर जूते...

**वे** विशुद्ध वैष्णव शाकाहारी फेसबुकिया टाइप के चराचर निशाचर हैं। इसलिए वे अपने फेसबुक अकाउंट पर जो भी सामग्री फेंकते हैं, सब शुद्ध शाकाहारी होती है। उसमें मांसाहार की तनिक भी खुशबू नहीं होती। वे मांस भक्षण बहुधा बहुत ही चोरी छिपे करते हैं ताकि उनका वैष्णवपना भंग न हो। आप चाहें तो उनके फेसबुक अकाउंट में जितना गहरे तक अपनी नाक घुसा उनकी शुद्ध शाकाहारिता को सूंघ सकते हैं। क्या मजाल जो उसमें आपको कहीं मांस की तरी की बूंद खुशबू आए। वे नाश्ता किए बिना रह सकते हैं, पर नाश्ते के समय अपने फेसबुक अकाउंट पर शुद्ध शाकाहारी नाश्ते की तस्वीर इधर उधर से कट पेस्ट पोस्ट किए बिना कतई नहीं। वे लंच किए बिना रह सकते हैं, पर लंच के समय अपने फेसबुक अकाउंट पर शुद्ध शाकाहारी लंच की तस्वीर इधर उधर से कट पेस्ट कर पोस्ट किए बिना कतई नहीं। वे डिनर किए बिना रह सकते हैं, पर डिनर के समय अपने फेसबुक अकाउंट पर शुद्ध शाकाहारी डिनर की थाली की तस्वीर इधर उधर से कट पेस्ट पोस्ट किए बिना कतई नहीं। वे चाय के बिना रह सकते हैं, पर चाय के समय चाय के कप की तस्वीर अपनी फेसबुक अकाउंट पर इधर उधर से कट पेस्ट पोस्ट किए बिना कतई नहीं। यही माननीय, सम्मानीय शुद्ध शाकाहारी वैष्णव उस वक्त बहुत परेशान लगे। वैसे फेसबुक पर पोस्ट डालने को लेकर वे बहुधा परेशान ही रहते हैं। उन्हें पता ही नहीं लग रहा था कि उस वक्त वे अपने फेसबुक अकाउंट पर अपने मित्रों से शेयर करें तो क्या करें? ऐसी परेशानी में उनका फोन आया, 'और बंधु! क्या कर रहे हो?' 'कुछ खास नहीं! बस वही सब कुछ जो इस वक्त रोज किया करता हूं। कहो, क्यों फोन किया? सब कुशल तो है?' 'हां! बस, एक परेशानी परेशान किए है, समझ नहीं आ रहा इस वक्त ब्रेकफास्ट का फेसबुक पर क्या डालूं? लंच-डिनर का तो फाइनल हो गया है। देखो तो, ब्रेकफास्ट का फेसबुकिया मुहूर्त निकला जा रहा है। इसी को लेकर बहुत परेशान हूं', आह रे! सोने की ईंट पर बैठे कीचड़ में छलांग लगाने को बेताब दोस्त! 'तो नीबू डाल दो!' 'वह ब्रेकफास्ट में नहीं आता।' 'तो मूली डाल दो।' 'वह भी ब्रेकफास्ट में नहीं आती।' 'तो लहसुन डाल दो।' 'वह भी ब्रेकफास्ट में नहीं आता।' 'तो प्याज डाल दो।' 'अरे यार! कुछ तो दिमाग लगाओ जो है तो। ये सब फेसबुकिया तडके में काम आते हैं, ब्रेकफास्ट में नहीं आते', जैसे जैसे मैं उन्हें ये वो फेसबुक पर डालने की मजाकिया सलाह दे रहा था, उससे हर बार साफ लग रहा था कि उनकी खीझ भी बढ़ती जा रही थी। 'तो अब दिमाग में, घर में जो भी कहीं कूड़ा कचरा शेष बचा हो उसमें से कुछ भी डाल दो। तुम जैसे आदरणियों, परमादरणियों को फेसबुक के सिवाय और तो कहीं जगह है नहीं। वैसे भी आज सोशल मीडिया और डस्टबिन में कोई खास फर्क तो रह नहीं गया है दोस्त', मैंने उनसे सच्ची को सच कहा तो उन्हें लगा कि ज्यों मैं उनसे ठिठोली कर रहा होऊं। मेरे साथ बहुधा ऐसा पता नहीं क्या होता है कि जब मैं किसी से ठिठोली कर रहा होता हूं तो उसे लगता है कि मैं उसके साथ सच बोल रहा हूं। तब वो हंसने के बजाय मेरी ठिठोली को गंभीरता से ले लेता है। और जब मैं किसी के साथ सच बोलता हूं तो उसको लगता है कि मैं जैसे उसके साथ ठिठोली कर रहा होऊं। और तब वह मेरे कहे सच को हंसते हुए टाल देता है। अब मुझे समझ नहीं आता कि मुझे किसी से बात करनी हो तो कैसे करूं? 'लो यार! घर से कंबख्त याद आया!'

देश दुनीया से

## देशमुख के ग्राम्य दृष्टिकोण की प्रासंगिकता

> एक सामाजिक कार्यकर्ता जिन्होंने धैर्यपूर्वक काम किया और मध्य भारत के आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में सैकड़ों गांवों को सुधारा और लाखों लोगों को गरीबी से बचाया। वह एक अर्थशास्त्री थे जिन्होंने दुनिया को एक स्वायत्त आर्थिक विकल्प दिया जब दुनिया शोषक पूंजीवाद और हठधर्मी साम्यवाद के बीच धुरवीकृत थी। एक बुद्धिजीवी के रूप में, नानाजी ने भारत में पहला ग्रामीण विश्वविद्यालय शुरू किया। उन्होंने 'मुकदमेबाजी मुक्त गांवों' के माध्यम से संघर्ष-मुक्त समाज का नेतृत्व किया और ग्रामीणों को उनके विकास में भागीदार बनाया। एक राजनीतिक कार्यकर्ता जिसने स्वतंत्र भारत में सबसे बड़े लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों में से एक को तैयार किया, जिसके कारण दो साल की तानाशाही के बाद भारत में लोकतंत्र की बहाली हुई।

**ग्रामीण** विकास व समाज सुधार के क्षेत्र में दिग्गज भारत रत्न नानाजी देशमुख भारत में दूरदर्शी नेतृत्व के प्रतीक हैं। एक सामाजिक कार्यकर्ता जिन्होंने धैर्यपूर्वक काम किया और मध्य भारत के आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में सैकड़ों गांवों को सुधारा और लाखों लोगों को गरीबी से बचाया। वह एक अर्थशास्त्री थे जिन्होंने दुनिया को एक स्वायत्त आर्थिक विकल्प दिया जब दुनिया शोषक पूंजीवाद और हठधर्मी साम्यवाद के बीच धुरवीकृत थी। एक बुद्धिजीवी के रूप में, नानाजी ने भारत में पहला ग्रामीण विश्वविद्यालय शुरू किया। उन्होंने 'मुकदमेबाजी मुक्त गांवों' के माध्यम से संघर्ष-मुक्त समाज का नेतृत्व किया और ग्रामीणों को उनके विकास में भागीदार बनाया। एक राजनीतिक कार्यकर्ता जिसने स्वतंत्र भारत में सबसे बड़े लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों में से एक को तैयार किया, जिसके कारण दो साल की तानाशाही के बाद भारत में लोकतंत्र की बहाली हुई। उनकी तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता और असाधारण संगठन कौशल ने भारतीय राजनीति पर एक अमिट छाप छोड़ी है। समाज के विभिन्न पहलुओं में फैले उनके योगदान ने देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। नानाजी देशमुख के नाम से मशहूर चंडिकादास अमृतराव देशमुख का जन्म 11 अक्टूबर 1916 को महाराष्ट्र के गांव कडोली में हुआ था। लोकमान्य तिलक नानाजी के रोल मॉडल थे। नानाजी देशमुख का परिवार डा. हेडगेवार के निकट संपर्क में था। डा. हेडगेवार ने उन्हें आरएसएस की शाखाओं में जाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रारंभिक वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिक्षाओं ने उनके वैचारिक ढांचे को आकार दिया और उनमें राष्ट्र सेवा की गहन भावना पैदा की। उन्हें प्रचारक के रूप में उत्तर प्रदेश भेजा गया, जहां उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश में संघ की विचारधारा के लिए बहुत मेहनत की। अंततः तीन साल की छोटी अवधि में, उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई, और गोरखपुर और उसके आसपास लगभग 250 संघ शाखाएं दिखाई दीं। 1947 में भारत के विभाजन के दौरान उनके काम, जहां उन्होंने शरणार्थियों के पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इस अनुभव ने सामुदायिक संगठन और आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित किया। 1947 में आरएसएस ने राष्ट्रधर्म, पांचजन्य और स्वदेश नामक समाचार पत्र शुरू करने का फैसला किया। इसके लिए अटल बिहारी वाजपेयी को संपादक, दीनदयाल जी को मार्गदर्शक, और नानाजी को प्रबंध निदेशक बनाया गया। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था क्योंकि प्रकाशन निकालने के लिए संगठन के पास पैसे की कमी थी। फिर भी, उनकी कड़ी मेहनत से इन प्रकाशनों ने लोकप्रियता और मान्यता प्राप्त की। आरएसएस पर प्रतिबंध के बाद पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन ठप हो गया। प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए एक अलग रणनीति अपनाई गई और उन दिनों आरएसएस द्वारा भूमिगत प्रकाशन कार्य के पीछे नानाजी का दिमाग था। जब प्रतिबंध हटा लिया गया और एक राजनीतिक संगठन बनाने का फैसला किया गया, तो जनसंघ अस्तित्व में आया। श्री गुरुजी ने नानाजी को पार्टी सचिव के रूप में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनसंघ का प्रभार लेने के लिए कहा। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे प्रमुख नेताओं के साथ उनके जुड़ाव ने राजनीति और शासन की उनकी समझ को और समृद्ध किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पार्टी के आधार को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, अपने असाधारण संगठनात्मक और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। नानाजी ने विनोबा भावे द्वारा शुरू किए गए भूदान आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। विनोबा के साथ दो महीने बिताकर, वह आंदोलन की सफलता और अपील से प्रेरित थे। जब जय प्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया, तो उन्होंने इस आंदोलन को पूर्ण समर्थन दिया। जब जनता पार्टी का गठन हुआ था, नानाजी इसके मुख्य वास्तुकारों में से एक थे। जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर सत्ता में कदम रखा और नानाजी उत्तर प्रदेश के बलरामपुर संसदीय क्षेत्र से चुने गए। जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उन्हें मंत्री पद की पेशकश की तो उन्होंने विनम्रतापूर्वक मना कर दिया। उनके लिए राजनीति कभी करियर नहीं, बल्कि मिशन थी। उन्होंने जय प्रकाश नारायण की उपस्थिति में राजनीति से संन्यास की घोषणा की और तब से, कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1977 में, वह 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा के आधार पर विकास के एक आत्मनिर्भर मॉडल का एक प्रोटोटाइप बनाने के मिशन के साथ मध्य प्रदेश के एक दूरदराज के गांव चित्रकूट चले गए। पहली बार, एक ऐसा मॉडल आया जो विकास के लिए सरकार की अपेक्षा सिविल सोसाइटी पर निर्भर था। अपनी समस्याओं को हल करने के लिए सरकार की प्रतीक्षा न करें। नानाजी लोगों से कहते थे, 'हमें अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढना होगा।' दीनदयाल अनुसंधान संस्थान के तहत विभिन्न परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन में नानाजी का प्रशासनिक कौशल स्पष्ट था।

आप का नजरीया

## हमारी गूंज भी सुनो

**हिमाचल** सरकार की इच्छाशक्ति का परिचय देती 'मंडे मीटिंग' हमेशा कुछ निष्कर्ष, कुछ परामर्श और कुछ अर्श खोजती है, लेकिन शिमला के कान राज्य को पूरी तरह सुन नहीं पाते। ब्यास नदी में वन विभाग खनन पर उतरेगा, यह एक नीतिगत फैसला है, लेकिन इसी विभाग से संबंधित निगम वर्षों से आश्वस्त करने के बावजूद इमारती लकड़ी की हमारी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहा। हिमाचल के वास्तुशास्त्र में लकड़ी से जुड़ी कई तरह की निर्माण शैलियां विकसित हुईं, मगर अब चाह कर भी उपभोक्ता अपनी जरूरतों की इमारती लकड़ी विभाग से नहीं ले पाता। विभाग वर्षों से पौधारोपण कर रहा है, लेकिन नए दरख्तों का हिसाब नहीं दे पाता। जंगल में पहले जड़ी-बूटियों का एक विस्तृत भंडार था, लेकिन अब ठीक से कुछ बता नहीं पाता। हैरान कर देने वाले हादसों का सीधा अपराध भले ही वन विभाग के पेड़ पर आता हो, लेकिन इसके लिए न उसकी कोई जिम्मेदारी और न ही हर्जाना अदा करने का कोई प्रावधान। पिछले कुछ दिनों से धर्मशाला के एक क्लब से उखड़ कर एक पेड़ कला संग्रहालय के मुख्य गेट पर आने वालों के लिए खतरा बना हुआ है, लेकिन वन संरक्षण के नाम पर विभाग कानों में रुई डाल कर कहीं दूर बैठा है। कुछ महीने पहले इसी शहर में पेड़ ने अपनी ताकत बुलंद करके शहीद स्मारक के एक हिस्से की छत उखाड़ दी। वार म्यूजियम के प्रवेश पर टूटी हुई छत ने एक पूरा पर्यटक सीजन गुजार दिया, लेकिन अब मरम्मत की जिम्मेदारी में पांच लाख की अनुमानित लागत का वारिस वन विभाग नहीं। आखिर यह महकमा इतना खुदगर्ज, संवेदनहीन और लापरवाह कैसे हो सकता है। बहरहाल वन महोत्सव के मनोरंजन में उखड़ते पेड़ों की क्या मजाल जो इन्हें ठिकाने लगाया जाए। अब खनन में वन विभाग के पांव कौनसे घुंघरू पहनकर चलता है, यह देखना होगा। 'मंडे मीटिंग' के पास मंत्रिमंडल की बैठकों से कहीं अधिक शक्ति है और यह अक्सर इसके एक्शन से साबित होता है, लेकिन जब कहीं जोगिंद्रनगर का घातक पीलिया दो लोगों को डस लेता है, तो हंगामा होना चाहिए। सतत प्रयास से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जोगिंद्रनगर की बीएससी नर्सिंग छात्रा का कसूर यह कि उसने सार्वजनिक जल के नल से पानी पीया था। उसके अभिभावकों का यह कसूर कि पीलिया से बिगड़ती हालत से मजबूर वे उसे प्रदेश के अस्पतालों और मेडिकल कालेजों से दूर पीजीआई ले जा रहे थे, तो उसकी मौत हो गई। काश! प्रदेश की जल प्रयोगशालाओं ने पानी का सही और समय पर परीक्षण किया होता। काश! जोगिंद्रनगर से टांडा मेडिकल कालेज तक की औकात पर इतना भरोसा होता कि पीलिया से यह बच्ची बच जाती। सोमवार के दिन नगरोटा बगवां के व्यापारी रोष रैली क्यों निकाल रहे थे, अगर यह गूंज मंडे मीटिंग तक पहुंच जाते तो इनसाफ का रुतबा बढ़ जाएगा। हिमाचल के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट घराने के साथ चौदह करोड़ की ठगी का मामला आए काफी समय गुजर गया, मगर नगरोटा बगवां का ही ठग आराम से पुलिस की पकड़ से दूर है। इस बीच नगरोटा ने कई जश्न मना लिए, सरकारी घोषणाओं के अवसर बता दिए, लेकिन प्रदेश की सबसे बड़ी ठगी का वांछित अपराधी पुलिस की पकड़ में नहीं आया। या तो कांगड़ा में एक और पुलिस जिला बना देना चाहिए, ताकि अपराध के सामने विभाग का भी मनोबल ऊंचा रहे, वरना हर नागरिक को अपने लिए खुद ही सुरक्षा दीवारों का प्रबंध करना होगा।

# महुआडांड़ में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड स्थित रेजिडेंशियल स्टेडियम में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट कमिटी महुआडांड़ द्वारा शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अजीत तिवारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित बरुआ, प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इस्तेखार अहमद, संत जोसफ विद्यालय प्राचार्य फादर दिलीप ने फीता काटकर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिसके बाद फुटबॉल को किक मार कर मैच की शुरुआत की। उद्घाटन मैच मैटी टीम महुआडांड़ बनाम संत जोसेफ टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर संत जोसेफ की टीम ने मैच की शुरुआत की। इस दौरान खेल प्रेमी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते रहे। मंच का संचालन युवा नेता अजीत पाल कुजूर के द्वारा किया गया। कांग्रेस प्रखंड युवा अध्यक्ष ने बताया की कुल 32 टीमें अभी तक रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं जिनके बीच मैच कराया जाएगा। आज के उद्घाटन मैच के बाद और भी टीमों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराने की संभावना है। इस दौरान मुखिया रेनू तिग्गा, रोशनी कुजूर, सुषमा कुजूर, नूरुल अंसारी, संदीप गुप्ता, रामनरेश ठाकुर, बशारत अली समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## कलयुगी पिता ने पुत्री के साथ किया दुष्कर्म




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है,जहां पिता के द्वारा ही अपनी नाबालिग 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया है। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ ईलाज किया जा रहा है। घटना सामने आने पर बालिका का मेडिकल करवाया गया है व आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। बालिका ने पिता पर लगाया कई आरोप, मिली जानकारी के अनुसार 13 साल की पीड़िता की चाची के बयान में पिता की ओर से दुष्कर्म करने की बात कही गई है।बालिका ने पिता पर धमकाने की बात कहते हुए किसी को बताये जाने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।मिली जानकारी के अनुसार पिता नशे का आदी है। कुछ वर्ष पहले नाबालिग की माँ का मृत्यु हो गई थी।नाबालिग घर पर अकेली रहती है। उसने घर में मौका मिलने पर बच्ची के साथ जबदरस्ती की और किसी को न बताने की धमकी देकर पिता ने फिर उसके साथ जबरदस्ती की, और दुष्कर्म किया। सीडब्लूसी ने लिया संज्ञान मिली जानकारी अनुसार इस घटना की जानकारी मिलने पर इस पूरे मामले का सीडब्लूसी ने संज्ञान लिया है।

## धड़ल्ले से चल रही है अवैध बालू की ढुलाई, प्रशासन की दिख रही है नाकामी : नागरिक



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में रात के अंधेरे में बेखौफ होकर बालू तस्कर कर रहे धड़ल्ले से अवैध बालू की ढुलाई। अवैध बालू तस्करों को नहीं किसी प्रकार से एनजीटी की कोई प्रवाह। प्रखंड बरवाडीह पंचायत के सिमरातरी नदी, बकुलिया नदी, भुराही नदी, सिंघानी पंचायत के परसोनिया नदी, नोनगांव पंचायत के तेतरीया नदी, लेम्बोईया नदी, पांचबेहनी नदी, ढाब नदी अलावे कई नदियों से रात के अंधेरे में बालू तस्करों द्वारा अवैध बालू का उठाव कर क्षेत्र से बाहर ले जाकर उंचे दामों में किया जा रहा है बिक्री और प्रखंड में आबुआ आवास बनाने में नहीं मिल रही है बालू ग्रामीण जनता परेशान। सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों सहित पर्यावरण से संबंधित बचाव को लेकर सरकार द्वारा 15 अक्टूबर तक एनजीटी लगाई गई है। लेकिन बालू तस्करों द्वारा इन नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से अवैध बालू की ढुलाई की जा रही हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा कई बार कार्रवाई की जा चुकी है लेकिन पुणः अवैध बालू की ढुलाई की कहर जारी है।

## पश्चिम बंगाल में जंगलराज कायम है, राष्ट्रपति शासन लागू होः रवि डे



**लातेहार( प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजीकर अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या की घटना को निंदा करते हुए झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार कि फेल तंत्र और ऐसा दरिंदगी का जितनी भी निंदा की जाए यह कम होगा। हत्यारे और हत्या में शामिल अपराधियों को अविलंब फांसी की सजा होनी चाहिए। इस जघन्य घटना के बाद अस्पताल परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन कर रहे चिकित्सकों पर बुधवार को रात में हमला और आरजीकर अस्पताल में हजारों उपद्रवियों के द्वारा तोड़फोड़ पश्चिम बंगाल में लचर कानून व्यवस्था का एक ताजा उदाहरण है। चुनाव के पहले, चुनाव के दिन और चुनाव के बाद अब तक हजारों लोगों की हत्या हो चुकी है,भय और आतंक के मारे अबतक हजारों लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। ममता सरकार ने कानून का राज पालन कराने में पूरी तरह से हर मोर्चे पर विफल है। ममता बनर्जी के सरकार में सबसे अधिक भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। उनके दर्जनों मंत्री जेल में हैं। सी.बी आई और ईडी पर जानलेवा हमला इसी राज में हो चुका है।राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल पुलिस पर से आम लोगों का विश्वास बिल्कुल उठ चुका है। किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान, महिला कहीं भी सुरक्षित नहीं है। आरजीकर में घटी इस घटना को लेकर पुरे देश के चिकित्सक हड़ताल पर हैं, उनका हड़ताल भी बिल्कुल जायज है। इस हड़ताल से लाखों मरीज और उनके परिजन परेशान हैं। देश के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री बिना किसी किन्तु परन्तु के अब पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने का पहल करें और पश्चिम बंगाल के केन्द्रीय फोर्स के हवाले करें। ममता सरकार का पुरा कुनबा अब झूठ और फरेब के सरकार को टिकाने में लगा हुआ है। अस्पताल में तोड़फोड़ करने वालों को सख्त से सख्त सजा हो।

## डायवर्सन बहने से कई गांवों का संपर्क टूटा, एकजुट हुए ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत अंबा टोली पंचायत के जरहा टोली एवम गुरगुटोली के बीच पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। वही आने जाने वालों के लिए डाय वर्सन बनाया गया जो पर लगातार बारिश के चलते एवम तेज बहाव से बह गया जिससे लगभग पांच गांव जैसे जरहा टोली, चंपा, विजय नागर एवम अन्य गांव का संपर्क टूटा। इसके कारण सेकडो ग्रामीण एक जुट होकर अपनी मांग में अड़ गय। वही स्कूल के बच्चे, काम करने आने वाले मजदूर, बीमार लोग, एवम अन्य जरूरत से कार्य बाधित हो गई जिससे की ग्रामीण में रोष का माहौल देखा गया। ग्रामीण ने प्रशासनिक अधिकारियों एवम अभिकर्ता से टूटे डाय वर्सन को ढंग से बनाने की मांग करने जिससे आने जाने वाला को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसमें मुख्य रूप कौशल कुजूर, रोशन कुजूर, सकिल, रोहित, रोहन एवम कई स्कूल के शिक्षक थे। इस संबंध में क्या कहते है पंचायत के मुखिया रोशनी कुजूर कहती है सवेंद्क को मैं डाय वर्सन बनाने के लिय बोली हु और अच्छे से कार्य हो जिससे की ग्रामीण को दिक्कत का सामना नही करना पड़े एवम कार्य अच्छे नहीं होने पर लिखित आवेदन वरीय अधिकारी को दूंगी। इस संबंध में क्या कहते है सवेंदक सफरूल खान कहते है बारिश के तेज बहाव के कारण बह गया है मैं डाय वर्सन पांच से छह बार बनवा चुका मैं सुबह आया और फिर से अच्छे ढंग से डाय वर्सन बनाया जायेगा। मैं लोगो की समस्या समझता हुआ।

## 23 अगस्त को रांची में होने वाले युवा आक्रोश रैली की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में महुआडांड़ मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल की अध्यक्षता में मंडल कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक में उपस्थित कार्यक्रम प्रभारी मुकेश पांडे, जिला से आए देवराज सिंह, अमिताभ धीरज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरे कृष्णा सिंह, राकेश दुबे, जिला मंत्री शंभू प्रसाद, युवा जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भुवनेश्वर सिंह के द्वारा पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई। बैठक में आगामी 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारीयों ने कार्यकर्ताओं को इस रैली में शामिल होने एवं अपने बुथ स्तर पर लोगों को आक्रोश रैली से जोड़ने का आह्वान किया।इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री सुनील कुमार जायसवाल, बजरंग दल के संयोजक सूरज साहू, प्रशांत सिंह, चंदन सिंह, रामकुमार जायसवाल, नईम खान, मंडल युवा अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह, आनंद किशोर नाथ शाह, संजय राय, अजय कुमार, सर्वेश कुमार, प्रशांत नाथ शाह समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## माले नेता ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में मनरेगा योजनाओं के सतही सोशल ऑडिट के खिलाफ पुनः सोशल ऑडिट कर लूट में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने एवं अधुरे कार्यों को पूरा करने को लेकर भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम के नेतृत्व में जिला कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को पांच सुत्री मांग का ज्ञापन सौंपा गया है । जहां मांगपत्र के माध्यम से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2021/22/23/24 के मनरेगा योजनाओं का सोशल ऑडिट के नियमों को दरकिनार कर ग्राम पंचायत में बिना प्रचार प्रसार के ही कम जन भागीदारी या कुछ लोगों के मिलीभगत से पंचायत भवन में बैठ कर ही सोशल ऑडिट में खानापूर्ति की गई है। बताया गया कि सोशल ऑडिट में लगभग 25 प्रतिशत योजनाओं का ही सत्यापन किया गया है। प्रखंड की हजारों योजनाओं का सोशल ऑडिट नहीं किया गया और जिन योजनाओं का सत्यापन किया गया उसमें मनरेगा एक्ट के अनुसार भारी गड़बड़ी पाई गई है। वहीं पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में ज्यूरी द्वारा पक्षपात करते हुए दोषियों को नाम मात्र आर्थिक दण्ड देकर मुद्दे को रफा-दफा कर दिया गया है। मांगपत्र के माध्यम से यह भी बताया गया कि बिरसा मुंडा आम बागवानी,मेढ़बंदी , टीसीबी धरातल पर नहीं रहने के एवज कुछ पैसे का आर्थिक दण्ड देकर बगैर रिकवरी कराए मुद्दे को रफा-दफा किया गया । योजनाओं में लाखों रुपए का भुगतान बगैर एमबी, वाउचर, बगैर हस्ताक्षर युक्त एम आर के कर दिया गया है। बताया गया कि सोशल ऑडिट के दरम्यान यह भी पता चलता है कि लाखों रुपए का मजदूरी भुगतान बाकी है । मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी को लेकर आम लोगों द्वारा भारी विरोध भी किया गया पर प्रशासन चुप बैठी रही।जिसे लेकर जिला कमेटी माले ने सवाल बनाया है जो कि योजना अधुरे कार्यों को पूरा कराया जाए, योजना धरातल पर नहीं तो रिकवरी किया जाए, मनरेगा एक्ट के उल्लंघन करने वाले दोषियों पर कार्रवाई किया जाए, लाभुकों के बकाया मजदूरी का तत्काल भुगतान किया जाए शामिल है।

## फरार चल रहे मिथिलेश दांगी के घर में चिपकाया इस्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सिंघानी निवासी मिथिलेश कुमार पिता चंद्र देव दांगी के घर आवैध अफीम तस्करी को लेकर फरार चल रहे पत्थलगड़ा थाना कांड संख्या 12/24 के प्राथमिक अभियुक्त के घर चतरा कोर्ट के निर्देशानुसार ढ़ोल बाजे के साथ इस्तिहार चिपकाया गया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि 0 5/04/2024 को पुलिस अधीक्षक चतरा के गुप्त निर्देश पर आवैध अफीम तस्करी के करने के आरोप में कमलेश कुमार पिता चंद्रदेव दांगी को परसोनिया नदी ललकी माटी से गिरफ्तार किया गया था। जो कमलेश कुमार के निशानदेही पर इसका बड़ा भाई मिथलेश कुमार को आरोपी बनाया गया था जो अभी तक फरार चल रहा है। जो पत्थलगड़ा पुलिस के द्वारा लगातार आरोपी के खिलाफ छापामारी की जा रही थी। लेकिन अभियुक्त लगातार फरार चल रहा है।अगर आरोपी इश्तिहार के बाद भी आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पत्थलगड़ा पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद कुमार दास स्थानीय चौकीदार मुकेश रजक तथा दर्जनो ग्रामीण मौजूद थे।

## व्यवसायी को लूटने वाला लुटेरा तेजा गंझू गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में 13.07.2024 व्यापारी पिन्टु डिबडेवाल के साथ अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा पैसा छीन लिया गया था जिस संदर्भ में सदर थाना काण्ड संख्या-252/24 दर्ज किया गया था। घटना पश्चात् पुलिस कप्तान विकास पांडे द्वारा एक एस0आई0टी0 टीम का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन जिनके द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही थी इसी कम में दिनांक-18.08.2024 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उक्त काण्ड का घटना करने वाला अपराधकर्मी भुईयांडीह में घुम रहा है। सूचना प्राप्त होते ही एस0आई0टी0 टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए भुईयांडीह से घटना करने वाला एक अपराधकर्मी तेजू गंझू को धर दबोचा गया, जिसने अपना अपराध की स्वीकोरोक्ति बयान में घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें है तथा इस घटना में शामिल अपराधकर्मियों का नाम उजागर भी किया है तथा पकड़ाये अपराधकर्मी पर पूर्व में कई अपराधिक काण्ड में संलिप्त जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी तेजू गंझू, पिता जगलाल गंझू, साकिन राजगुरूआ, थाना-सदर, जिला-चतरा का नाम शामिल है। छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी/कर्मी का इस प्रकार है। संदीप सुमन, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, चतरा, विपिन कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर थाना, चतरा, पप्पु शर्मा, पुलिस निरीक्षक सदर अंचल, चतरा। 04. पु0अ0नि0 अनुरंजन कुजूर, सदर थाना, चतरा, थाना का सशस्त्र बल के जवान।

## पूर्व विधायक प्रकाश राम ने बारियातु में चलाया जनसम्पर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम ने विधान सभा के चुनावी तैयारी को लेकर जन सम्पर्क अभियान चलाया। इस क्रम में उन्होने बारियातु प्रखंड अंतर्गत साल्वे पंचायत के बरीखाप, साल्वे, गुरु साल्वे, रेंची, गुजुवा इन सभी बूथों में लोगो सें भेट मुलाक़ात कर उपस्थित ग्रामीणों से विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर चर्चा की. साथ ही लोगों से भारतीय जनता पार्टी को सपोर्ट करने की अपील की. मौके पर पंचायत मुखिया राजीव भगत, प्रखंड प्रमुख के निवेदक नंदू उरांव, पूर्व प्रमुख लालदीप उरांव, भोक्ता समाज के नेता योगेंद्र भोक्ता, किशोर प्रसाद, अनिल प्रसाद, देवनंद प्रसाद, सोनू प्रजापति, बहादुर गंझू, सुनील सिंह, जगदीश उरांव, मुकेश गंझू, मो0 समीम, कृष्णा तिर्की, मनीष उरांव, बिनोद उरांव, मनोज ठाकुर, दिगम्बर टना भगत, सहित भारी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं ग्रामीण शामिल रहे। .

### एलेक्टेड प्रेस क्लब के पत्रकारों का होटल उत्सव पैलेस में की हुई बैठक

# कुछ पत्रकारों को संगठन विरोधी कार्य करने लेकर के लिये किया गया निष्काशित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिला में एलेक्टेड प्रेस क्लब की बैठक समाहरणालय के समीप होटल उत्सव पैलेस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सुनील कश्यप तथा संचालन सिकेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में प्रेस क्लब को सुचारु पूर्वक चलाने के लिए कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई एवं उपस्थित तमाम प्रेस क्लब के पत्रकार बंधुओ द्वारा अपनी-अपनी बातों को रखते हुए विचार विमर्श किया गया। प्रेस क्लब में चुनाव के बाद जीत दर्ज किए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रेस क्लब विरोधी कार्य करने के आरोप में वैसे लोगों को निष्काशित किया गया और खाली रिक्त पदों को प्रेस कमिटी के निर्देश पर संगठन को विस्तार करते हुए रिक्त पदों का चयन किया गया, जिसमें निम्नलिखित पदों में कार्यकारिणी सदस्य दीपक कुमार, सिकन्दर सिंह, भूपेंद्र पाण्डेय, शशि पाठक कार्यकारिणी सदस्य, रवि भूषण सिंहा सचिव मोकिम अंसारी, वरीय उपाध्यक्ष बिरेंद्र साहू, कुंदन पासवान मीडीया प्रभारी, संरक्षक शंभू साहू, कमलापति पाण्डेय का नाम शामिल है। अगली कार्यकारिणी की बैठक सिमरिया में आयोजित की गई है। जिसकी तिथि 01 सितम्बर को निर्धारित की गई है। बैठक में उपस्थित प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप, उपाध्यक्ष अजित सिन्हा, सचिव मोकिम अंसारी, कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार उर्फ बंटी, शैलेश सिंह, सुरेंद्र कुमार, रणधीर सिंह कार्यकारिणी सदस्य, रवि भूषण सिन्हा, सुजेक कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार, शिवकुमार तिवारी, एमडी रिजवान, श्रीकांत राणा, बीरेंद्र साहू, अभिषेक कुमार, कुन्दन पासवान, सुनील कुमार दांगी, शशि कुमार पाठक, विकास कुमार यादव, महेंद्र यादव, सुबोध कुमार शर्मा, दीपक कुमार, विकास कुमार, अनुज कुमार, कैलास दांगी, मृत्युंजय कुमार, मुकेश दांगी, भूपेंद्र पांडेय, कामेश्वर गुप्ता, एमडी सेराजूल, मनीष सिंह, सुनील कुमार, मो.नुरुल अंसारी, मनोज साव, अजित कुमार, विनोद कुमार, अरबिंद कुमार, अशोक कुमार साहू, महेंद्र कुमार यादव, सुबोध शर्मा, आनंद कुमार, अजित पांडेय, कुलदीप दास, पंकज सिंह, कुदुस अंसारी, रंजीत संड़ी, विनय कुमार गुप्ता, सोहेल अहमद मौजूद थे।

# झारखंड के वनरक्षी तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, वन्यजीव संरक्षण पर संकट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड के वन विभाग के वनरक्षी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जिससे राज्य के विभिन्न वन क्षेत्रों में वन्यजीव संरक्षण पर संकट गहराता जा रहा है। यह हड़ताल अब अपने तीसरे दिन में प्रवेश कर चुकी है। वन क्षेत्रों में सुरक्षा और प्रबंधन का कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है।वनरक्षियों की प्रमुख मांग झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में किए गए संशोधनों को वापस लेने की है। 7 अगस्त को राज्य कैबिनेट द्वारा पारित किए गए इस संशोधन के अनुसार, 2014 की वनरक्षी नियुक्ति नियमावली में बदलाव करते हुए वनपाल पद पर नियुक्ति के लिए सौ प्रतिशत प्रमोशन की व्यवस्था को बदलकर पाचास प्रतिशत सीधी भर्ती का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही, वनरक्षकों के 1315 पदों को प्रधान वनरक्षी के पद के लिए सृजित किया गया है। इस संशोधित नियमावली को झारखंड राज्य अवर वन सेवा नियमावली 2024 के नाम से जाना जाएगा। इस संशोधन के विरोध में राज्य के सभी वनरक्षी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। पलामू जोन के झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के अध्यक्ष प्रवीण शुक्ला और महामंत्री रोशन सिंह ने सरकार पर वनरक्षियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के कारण व्याघ्र परियोजना और अन्य वन क्षेत्रों में सुरक्षा और प्रबंधन की स्थिति चिंताजनक हो गई है। वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध कटाई जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण में भी कमी आई है। इस हड़ताल में निर्भय कुमार, अरुण कुमार, रंजय कुमार, रोहित कुमार,तारा कुमारी, मंजू कुमारी, बिपिन कुमार, विवेक कुमार, रुपेश कुमार, विशाल सिंह, शिशांत, चंदन पांडे समेत कई वनरक्षी अनशन पर बैठे हैं और अपनी मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बना रहे हैं। हड़ताल की वजह से वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों पर गहरा असर पड़ रहा है।

# एक बाइक पर थे चार युवक, दुर्घटना में एक की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बगोदर एनएच 522 मार्ग मैं दारू-जबरा के पास सड़क दुर्घटना हुई. इसमें एक युवक की मौत हो गयी. जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. मृतक बुधन हांसदा (25 गर्ष) पिता लक्ष्मण हांसदा है. घायलों मैं अजय टुडू पिता चुहका टुडू, बीरेंद्र टुडू पिता सोमरा टुडू और सूरज टुडू पिता चरक टुडू सभी टाटीझरिया के पानीमाको गांव के रहने वाले है. पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया, परिजन व ग्रामीणों ने शव की घटनास्थल



जबरा में रखकर साइक जाम कर दिया. इसके कारण हजारीबाग बगोदर मार्ग में आवाजाही बंद हो गयी है. सड़क की दोनों और वाहनों की लंबी कतार लगी थी। समाचार लिखे जाने 11 बजे रात तक जाम लगा था. चारों युवक एक बाइक जोएच 02 एसी 0658 से फुटबॉल और बूट खरीदने झुमरा जा रहे थे इसी क्रम में जबरा के पास बस ने अपनी चपेट में ले लिया. घटना की सुगना 108 एंबुलेंस को दी गयी. एंबुलेस नही पहुंची, स्थानीय लोगों की पहल के बाद पुलिस अपनी जीप पर घायलों को इलाज के लिये शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गयी. चिकित्सकों ने बीरेंद्र टुडू और सूरज टूड को बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर कर दिया, जबकि अजय दुइ का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायल अजय ने बताया कि 18 अगस्त को हल्दिया गांव के साथ फुटबॉल मैच खेलना था।इसकी तैयारी के लिए बूट ओर फुटबॉल खरीदने जा रहे थे।

# स्वरोजगार एवं मुफ्त शिक्षा, संस्था का प्रथम कर्तव्य : संजय सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** श्री राम चरित्र मानस सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने रविवार को दारू प्रखंड के जिनगा,रामदेव खरिका, कवालु, हरली, चीरवा का भ्रमण किया। जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह ने पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट की। साथ ही रक्षाबंधन के मौके पर उन्होंने गरीब महिलाओं को साड़ी तथा पुरुषों को जय श्री राम लिखा टी शर्ट वितरण किया। भ्रमण के दौरान सभी स्थानों पर उन्होंने संस्था के बारे में बताया और कहा कि मैं सेवा करने आया हूं सेवा करना चाहता हूं हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बेटियों के लिए स्वरोजगार उपलब्ध कराना,वैसे गरीब परिवार जो अपनी बेटी के विवाह के लिए दहेज उपलब्ध नहीं करा पाते वैसे बेटियों



के लिए विवाह संपन्न करने की काम करती हैं,जरूरत पड़ने पर कन्यादान भी मै करता हूं। महिलाओं को स्वरोजगार बनाने के लिए सिलाई सेंटर उपलब्ध कराना, बड़े बीमारी से ग्रसित लोगों का मुफ्त में इलाज करवाना की व्यवस्था देना, बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार मुफ्त कोचिंग उपलब्ध कराना, वैसे बच्चे जो पैसे का अभाव में पढ़ नहीं पाते उसके लिए कोचिंग की व्यवस्था करना, बच्चों को शिक्षित करना, वृद्ध माता-पिता के लिए उत्तम व्यवस्था देना,ब्लड कैंप लगाकर निशुल्क ब्लड उपलब्ध कराना, स्वरोजगार से जोड़ना, निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा इत्यादि पर यह संस्था कार्य कर रही है। अंत में उन्होंने कहा कि अभी तक मैंने तीन कैंसर पीड़ित व्यक्ति को मुक्त इलाज करवाया और दारू प्रखंड से एक पीड़ित व्यक्ति मिले हैं जिनका इलाज जल्द शुरू होगा। स्वरोजगार एवं किसी रोग से पीड़ित व्यक्ति सीधा हमसे संपर्क करें इसे लेकर अपना फोन नंबर भी लोगों के बीच जारी किया। इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने बासोबार सिवाने नदी पर लगी पर्यावरण मेला में पहुंचे जहां उन्हें भव्य स्वागत किया गया। वहां भी उन्होंने अपने विचारों को रखा। और सभी गणमान्य व्यक्तियों को रामचरितमानस की पुस्तक भेंट किया। मौके पर संस्था के महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्वेता सिंह, सहयोगी लक्ष्मण कुमार, विजय सिंह, अनीश कुमार सिंह,अभिनव कुमार, जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, समाजसेवी प्रभात सिंह, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, सोनी कुशवाहा, सुरेश प्रसाद,प्रमोद राम एवम् विभिन्न स्थानों के सैकड़ो महिलाओं एवं पुरुष शामिल थे।

## वन अधिकार समिति चरही की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** रविवार को वन अधिकार समिति चरही का बैठक पुराना पंचायत भवन चरही मे रखा गया बैठक का अध्यक्षता दिनेश्वर रविदास ने किया वही संचालन लाल सिंह ने किया बैठक मे वन पट्टा से सम्बंधित विचार विमर्श किया गया है। और एक आम सभा का भी आयोजन कराने का निर्णय लिया गया। आम सभा का आयोजन दिनांक 25/08/2024 दिन रविवार समय 10 बजे दुर्गा मंदिर प्रांगण मे किया जायेगा। मुख्य रूप से उपस्थित सन्नी गंझू , मालती देवी, ममता देवी, दिनेश भुईया, मो अफ़ज़ल।

## महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** दारू महिला दीदी के द्वारा दारू पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों एंव भाजपा के कुछ दिग्गज कार्यकर्ता को महिला दीदी दारू थाना पहुंच कर रविवार को जवानों को राखी बांधी। मौके पर महिलाएं जवानों की आरती उतारकर तिलक लगाकर परंपरागत तरीके से राखी बांध मिठाइयां खिलाई। साथ ही सभी जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन का रिश्ता का एहसास दिलाया। मौके पर जवानों ने कहा कि हम लोग पुलिस की नौकरी करने के कारण घर पर नहीं जा पाते हैं। महिला दीदी की बहनों द्वारा राखी बांधा गया। उन्हें रक्षाबंधन पर बहनों की कमी नहीं खल रही। उन्होंने कहा कि उन्हें भाई मानकर बहनों ने राखी बांधी तो वह भी भाई बनकर अपना फर्ज निभाते रहेंगे। मौके पर दारू थाना के सब इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, साथ दारू थाना के अन्य पुलिस कर्मी सहित कई अन्य जवान मौजूद थे। वहीं मौके भाजपा के मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा , बलदेव बाबू, रजनी देवी, सहित पुलिस के जवान एंव अन्य महिला दीदी मौजूद थे।

## द गाइड इंस्टीट्यूट करियातपुर में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** द गाइड इंस्टीट्यूट करियातपुर में रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया,रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते की गहराई और मजबूती को दर्शाता है। यह दिन भाई-बहन के रिश्ते में स्नेह, प्यार और विश्वास को बढ़ावा देता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि भाई अपनी बहन की सुरक्षा और समर्थन की जिम्मेदारी लेते हैं। मौके पर संचालक अंकित कुमार, शिक्षक संतोष राणा,समीर अंसारी, वहीं संस्थान के बच्चों में अल्पना कुमारी, कारण कुमार, वंश कुमार,आयुष कुमार,निखिल कुमार,आकाश कुमार, आर्यन कुमार, ईशान कुमार, सुजीत कुमार , कुणाल कुमार, नाज प्रवीण, अंकिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, नंदनी चौधरी, काजल कुमारी, सोनाली कुमारी, संगम कुमारी, आंचल कुमारी, आस्था कुमारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सावन महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं की उमड़ी भारी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**हजारीबाग :** भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से चानो रोड अवस्थित शगुन वाटिका बैंक्वेट हॉल में दिन रविवार को सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने महिलाओं को अतिथि सत्कार कर विशेष सम्मान दिया। इस दौरान नृत्य संगीत सहित कई विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं ने शामिल होकर सावन महोत्सव कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। महिलाओं ने नृत्य संगीत में सरोबार होकर सावन के रंग में रंगी। इस दौरान शगुन वाटिका बैंक्वेट हॉल में बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती की गीत व संगीत से भक्तिमय महौल बन गया। महिलाओं का उत्साह व उमंग चरम पर था। सामुहिक गीत- संगीत का हिस्सा बनकर एकजुटता का अभूतपूर्व संदेश दिया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने संबोधन में कहा सावन का महिना काफी पावन होता है। मास में अनुष्ठान व धार्मिक कार्य काफी शुभ माना जाता है। सावन के पावन महिने में भक्ति गीत संगीत में झुमने व गाने पर बाबा भोलेनाथ व माता पार्वती काफी प्रसंन्न होती है। श्रद्धालुओं की मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। मौके पर विशेष रूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, रानी शुक्ला, इंदू गुप्ता, कंचन शर्मा, ऊषा देवी, गीता देवी, बबिता देवी, पूनम चौधरी, मीना देवी, मिक्सी सिन्हा, उमा देवी, सीता देवी, अनीता देवी, सावित्री देवी, जालो देवी, नूतन देवी, डॉली कुमारी, संजू देवी, मोहनी देवी, ममता देवी, सीमा देवी, दुलारी देवी, रीना देवी, रेणु देवी, मालती देवी, नागिना देवी एवं मीणा देवी सहित कई महिलाएं शामिल रही ।

## हाथियों के झुंड ने गोविंदपुर में तोड़े तीन घर

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न इलाकों से होते हुए शनिवार शाम को हाथियों का झुण्ड गोविन्दपुर पंचायत के गिधनिया टोला में अपनी दस्तक दी।ग्रामीण सघन इलाको में हाथियों के झुंड के आने से रात भर ग्रामीण दहशत में रहे घर बार छोड़ कर रात भर जागते रहे।कल हाथियों के झुंड ने छोटू मरांडी, मोतीलाल मरांडी और सीताराम हंसदा के कच्चे घरों को हाथियों ने तोड़ कर घर मे रखे



अनाज को खा लिया।इस बात की सूचना पाकर जेएलकेएम हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष सरयू साव ने पीड़ितों के घर पहुँचकर हुए हानि का जायजा लिया,साथ ही प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी पीयूष सिन्हा से बात कर पीड़ित तीनो 20 किलोग्राम अनाज मुहैया करवाया गया। वन विभाग के अधिकारियों से बात कर हुए नुकसान की जानकारी देते हुए जल्द मुआवजा देने का आग्रह किया गया।

## पेटो के शिवभक्तों ने कलश यात्रा कर किया जलाभिषेक

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के पेटो गांव में शिव भक्तों द्वारा रविवार को सावन के अंतिम सोमवारी के



पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया! कलश यात्रा में पेटो गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया! यह धार्मिक कलश यात्रा में बड़की नदी तट से जल उठाकर पुरनी पेटो शिव मंदिर तक पैदल यात्रा कर जलाभिषेक किया! मौके पर पहुंचे शिवचरण गुप्ता जिनके भाई रामवृक्ष साहु भाभी गीता देवी छत्तीसगढ़ निवासी के द्वार दिए गए शिव लिंग में कलश को विधिवत पूजा-अर्चना कर स्थापित किया गया! इस दौरान भक्तों का अपार उत्साह और भक्ति की भावना देखने को मिला ! हर-हर महादेव बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा! भक्तों की यह पदयात्रा धार्मिक आस्था और समर्पण का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही थी! मौके पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी! जलाभिषेक के बाद मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया ! जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लिया! मौके पर कोलेस्वर साव असेस्वर यादव महावीर रजक चंदो साव जगेश्वर साव अनिल रजक गुरीद साव अवधेश कु यादव बालिंदर कु साव,समेत सैंकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे!

## दो दिनों की गुमशुदा महिला का अपने ही घर के कुंआ से मिला शव

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रक्षाबंधन भाई- बहनों के पवित्र रिश्ते को प्रगाढ़ बनाने का त्यौहार है। लेकिन इस रक्षाबंधन दो भाइयों के कलाई पर एक बहन राखी नहीं बांध सकेगी। पिछले दिनों हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्र के कोय ग्राम निवासी अवध कुमार राणा की पत्नी सुमन शर्मा दो दिनों तक रहस्यमय तरीके से लापता होने के बाद उनके ही घर के कुंआ से शव बरामद हुआ। मृतिका महिला के पति ने इसे लेकर दारू थाना में आवेदन भी दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि मैं अपने दो बच्चों के साथ उसे स्कूल पहुंचाने गया था वापस जब घर आया तो मेरी पत्नी घर पर नहीं थी। मैंने गांव, आसपास, परिवार-रिश्तेदार में काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला और दो दिनों बाद अपने ही घर के कुंआ से गुमशुदा महिला का शव बरामद हुआ। इधर मृतिका की माता धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के ग्राम बिलबेरा बस्ती निवासी उनकी माता सरिता देवी ने भी संबंधित थाना को आवेदन दिया है और घटना की जांच की मांग की है। इस मौत के रहस्य को लोग समझ नहीं पा रहें हैं। आसपास के लोगों में इस मौत को लेकर कई प्रकार की चर्चाएं हैं । मृतिका के दो भाई है और इस रक्षाबंधन उनके लिए बेहद मायूसी का समय है ।

## झारखण्ड अंजुमन का विधान सभा स्तरीय बैठक संपन्न, देश के 90% लोग अमन और चैन चाहते हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के चट्टी में झारखंड अंजुमन की विधानसभा सभा स्तरीय बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड अंजुमन के कंवियर जुनैद अनवर ने किया। संचालन आरिफ वकार उर्फ शहंशाह खान ने किया। बैठक का इंतिजाम जनाब साबिर अंसारी, सोनू इराकी एंव मोहम्मद इब्राहिम के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड अंजुमन के कन्वेयर जुनैद अनवर, अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव डॉ तारिक हुसैन, रांची अंजुमन के पूर्व सदर सह वक्फ बोर्ड झारखंड के सदस्य अबरार अहमद, फिरोज खलीफा, खालिद सैफ उल्लाह, मो इरफान उर्फ काजू सहित राज्य तथा जिले के साथ साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव के सदर सेक्रेटरी एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए। इस दरमियान अंजुमन के कन्वेयर जुनैद अनवर ने कहा कि हमें अपने रहबरों के साथ मिलकर काम करना होगा। मस्जिद के लिए सर काटने से नहीं होगा मस्जिद में सर झुकाने से होगा।



इस्लाम कहता है जिस देश में रहते हैं वहाँ की कानून की कदर करें। दिन व दुनिया की बातों को अपने बच्चों को बताना व समझना होगा।हमें आपस में मिलकर रहना है, राजनीति एवं सियासत अपनी जगह है। देश के 90त्न लोग अमन और चेन चाहते हैं, और देश को आगे बढ़ना चाहते हैं। इलाके के सभी लोग फिरका को भूलकर एक और नेक बने। इस्लाम मोहब्बत से फैला है। हमें शिक्षा को बढ़ावा देना होगा और अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करना होगा, और युवाओं को नशा से दूर रखना होगा। वहीं हाजी तबस्सुम, शेख अब्दुल्लाह, दिलदार अंसारी, डॉ आवेश, हाजी अख्तर हुसैन सहित कई लोगों ने बारी-बारी से अपने अपने विचारों को रखा। बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद मुजाहिद , मोकित उल्लाह खान, फारूक अहमद, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद आवे, गुड्डू मलिक, मोहम्मद मुस्तकीम, जमील कुरैशी, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद इसराइल , मोहम्मद सजुद , मोहम्मद अफवान, मोहम्मद जमील, वाहिद अंसारी, मजहर आलम, सफी उल्लह अंसारी, सलीम अंसारी, कैंसर अंसारी, रियाज अहमद, फैसल, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मुन्ना सिंह बहेरी में बुद्धिजीवी मंच के मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह में हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह बहेरी पंचायत भवन में आयोजित मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह समारोह बुद्धिजीवी मंच हजारीबाग (शिक्षकों) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यह बौद्धिक परीक्षा बहेरी, चानो, सखिया, ओरिया, सेतागाढ़ा, इत्यादि क्षेत्रों से आए बच्चों के लिए कराई गई। मुन्ना सिंह ने अपने संबोधन में कहा, आज के ये बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं। इनकी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को सम्मानित करना न केवल इन्हें प्रेरित करेगा, बल्कि पूरे समाज को एक सकारात्मक दिशा भी देगा। हम सभी का कर्तव्य है कि हम इन बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने में हर संभव सहायता प्रदान करें। शिक्षा और ज्ञान ही वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा हम एक उन्नत समाज की ओर बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर उप प्रमुख रविकांत सिंह, बहेरी पंचायत के मुखिया पप्पू यादव, सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज़, छत्री गोप, दसरथ प्रसाद, प्रेम प्रसाद राणा, विनोद कुमार पासवान, सुनील कुमार यादव, सतीश राम, दिनेश कुमार, राजु कुमार, लालवीर राणा, अजीत कुमार दास, तुलसी कुमार दास, ज्योति देवी, लिलिता देवी, सुजीत सिंह, दिनेश यादव, विक्की कुमार धान, नवनीत सिंह राजपूत, इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में, मेधावी बच्चों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुन्ना सिंह नेबइस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकगण और बुद्धिजीवी मंच के सदस्यों का धन्यवाद किया गया।

## विष्णुगढ़ में मईंया योजना में 99% कार्य पूर्ण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का शुभारंभ 3 अगस्त 2024 को किया गया था। प्रारम्भ में इस योजना की स्वीकृति को लेकर अनेक समस्याएं आई परन्तु झारखंड की हेमन्त सोरेन की सरकार ने इसे तत्काल ठीक कर माताओं एवं बहनों को आ रही समस्याओं से मुक्ति दिलाते हुए इसे पूरा किया। विष्णुगढ़ प्रखण्ड में 24 पंचायतो में कुल 20914 फॉर्म प्राप्त हुए जिसमे 20591 को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई, 303 फॉर्म पेंडिंग है। विगत 6-7 दिनों तक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में पंचायत सचिव,प्रखण्ड कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर,प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने युद्धस्तर पर दिन-रात एक कर कार्य को अंजाम दिया जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है।

## ढाई करोड़ की लागत से बनने वाली पथ का विधायक अंबा प्रसाद ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदौल में उत्क्रमित मध्य विद्यालय से मूरकटी मुख्य पथ तक लगभग 2.2 किलोमीटर सड़क का स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद में विधिवतपूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। उक्त सड़क निर्माण में लगभग ढाई करोड़ की लागत आएगी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर हुआ है। चंदौल पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद का ढोल बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया एवं सड़क निर्माण शुरू होने पर आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व मुखिया चंदौल टुकनी देवी, आसेस्वर राम, रघुवीर राम, अनिल दास, विनोद यादव, उप मुखिया शमशेर आलम, दिनेश्वर पासवान, सुमा देवी, प्रभु यादव, लालू यादव, अशरफ, सुरेश मास्टर सहित कई लोग मौजूद थे।

## आईलेक्स में आयोजित दो दिवसीय आजादी के जश्न का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में आजादी के शुभ अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,आईलेक्स पब्लिक स्कूल की विभिन्न शाखों में जिसमें पंचमाधव, गोरियाकरमा, बरकट्ठा, पाण्डेबारा, गरीकला, बड़कागांव में 15 अगस्त के दिन सुबह 8:00 बजे झंडोतोलन का कार्यक्रम रखा गया। पंचमाधव में विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने झंडा फहराया, अन्य शाखों के शाखा प्रमुख ने झंडा फहराया और झंडे को सलामी दी मौके पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक गणों ने भी झंडे को सलामी दी भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे भी लगे। आयुष पब्लिक स्कूल के पंचमाधव और बड़कागांव स्थित ब्रांच में 15 अगस्त को ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जबकि बरकट्ठा और पांडेबारा स्थित ब्रांच में 15 अगस्त



को सुबह 7:00 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, झंडोंतोलन का कार्यक्रम संपन्न किया गया, बरकट्ठा गोरियाकरमा और पांडेबारा 12 ब्रांच के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 16 अगस्त को में ब्रांच में किया गया। पंचमाधव स्थित ब्रांच में मुख्य अतिथि एसडीओ जोहन टुडू , विशिष्ठ अतिथि एसडीपीओ सुरजीत कुमार, बरही थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार रहें। कार्यक्रम में टर्म वन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आएं बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की तैयारियों में पिछले एक महीने से लगे हुए थे। एसडीओ जोहन टुडू ने अभिभावकों और बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल हमारा राष्ट्रीय त्यौहार हीं नहीं है बल्कि हम इससे भावनात्मक रूप से भी जुड़े हुए हैं। इस आज़ादी को पाने के लिए न जाने कितने हीं लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दीं हैं। आज हमारा यह फर्ज़ बनता है कि हम भी एक अच्छे नागरिक बन कर देश का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि आज का समय प्रतियोगिता का है। आज मल्टी टस्कीग का ज़माना है। हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम अपने बच्चों को सबसे पहले तो पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित करें साथ हीं एक्स्ट्रा एक्टिविटी में भी उनका हौसला बढ़ाएं। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी अभिभावकों और बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आईलेक्स की पुरज़ोर कोशिश रहती है कि बच्चे हर क्षेत्र में आगे रहें चाहे वह पढ़ाई हो, खेलकूद हो, ड्राइंग हो, आर्ट एन्ड क्राफ्ट हो। इसके लिए समय समय पर आईलेक्स में एक्स्ट्रा क्लास की व्यवस्था की जाती है। सभी शिक्षक बच्चों की कमी को दूर करने और उनकी प्रतिभा को निखारने में दिन रात लगे रहते हैं। लेकिन इसके साथ साथ अभिभावक की जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों की एक्टिविटी पर भरपूर ध्यान दें।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में दो दिवसीय रोबोटिक कार्यशाला का हुआ आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डी.ए.वी. मॉडल स्कूल सी.एफ.आर.आई में दो दिवसीय रोबोटिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें तकरीबन कक्षा 9वीं और 10वीं के 60 से अधिक छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह के निर्देशानुसार बच्चों में तकनीक का ज्ञान भी जरूरी है जो कि आज के आधुनिक युग की मांग है क्योंकि आने वाला समय पूर्णरूपेण यांत्रिकी से प्रभावित होने वाला है। अहमदाबाद से आए दो प्रशिक्षक आमिर खान और समीर ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोटिक तथा मनुष्य की तरह इंटेलिजेंट तरीके से सोचने वाला यंत्र बनाने का एक तरीका है। इस कार्यशाला में उन्होंने रोबोटिक तथा उसके अंतर्गत आने वाले सॉफ्टवेयर बनाने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बच्चों ने तरह तरह के सॉफ्टवेयर के ज्ञान के साथ रोबोट बनाने की विधि का ज्ञान प्राप्त किया। बच्चों ने कहा कि उनके लिए यह एक नई अनुभूति थी। इस अवसर पर रसायन विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक ए.वी. मिश्रा ने दोनों प्रशिक्षकों को उनके महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु उपहार भेंट किया। मौके पर कंप्यूटर शिक्षक मनोज रवानी, पवन सिन्हा, शशि कुमार पंडित, सुहेल चौधरी, हिंदी शिक्षिका स्वाति तिवारी मौजूद थी। जिनके देख रेख में कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पुस्तकालय भवन का उद्घाटन समारोह संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी स्थित शक्तिनाथ महतो स्मारक उच्च विद्यालय परिसर में पुस्तकालय भवन का बी सी सी एल के निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया एवं सतारूढ़ दल के सचेतक विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामय उपस्थिति में नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। प्राप्त समाचार के अनुसार यह पुस्तकालय भवन भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत निर्मित किया गया है। गौरतलब है कि टुंडी विधायक द्वारा शिक्षा के प्रति विशेष लगाव होने के कारण शोषित पीड़ित दलित परिवारों को उचित शिक्षा ग्रहण करने के लिए अनाथ आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है ताकि कोई भी असहाय व्यक्ति अशिक्षित ना रहे लोगों को समान शिक्षा की प्राप्ति हो सके। ऐसे विद्यालय का निर्माण खासकर अनाथ बच्चों के लिए कराया गया है ताकि शिक्षित होकर एक अच्छे इंसान बन सके। आज के इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से महाप्रबंधक विद्युत साहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह, थाना प्रभारी मदन चौधरी,प्रशांत जायसवाल, अभिजीत मिश्रा, डेनियल पोनराज, गिरिलाल किस्कू, रामचन्द्र मुर्मू,बसंत महतो, दिनेश महतो, तपन मंडल,वशीर अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी,सुबोधन मुर्मू, रफीक अंसारी, मनोज निषाद, सुनील किस्कू, राजेश बाउरी, आस्तिक मंडल, उत्तम महतो, राजकुमार महतो, प्रदीप महतो, समेत बड़ी संख्या में शिक्षा जगत से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व रामजी यादव को नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वरिष्ठ पत्रकार स्व राम जी यादव की 10वीं पुण्यतिथि उनके तैल्य चित्र पर फूल माला चढ़ा कर मनाया गया। स्वर्गीय राम जी यादव के 10वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके पुत्र रोहित आर्यन, भाई सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, दीपक प्रामाणिक, सौरभ पांडे, अखिलेश दूबे, जॉनी सिन्हा, अजय ठाकुर, सुधीर वर्णवाल सहित आश्रम में निवास करने वाले माता-पिता तुल्य बुजुर्ग लोगों ने उनके तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। वहीं सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में भी स्वर्गीय रामजी यादव की पुण्यतिथि मनाई गई। आपको बता दें कि रामजी यादव लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। रामजी यादव की देखरेख में ही लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम का स्थापना किया गया था। वहीं स्व रामजी यादव आज का सच न्यूज़ के मैनेजिंग डायरेक्टर थे। आश्रम के कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल ने स्व रामजी यादव के 10वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं स्वर्गीय राम जी यादव के भाई सुरेंद्र यादव ने स्व राम जी यादव के बताए गए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी एवं उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## आक्रोश रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारतीय जनता पार्टी बगोदर मंडल की



बैठक जिप सदस्य सह भाजपा अध्यक्ष दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में हुई जिसमे आगामी 23 अगस्त को युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा आक्रोश रैली तैयारी को लेकर चर्चा परिचर्चा कि गई। वहीं बैठक में प्रभारी पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित थे साथ ही आगामी 25 अगस्त को भारत के प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को सुनने व हर बूथ स्तर पर घरों मे झंडा लगाने आदि विषयों पर चर्चा हुई बैठक में भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष बोर्डर सुदीप जयसवाल पशुपति शर्मा अशोक सोनी संजय महतो, तुलसी तलवार, धनेस्वर मरांडी, राजू सिंह,जगदीश महतो,दिपु मंडल,रवि सिंह,सुधीर सिंह, विरु सिंह, धनंजय सिंह, सुखदेव राणा, जयप्रकाश महतो,सोनू सिंह, महेश मिश्रा,रंजीत मेहता, सुरेश मंडल,अशोक मंडल, रघु सोनी, चेतलाल महतो,दीपक गुप्ता,दिलीप साहू,प्रेमचंद साहू, अजय सोरेन, प्रवीण भगत, भीखन दास, सुरेश मंडल,संतोष मंडल, छोटी साव,जयलाल महतो,आदि उपस्थित थे।




# कोलकाता में हुई डॉक्टर की हत्या व बलात्कार के खिलाफ लोगों ने कैंडल मार्च निकाल जताया आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोलकाता में हुए डॉक्टर बेटी की बलात्कार व हत्या के खिलाफ झरिया के युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च और कानूनी सिस्टम का जलाया पुतला। वहीं डॉक्टर बेटी की हत्या के मामले में जल्द से जल्द निर्भया एक्ट के अनुसार आरोपियों की फांसी हो उसको लेकर मांग कर रहे हैं। जबकि झरिया ऊपर कुली के यूथ के द्वारा शमशेर नगर से कैंडल मार्च निकाली गई जो की इंदिरा चौक होते हुए चार नंबर बाटा मोड़, सब्जी पट्टी, लक्ष्मीनिया मोड़, कतरास मोड़, थाना मोड़ में जाकर समाप्त हुई।

वही आक्रोश का मन लेकर सभी युवा चल रहे थे। सैकड़ो की संख्या में युवा कैंडल के साथ सभी के हाथों में तख्तीयाँ और सभी की एक ही मांग थी कि हत्यारे को फांसी दिया जाए। ऐसे अपराधी को भारत देश में रहने का कोई जगह नहीं है और देश कभी भी इन्हें माफ नहीं करेगा।

वहीं इस आंदोलन में मुख्य रूप से अखलाक अहमद, मो आफताब, मो समीर, चांद, इरफान, सिकंदर, परवेज, नदीम गद्दी, शाहिद खान, अहमद साजिद, तबरेज आलम, साहिल, सद्दाम खान समेत सैकड़ों युवा उपस्थित थे।

## असर्फी हॉस्पिटल में सीईओ हरेन्द्र सिंह ने कैंडल मार्च निकाल दी श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ सह सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान हुए दुष्कर्म और हत्या के विरोध में असर्फी हॉस्पिटल के प्रांगन में कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि दिया। उन्होंने कहा की हमारे समाज की एक समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ डॉक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान जो भयावह और अमानवीय घटना घटी, वह न केवल चिकित्सा समुदाय के लिए बल्कि संपूर्ण समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।

महिला डाक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान हुई दुष्कर्म और हत्या हमारे समाज के नैतिक पतन और कानून व्यवस्था की असफलता का प्रतीक है। हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वे इस मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि पीड़िता और उनके परिवार को न्याय मिल सके। मौके पर में डॉ एस के दास, डॉ एस के राय, डॉ. अर्पिता दास, डॉ मोनिका चंद्रा, डॉ. धीमन सरकार, डॉ राधिका मोहन, डॉ स्वर्णा भरद्वाज, डॉ आमिद रशीद, डॉ मो इस्लाम, नर्सिंग स्टाफ, अस्पताल कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक ने कैंडल मार्च निकाला और श्रद्धांजलि दिया।

## केशव महतो कमलेश के अध्यक्ष बनने पर धनबाद के कांग्रेसियों में हर्ष



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद परिसदन में रविवार को कांग्रेस नेताओं ने की बैठक। बैठक में केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामना एवं बधाई दी। सभी नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन प्रभारी के. सी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए बताया कि नव नियुक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस पार्टी के बहुत पुराने एवं जमीन से जुड़े हुए नेता है। इसके पूर्व वे रांची जिले के सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं संयुक्त बिहार के मंत्री रह चुके हैं। हम सब को पूर्ण विश्वास है कि केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पूरे झारखंड में कांग्रेस संगठन धरातल पर और मजबूत होगा एवं आगामी विधानसभा मे कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनेगी। हर्ष जाहिर कर बधाई देने वालों में बैभव सिन्हा, शमशेर आलम, मदन महतो, डुगर सिंह, पंकज राय, मनोज यादव, योगेंद्र सिंह योगी, प्रभाकर नोनिया, वीरेंद्र गुप्ता, मृत्युंजय सिंह, इम्तियाज आलम, पप्पू अरोड़ा, रणधीर ठाकुर, माधव सिंह समेत सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बंगाल में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में भाजपाईयों ने निकाला प्रतिवाद मार्च

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** बगोदर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म कर हत्या मामले में बंगाल की ममता सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने के विरोध में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बंगाल सरकार के खिलाफ बगोदर में प्रतिवाद मार्च निकाला गया वहीं पुतला दहन किया गया बंगाल सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी किया गया। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो के द्वारा किया गया। दोषियों को संरक्षण देने पर ममता सरकार पर जम कर बरसे पूर्व विधायक उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है।पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और आपराधिक तत्वों पर लगाम लगाने में सरकार विफल है। ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में



पूरी तरह विफल हो गई । महतो ने कहा कि ममता बनर्जी को तुरंत अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। महिलाओं पर अत्याचार के सवाल पर झड़ी लगाने वाली कांग्रेस और एनडीए गठबंधन पश्चिम बंगाल में हुए डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या को लेकर मौन साध रखा है आखिर क्यों।मैं सरकार से मांग करता हूं कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय । विरोध मार्च में प्रखंड प्रमुख आशा राज, मंडल अध्यक्ष सह जिप सदस्य दुर्गेश साहू, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष बॉर्डर पशुपति शर्मा राजू सिंह महेश मिश्रा सुखदेव राणा जगदीश महतो सुदीप जायसवाल रवि सिंह मुखिया तुलसी तलवार सोनू सिंह जय प्रकाश महतो दीपू मंडल सुधीर सिंह दिनेश्वर दास धनंजय सिंह रत्नाकर भारती सुरेश मंडल धनेश्वर मरांडी हेमराज महतो प्रवीण जायसवाल जायसवाल, प्रेमचंद साहू बीरू सिंह दिलीप साव संजय महतो दीपक गुप्ता मुन्ना यादव अशोक मंडल रघु सोनी चेतलाल महतो संतोष महतो नरेश महतो जयलाल महतो प्रेम कुमार, अजय सोरेन सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजद ओबीसी का जल समस्या समाधान अभियान प्रेम नगर से प्रारंभ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय जनता दल ओबीसी विंग के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में जल समस्या समाधान हेतु रविवार को एक अभियान का प्रारंभ वार्ड संख्या 27 के प्रेम नगर माडा कॉलोनी से किया गया। जिसमे राजद नेत्री सह राष्ट्र रक्षा दल प्रमुख गुलशन खातून, गरीब उत्थान के सुप्रीमो प्रवीन कुमार इस अभियान में प्रमुख रूप से सक्रिय रहे। ओबीसी के जिला उपाध्यक्ष अमित प्रसाद, अनील यादव, मनोज कुमार धनबाद प्रखंड अध्यक्ष, राजीव रंजन मिथिलेश साव एवं जल समस्या से पीड़ित क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे। इसक तहत धनबाद नगर निगम के आयुक्त एवं धनबाद उपयुक्त से जल समस्या का समाधान प्रेम नगर में जल्द से जल्द करने का आग्रह किया गया जिससे जल की भीषण समस्या से निजात पाया जा सके। राजद ओबीसी के महासचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि जल समस्या का शीघ्र निदान किया जाय अन्यथा प्रेम नगर के समस्त निवासी बाध्य होकर आंदोलन करेंगे। मौके पर मनोज कुमार, प्रदीप पंडित, कुंदन शर्मा, राजीव रंजन प्रसाद, प्रयाग यादव, मिथलेश साव, पूनम प्रिया, माधुरी देवी, राजू बरनवाल, धर्मेंद्र पासवान, प्रहलाद साव, शांति देवी सुमित्रा देवी, इंद्रदेव राम, उमाशंकर प्रसाद, पूजा देवी, मुकेश गुप्ता, चंदन झा, आयुष कुमार, अंकुश कुमार समेत प्रेम नगर के अन्य निवासी उपस्थित थे।

# कुशवाहा छात्रवास सिहोडीह में लवकुश जयंती समारोह का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत सिहोडीह में रविवार को कुशवाहा समाज संघ ने बड़े ही धूमधाम से लवकुश जयंती मनाई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकप्रिय व तेज दरार हुसेनाबाद विधानसभा के निवर्तमान विधायक शिवपुजन कुशवाहा उपस्थित हुए और उसने अपने भाषण में कुशवाहा समाज एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि हमलोग को आपसी भेदभाव व उच्च निच से उपर उठकर सोचना होगा और सबसे पहले कुशवाहा समाज के लोगों को अहमियत दे हमारे पूर्वज ने हमें बहुत कुछ दे गया है और भारत पर अगर कोई अच्छी सरकार चला सकता है तो वह है कुशवाहा समाज, इतिहास गवाह है कि हमारे पूर्वज वंशज जिसे लवकुश जयंती के रूप में प्रत्येक वर्ष सावन पुर्णिमा के दिन मनाते आ रहे हैं, वहीं भगवान पुरूषोत्तम राम



के वंशज होने पर गर्व है, सम्राट अशोक, सरदार वल्लभ भाई पटेल, गौतम बुद्ध, एवं भारत के राष्ट्रीय खेल होकी के जादूगर कहें जाने वाले मेजर ध्यानचंद जी को नमन करते हुए कोडरमा लोकसभा सीट से 6 बार रहे सांसद हमारे जननायक रीतलाल बाबू को माला अर्पित कर व झंडातोलन कर के कार्यक्रम को प्रारंभ किया वहीं मौके पर कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण वर्मा ने कहा की कही मेहनत से आज कुशवाहा समाज इस मुकाम तक पहुंच पाया है और आगे एकजुटता के साथ बढ़ते रहेगा, गिरिडीह में कुशवाहा समाज का दबदबा है वहीं गिरिडीह जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी ने अपने सम्बोधन में कहीं की आज के समय हमारी माताएं एवं बहनें पुरूषों से क़दम से क़दम मिलाकर चल रही है और हर क्षेत्र में सक्रिय है वहीं मुन्ना कुशवाहा ने शिक्षा पर जोर दिया, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिगम्बर दिवाकर, कोलेवश्वर वर्मा, नमन् इंटरनेशनल स्कूल रेम्बा व राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार वर्मा जी के दादा जी दिनेश्वर वर्मा ने कहा शिक्षा व महिलाओं पर हो रही अत्याचार पर समाज के साथ साथ गिरिडीह प्रशासन व सरकार को समुचित कदम उठाना चाहिए वहीं कुशवाहा समाज के महिला जिला अध्यक्ष प्रिती प्रभाकर, सांसद प्रतिनिधि, अर्जुन वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरण महतो, निवर्तमान जिला परिषद सदस्य जनप्रतिनिधि महेन्द्र कुमार वर्मा, युवा समाजसेवी मनिष कुमार, पवन वर्मा के अलावा कुशवाहा समाज के सभी प्रखंड अध्यक्ष व जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे और सम्बोधन के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और खाने के लिए हर साल के भाती इस वर्ष भी व्यवस्था देखा गया।

## अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित 10 वर्षीय सिद्धार्थ का अब होगा इलाज, अनुपमा सिंह की मेहनत लाई रंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अप्लास्टिक एनीमीया जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे को बचाने की पहल राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह ने बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के साथ बीते 28 जून को वार्ता कि थी। जिसके आलोक में धनबाद के झरिया लोदना क्षेत्र के रहने वाले शशि कुमार भगत के पुत्र सिद्धार्थ, जो जिंदगी और मोत से जंग लड़ रहा है। नन्हा शशि अप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित है। इसके इलाज में लगभग लाखों रुपए का खर्च है। आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के कारण पीड़ित सिद्धार्थ के पिता शशि कुमार भगत इलाज नही करा पा रहे थे। उन्होंने मदद की गुहार



अनुपमा सिंह से लगाई थी। जिसके बाद आरसीएमएस यूनियन वर्किंग प्रेसिडेंट अनुपमा सिंह ने विगत दिनों हॉस्पिटल जाकर बच्चे तथा उनके परिजनो से मुलाकात कर सुपरीटेंडेंट एवं डॉक्टर से वार्ता कर सिद्धार्थ की जान बचाने के लिए पहल की थी। बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता से वार्ता कर पत्र सौंपा जिसमे से शशि कुमार भगत के पुत्र सिद्धार्थ का इलाज सीएसआर फंड के तहत किया जाए जो एसएनएमसीएच और बाल विभाग में नामांकित है। ऐसे पीड़ित मरिज अप्लास्टिक एनीमिया, थैलेसीमिया एक आनुवांशिक रक्त संक्रमण, दवा और अन्य स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं के वित्तीय बोझ के कारण नही करा पा रहै हैं।

इस बाबत गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए मदद करने की वार्ता की थी जिसके तहत बीसीसीएल ने संज्ञान लेते हुए उनका इलाज के लिए फंड एलोकेशन निधि आवंटन का पत्र जारी किया है जिसके तहत अब उसका इलाज बाल सेवा योजना स्कीम के तहत होगा।

## डाक बम सेवा धनबाद ने आखिरी सोमवारी पर दी सेवा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावणी मेला में सेवा कार्यो को लेकर डाक बम सेवा धनबाद सेवादारों के साथ पांचवीं सोमवारी को कावरियों की सेवा में डटे रहे। समाजसेवी दिलीप सिंह ने बताया की सेवा सामग्री जैसे दूध, लस्सी आदि लेकर विशेष वाहन के साथ मनिया मोड़ में पहुंच कर सेवा कर रहे हैं।

डाक बम सेवा धनबाद सुल्तानगंज से देवघर जाने वाले हर डाक बम को अपनी सेवा देते है ताकि कावरियों को कोई असुविधा ना हो। कावरियों की सेवा में डाक बम धनबाद के विजय, भरत, सरवन, दिवाकर, बिरजू, बाबा, विकाश, विजय, प्रमोद, सौरव, बिकी, प्रकाश, नीतीश, सुबीर, पिंटू, सत्यवीर, काली, रमेश, दिलीप, विकास, राहुल, हेमू, संतोष एवं अन्य सेवाकर्ता सक्रिय थे।

# अलग राज्य के नाम पर राज्य को बेचने वाले आज सत्ता पर काबिज है : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी का युवा सह नगर सम्मेलन पुराना नगर भवन में संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष माननीय सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का कुडू विराट होटल के पास कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात माननीय पूर्व उपमुख्यमंत्री केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत को प्रधान कार्यालय में माल्यार्पण करते हुए नम आंखों से उन्हें याद किया और अपना प्रेरणा स्त्रोत बतलाया विशाल मोटरसाइकिल रैली के साथ नगर भ्रमण करते हुए पुराने नगर भवन में युवा सह नगर सम्मेलन आयोजित किया गया। इसको




संबोधित करते हुए माननीय सुदेश कुमार महतो जी ने कहा कि आज की सरकार शुरू से ही झारखंड को बेचने का कार्य की है, सबसे पहले आंदोलन के नाम पर आंदोलन को बेची ।आज झारखंड को बेच रही है यहां युवा बेरोजगार है कोई सुध लेने वाला नहीं। आज कॉलेज में निशुल्क के जगह पर शुल्क लेकर पढ़ाया जा रहा है। गरीब गुरबाके होनहार विद्यार्थी इससे वंचित रह जा रहे हैं। यहां के स्थानीय विधायक पूर्व में डीआईजी रहे हैं वर्तमान में सरकार के एक अहम पद पर हैं वह वित्त एवं खाद आपूर्ति मंत्री हैं परंतु आज तक 5 सालों में राशन कार्ड सही से नहीं बन पाई विधि व्यवस्था पूरे राज्य की चरमराई हुई है राज्य में एवं लोहरदगा जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं जनता त्राहिमाम कर रही है। परंतु उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। यह सरकार बड़े-बड़े वादे कर बनी थी। परंतु एक भी वादा पूरे नहीं कर पाई। अब आखरी समय में योजनाओं का झुनझुना पकड़ा रही है। जनता सब समझता है कोई किसी को बेवकूफ नहीं बना सकता। स्वर्गीय कमल किशोर भगत जब विधायक बने तब बहुत सी योजनाओं को यहां उन्होंने शुरू कराया जो आज अधर पर लटका है ।हमें फिर से उनके सपनों को पूरा करने के लिए एक जुट होकर आगे आना होगा और इस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। इस सरकार में बैठे लोग शुरू में आंदोलन को बेच खाए और अब राज्य को बेचने का कार्य कर रहे हैं ।भला हो स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई का जिन्होंने यहां का दर्द समझा और उन्होंने इस राज्य को अलग राज्य का दर्जा देने का कार्य किया और आजसू के आंदोलन को तथा जनता के दुख तकलीफ को समझ कर झारखंड को अलग राज्य बनाया यहां का दर्द यहां के सरकार को नहीं दिख रहा है। लेकिन हम धन्यवाद देंगे असम की सरकार को और खासकर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा जी को जिन्होंने झारखंड से चाय बागान गए हमारे आदिवासी भाई बहनों के लिए असम में अलग से मंत्रालय बनाया और उनको आरक्षण देने का कार्य किया। अपने राज्य में ही आज यहां के गरीब गुरबा आदिवासी दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक महिला युवा बेरोजगार ठगा हुआ महसूस कर रहा है ।हम आज युवाओं से संवाद करने आए हैं हम युवाओं के साथ मिलकर झारखंड की दशा और दिशा बदलना चाहते हैं। हम युवाओं के लिए अलग नीति, महिलाओं के लिए अलग नीति, अल्पसंख्यकों के लिए अलग नीति के रूपरेखा तैयार किए हुए हैं। हमारी सरकार बनी तो हम उन सभी नीतियों को लागू करेंगे। इस सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा हेमंत सरकार आंदोलनकारीयों को, युवाओं को, महिलाओं को ठगने का कार्य किया है यह सरकार ऐसी निकम्मी सरकार है की ना तो स्थानीय नीति बना पाई ,ना नियोजन नीति बना पाई यह भी नहीं तय कर पाई की कौन झारखंडी हैं यह झारखंडियों की सरकार होकर बाहरियों का फायदा पहुंचाने का कार्य कर रही है।

**शिक्षकों एवं कर्मचारियों के एनपीएस का पैसा केंद्र सरकार को देना होगा : सुखदेव भगत**

# झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने सांसद सुखदेव भगत को वृक्ष एवं शॉल देकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मंडल लोहरदगा लोकसभा के लोकप्रिय सांसद माननीय सुखदेव भगत से उनके आवास में मुलाकात कर उन्हें वृक्ष एवं शॉल देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार का आभार प्रकट किया कि उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारी कोओल्ड पेंशन योजना का उपहार देकर सबों को बुढ़ापे को सुरक्षित किया ।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से 2004 के बाद जो कर्मचारी का एनपीएस का पैसा जो एनएसडीएल में फंसा है उसे केंद्र सरकार से वापस करवाने की मांग किये। साथ ही साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रत्येक सरकारी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद की भी आवश्यकता है और इसके लिए पूर्व से जो प्रोन्नति नियमावली 1993 बनाई गई है इस नियमावली के तर्ज पर वर्तमान में राज्य अंतर्गत संपूर्ण पदस्थापित



शिक्षकों को प्रोन्नति दिया गया। प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षक साथ-साथ माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक भी जिस कोटि में बहाल होते हैं उसी कोटि में वह सेवा निवृत्ति भी हो जाते हैं और उन्हें किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लाभ प्राप्त नहीं होता अन्य कर्मचारियों की भांति आवश्यक रूप से सभी शिक्षकों को भी [illegible] का लाभ दिया जाय। मौके पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं का निदान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। शिक्षकों एवं कर्मचारी का एनपीएस का पैसा जो एनएसडीएल में फंसा है उसे केंद्र सरकार को देना होगा उसके लिए वे पहल करेंगे साथ ही साथ शिक्षकों ने जो अन्य समस्याओं से अवगत कराया है उसका भी निदान करवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू,प्रदेश कोषाध्यक्ष ज्ञान चंद्र साहू, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन, प्रदेश प्रवक्ता लाल रंजीत नाथ शाहदेव, लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष शिव प्रजापति, आनंद कुमार सिंह, अरशद रूहानी, विनोद उरांव, संतोष भगत, राधेश्याम राम, मोहम्मद समीम, अनुज कुमार आदि शामिल थे

# आगामी 23 अगस्त को होने वाले युवा अक्रोश रैली को लेकर भाजपा ग्रामीण मंडल ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में रविवार को शांति आश्रम किस्को मोड़ में भाजपा ग्रामीण मंडल की बैठक मण्डल अध्यक्ष विवेक चौहान के अध्यक्षता में की गई। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात वंदे मातरम गीतो के साथ बैठक प्रारंभ की गई।जिसमे 23 अगस्त को युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए लोहरदगा ग्रामीण मंडल के तत्वाधान में बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष मनिर उराँव उपस्थित रहे इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा की राज्य में हेमंत सरकार की अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहा इस तानाशाही सरकार को इस बार विधानसभा में उखाड़ फेंकने का काम राज्य की जनता करेगी इस दौरान 23 अगस्त को जिले से भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रांची में आक्रोश रैली में भाग लेंगे तथा इस दौरान मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।इस दौरान लाल नवल नाथ सहदेव, जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी, जिला मंत्री जगनन्दन पौराणिक, प्रखंड अध्यक्ष विवेक चौहान, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष अमित लोहरा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंभू सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज कुमार दसौंधी, उदय सिंह, लाल अनूप नाथ,मंगल, लक्ष्मी नारायण भगत, बजरंग ठाकुर, कुलदीप सिंह, सुनील महली, बिगन महली, मंगल गोप, ब्रिजनन्दन यादव, सुनील महली, बलराम ओझा, अजय ओझा, मुकेश साहू, सहित अनेको भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# अविराम के प्रशिक्षुओं ने पेड़ो को राखी बांधकर लिया महिला सुरक्षा और पर्यावरण बचाने का संकल्प



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के बीएड और डी एल एड के प्रशिक्षुओ द्वारा स्वनिर्मित रंग बिरंगी इको फ्रेंडली राखियां बना कर परिसर में पेड़ पौधों को बांध कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया। अविराम महिला छात्रावास में भी प्रशिक्षु छात्राओ ने राखी बांधी। सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि रक्षासूत्र बांध कर हम अपने देश की सभी बेटियों को उनकी आजादी, अस्मिता की सुरक्षा में सहयोग दे अभया, निर्भया का दौर रुकना चाहिए हर पुरुष किसी मां की कोख से उत्पन्न होता है और उसी स्त्री के साथ ऐसी शर्मनाक हृदयविदारक घटनाएं तोड़ देती हैं अतः सभी बहने अपने भाइयों से यह संकल्प ले के वे इस प्रकार की घटनाएं नहीं होने देंगे। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि प्राचीन उक्ति है कि एक पेड़ दस पुत्रों के समान होता है और जिसकी दूरदर्शिता कई वर्षों और पीढ़ियों की हो वह पेड़ लगाते हैं, इसी लिए हम इस त्योहार को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ कर मनाते है और सभी भारतीय त्योहार के केंद्र में प्रकृति है। इस अवसर पर रेणुका महतो द्वारा रखी बनावाई गई। एन एस एस पदाधिकारी कुंदन गिद्ध, ममता, पंकज, शिव, शशि, चिनिबास, आफताब, जंगबहादुर आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा कर्मियों की मांग को लेकर सरकार स्तर पर करेंगे वार्ता : सुखदेव भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मनरेगा कर्मचारी संघ लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर सबसे पहले सांसद बनने पर सुखदेव भगत को बुके देकर बधाई दिए एवं एक मांग पत्र सौपकर मनरेगा कर्मियों की सेवा शर्त नियमावली में सुधार कर सेवा स्थायीकरण करने एवं वेतनमान का प्रावधान करने की मांग किये। सांसद में मनरेगा कर्मियों की बातों को गंभीरता से सुने। सांसद ने कहा कि मनरेगा के तहत एक वर्ष में कम से कम 100 दिनो कि मजदूरों को रोजगार का गारंटी देने का कानून बनाकर ग्रामीण क्षेत्र में आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। मनरेगा में काम करने वाले कर्मियों का जो मांग है उसके संदर्भ में सार्थक पहल करेंगे। मनरेगा कर्मी के मांगों को पूरा करने के लिए वे सरकार स्तर पर भी वार्ता करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में मंगल तिर्की, राजीव कुमार, नीलेंद्र कुमार, रेखा कुमारी, अंजू कुजूर, सतीश कुमार साहू, संजीत कुमार सहित अनेक लोक उपस्थित थे।

## कैरो में विद्युत विभाग के द्वारा चलाया गया सघन छापामारी अभियान, 03 पर कैरो थाना में मामला दर्ज




**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार कैरो प्रखंड अंतर्गत मुख्यालय के कैरो ग्राम मे विभाग के सहायक अभियंता मो0 जिशान और कैरो थाना बल के उपस्थिति मे 17 अगस्त शनिवार को चलाया गया सघन छापामारी अभियान। अभियान में कैरो निवासी फेकू उराँव पिता परहेया उराँव पर विभाग का 27438 रू बकाया एवं 7963 रू0 क्षतिपूर्ति, गणेश महतो पिता स्व0 प्रदीप महतो पर 26172 रुपया एवं 7963 रुपये क्षतिपूर्ति,एवं तबारक अंसारी पिता स्व0 मौहम्मद अली पर बकाया 10064 रू0 एवं क्षतिपूर्ति 9072 रुपए बकाया को लेकर कैरो थाना मे भारतीय विद्युत धारा अधिनियम 135/137 के तहत मामला दर्ज कर कर लिया गया है।उक्त छापामारी दल मे विभाग के सुनील क्षत्री, मजुल अंसारी, खुर्शीद अंसारी मानव दिवस कर्मी के अलावा कैरो थाना के शसस्त्र बल मौके पर उपस्थित थे।

# भाई बहन का अनोखा प्यार, रंग बिरंगी राखियो से सजी बाजार, राखी आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में रविवार को राखी को लेकर बाजार पूरी तरह से रंग बिरंगी राखियो से सज गई है।शहरी क्षेत्र के बरवा टोली, अप्पर बाजार, मैना बगीचा तथा सभी छोटे बड़े प्रतिष्ठानों में रंग बिरंगी राखी की झड़ी लगी रही।बताते चलें राखी के इस पावन अवसर का इंतजार बहने सालो भर करती है मान्यता है की हिंदू धर्म में रक्षाबंधन का काफी बड़ा महत्व है। यह त्योहार भाई-बहन के प्यार का प्रतीक होता है। इस दिन सभी बहनें अपने भाईयों की लंबी उम्र के लिए उनके कलाई पर राखी बांधती हैं बदले में भाई हमेशा बहन की सुरक्षा करने का वचन देते हैं साथ में उपहार स्वरूप भी कुछ न कुछ भेंट देते है। इस साल सोमवार यानी 19 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। सोमवार को सुबह के समय भद्रा रहेगी इसकी वजह से रक्षाबंधन का त्योहार दोपहर 1 बजकर 30 मिनट के बाद मनाया जाएगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त पहर के 1 बजकर 30 से लेकर रात के 9 बजकर 6 मिनट तक है शाम का शुभ मुहूर्त 6:56 बजे से लेकर रात के 09:07 बजे तक का है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक राखी बंधवाते समय भाई को पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठना चाहिए और बहन को पश्चिम दिशा की तरफ मुख करके बैठना चाहिए इस दिशा में बैठकर राखी बंधवाना शुभ माना जाता है।

# 25 अगस्त को होने वाले क्षत्रिय सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को जिला परिषद् लोहरदगा के डाक बंगला में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लोहरदगा जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष उदय शेखर जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में आगामी 25 अगस्त 2024 को लोहरदगा जिला क्षत्रिय समाज सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा की गई। इस अवसर पर उक्त सम्मेलन को किस प्रकार से सफल करना है और सभी लोगों की सहभागिता कैसे सुनिश्चित करें इस पर मंथन कर आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष उदय शेखर जी ने कहा कि आनेवाले सम्मेलन में सभी लोगों का योगदान और सक्रियता से कार्यक्रम को भव्य बनाना है। आनेवाली पीढ़ी क्षत्रिय समाज के लोगों के त्याग और बलिदान को आदर्श माने और जिस प्रकार से क्षत्रियों ने सर्वजन हित, धर्म, प्राण और सम्मान की अगुवाई की उस पर सभी लोग चलें और पुनः क्षत्रिय राष्ट्र का अगुवा बनकर राष्ट्र सर्वप्रथम सर्वोपरि के मार्ग पर लोग चलें इस विषय को वर्तमान काल में सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर तैयारियां पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** दिनांक 17/8/024 को संध्या 7:00 बजे ठेठईटांगर चौक पर डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज के द्वारा किया गया, बैठक में फुटबॉल टूर्नामेंट से सम्बंधित सभी तैयारी के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया एवं भिन्न-भिन्न कार्यों के लिए टीम गठित कर कार्यभार सौंपा गया। बताते चलें कि आगामी 21 अगस्त 2024 दिन बुधवार को डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जा रहा है, जिसमें अलग अलग राज्य से टीमें भाग ले रही है, जैसे छत्तीसगढ़, बंगाल, उड़ीसा, झारखंड आदि राज्यों की टीमें शामिल हो रही है, जिससे की जबरदस्त खेल का प्रदर्शन देखने को मिलेगा, फुटबॉल के इस मुकाबले में प्रथम पुरस्कार स्वरुप 151000 रु एवं एक बड़ा ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार 75000रु एवं बड़ा ट्रॉफी रखा गया है। टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए कमिटी के सभी मेंबर जी-जान से लगे हुए हैं द्य बैठक में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, उपाध्यक्ष असफाक आलम, पिंटू कुमार सिंह, सचिव अरशद अफरीदी, उपसचिव वेद प्रकाश प्रधान, मोहम्मद हाशिम, कोषाध्यक्ष साजिद आलम उर्फ टीपू, मंच संचालन श्यामसुंदर मिश्रा, खेल प्रभारी राजा आलम, असजद अफरीदी, सदस्य गन मो फ़िरदौस, अभिषेक विश्वास, अब्दुल वाहिद, मो वसीम, मो आवेश, कामरान, काशिफ, राजा, तहसीन, साजिद पप्पू शाह, मिथलेश पांडे, कपिल, इमरान, हेमंत, मनोज, कारू, आसिफ, नवाब, मुख्तार, आसिफ, हलीम, शुभम, सोनू, इसाक आदि मौजूद थे। बैठक में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फुटबॉल टूर्नामेंट के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम के द्वारा बताया गया कि फाइनल मैच के दिन प्रखंड के सभी मंडलियों के बीच जदूर-नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## कैरो प्रखंड मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष बनाए गए मोजाहिर अंसारी



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोजाहिर अंसारी, पिता कासिम अंसारी, ग्राम पोस्ट कैरो, थाना कैरो जिला लोहरदगा को कैरो प्रखंड मोमिन कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनके कुशल नेतृत्व क्षमता, कार्यकुशलता एवं समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेवारी दी गई। इस मौके पर मोजाहिर अंसारी ने कहा कि कॉन्फ्रेंस ने समाज के प्रति जो उम्मीद और भरोसा जताया है उस पर मैं खरा उतरने का कोशिश करूंगा। मुबारकबाद देने वालों में लोहरदगा जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष जनाब हाजी सिकंदर साहब, उपाध्यक्ष मास्टर सवारत अंसारी, वरीय महासचिव मुजम्मिल अंसारी, शरीफ अंसारी, मुबारक अंसारी, कैरो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अनीस अहमद खान, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रशीद अंसारी, उपाध्यक्ष नईम अंसारी, मतलुब अंसारी, जियाउल अंसारी, नसीम अंसारी, मोइन खान, सिराजुल अंसारी, युनुस अंसारी, रिजवान अंसारी, इसराफिल अंसारी, अमजद अंसारी, अफरोज अंसारी, एहसान अंसारी, जहांगीर अंसारी आदि सैकड़ो लोग शामिल हैं।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 114 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। न्यू रांची पैथोलॉजी थायरोकेयर के सहयोग से स्वास्थ्य के संबंधित कई तरह की जांच कराई जा रही है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा लोगों को इस मौसम में स्वास्थ के प्रति खास ध्यान



देने की आवश्यकता है और कहा कि हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, वजन, अक्सिजन लेबल, हार्डबीट आदि का निशुल्क जांच की जा रही है और इसके अलावा स्वास्थ्य सम्बंधित किसी भी प्रकार का जांच आधे खर्च में ही कराया जा रहा है। हम सभी का प्रयास रहेगा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेवा कर सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की खाने पीने के चीजों को ढक कर रखें और ताजा खाना ही खाएं एवं लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए,जिससे की अपने शरीर की स्थिति की जानकारी मिल सके। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, सचीव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए डॉक्टर से परामर्श भी ले रहे हैं यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, सुबोध महतो,सत्यम सराफ, अनामिका भारती, अतुल सर्राफ, निशा देवी, अंजली सर्राफ, रामू राय, सरोज कुमार, रीता देवी, देवनारायण गुप्ता,कृष्ण प्रसाद, जयंत सिंह, सतेंद्र दुबे, रवीश कुमार, तुलसी उराँव, उदय कास्यंकार, हर्षित सोनी, श्यामा देवी, कुणाल साहू, बेगिन प्रसाद, लीला देवी, तपेश्वर प्रसाद,ओम गुप्ता, रमेश शर्मा, विवेक सोनी, मनोज अग्रवाल, कृष्ण प्रसाद, रश्मि देवी, ओमप्रकाश, सुंदर देवी, मनीष अग्रवाल, प्रभु दयाल साहू,सुनील अग्रवाल, राम प्रसाद कास्यंकार, अनूप अग्रवाल, नंदलाल प्रसाद, शुभम अग्रवाल, नंदलाल महतो आदि थें।

## लोहरदगा में राजनीतिक परिवर्तन होगा और झारखंड की तस्वीर बदलेगी : सूर्य सिंह बेसरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पीपुल्स पार्टी लोहरदगा जिला इकाई के तत्वाधान में लोहरदगा ब्लॉक स्थित टाउन हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक एवं झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा ने अपने संबोधन में कहा कि 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में लोहरदगा में राजनीतिक परिवर्तन होगा और झारखंड की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य की स्थापना हुए 24 वर्ष बीत गया । इस 24 वर्ष में बहुत सारे मुख्यमंत्री बदले, किंतु झारखंड की तस्वीर नहीं बदली। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि यहां के नेता सिर्फ अपना और अपने लोगों के विकास में मशगूल रहे,झारखंड के गरीब जनता पर उनका ध्यान गया ही नहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। अगर यहां की सरकारें ईमानदारी से काम करती तो 24 वर्षों में झारखंड का हर व्यक्ति लखपति होता,किंतु यहां के नेताओं ने अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए उन्हें खाकपति बनाकर छोड़ दिया। राष्ट्रीय पार्टियों पर कटाक्ष करते हुए सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि केंद्रीय पार्टियों ने झारखंड को चारागाह और प्रयोगशाला बनाकर छोड़ दी।

## भाजपा जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव मंडल के बैठक में हुए उपस्थित

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोनपाला मंडल अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में सलगापोस में युवा आक्रोश रैली को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। आगामी 23 अगस्त को हेमंत सरकार की युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा प्रस्तावित युवा आक्रोश रैली के जनजागरण को लेकर भाजपा जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव मंडल की बैठक में उपस्थित हुए।उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से हीं युवा विरोधी हेमंत सरकार को गदी से जड़ से उखाड़ फेकेंगे। कोनपाला मंडल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमेशा से भाजपा परिवार को मजबूती प्रदत किया है। आशा है कि 23 अगस्त को प्रदेश स्तर पर आयोजित युवा आक्रोश रैली में आप सभी बढ़-चढ़ कर भाग लें। मंडल अध्यक्ष विजय महतो ने कहा कि कोनपाला मंडल से सभी भाजपा कार्यकर्ता एकजुटता के साथ युवा आक्रोश रैली में सम्मिलित होंगे।

## चलते चलते एक नजर

## धार्मिक ग्रंथ घर में होने से बच्चों में आता है संस्कार : अमरीश सिंह

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्य समिति की बैठक रविवार को हुई। तीन दिवसीय प्रांत बैठक शिव वाटिका झुमरी तलैया , कोडरमा में 16 अगस्त से 18 अगस्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने की। बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ,मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं विहिप के अन्य सभी आयम के प्रान्त,जिला अधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। बैठक के समापन समारोह में मुख्यवक्ता के रूप में विहिप के केंद्रीय मंत्री अमरीश सिंह ने कहा कि सभी हिंदू परिवार में हिंदू संस्कार की रचना करने का कार्य विश्व हिंदू परिषद करती है। विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूरे करने जा रही है। सिंह ने कहा कि धार्मिक ग्रंथ घर में होने से बच्चों में संस्कार आता हैं। विहिप के केंद्रीय टोली सदस्य डॉ रविंद्र नारायण सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद में सभी अधिकारी और कार्यकर्ता एक समान हैं और सभी को एक साथ मिल कर काम करने की आवश्कता है। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता में काम करने की ऊर्जा है और हम लोग इसका विस्तार के साथ-साथ कार्य को बढ़ा रहे है । इस तीन दिवसीय बैठक में सभी जिला में विगत छह माह में किए गए कार्यो की समीक्षा की गई एवं अगामी होने वाले कार्यक्रम के सन्दर्भ में योजना बनाई गई।

## डीजीपी डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की करेंगे समीक्षा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीजीपी अनुराग गुप्ता 20 अगस्त को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डायल 112 के रिस्पांस टाइम और ट्रैकिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। इस दौरान यदि किसी पुलिस अफसर या पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आयी तो उसपर कार्रवाई भी हो सकती है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के पहल पर डायल 112 को क्यूआर कोड डेवलप किया गया है। इस क्यूआर कोड की कॉपी ऑटो, बस और एटीएम सहित शहर के विभिन्न स्थानों में लगा दिया गया है।अगर आप किसी संकट में हैं, तो आप क्यूआर कोड को स्कैन कर पुलिस की हेल्प ले सकते हैं। डायल 112 के क्यूआर कोड को डीजीपी अनुराग गुप्ता के प्रयास से डेवलप किया गया है। इसे पुलिस के टेक्निकल सेल ने डेवलप किया है। शहर के किसी भी जगह पर यदि कोई आदमी मुसीबत में फंसा हो, तो वह क्यूआर कोड को स्कैन कर पुलिस को अपनी परेशानी बताकर मदद मांग सकता है। इसके लिए सबसे पहले क्यूआर कोड को स्कैन करना होगा। मोबाइल से स्कैन करते ही मोबाइल में एक फॉर्म दिया जायेगा, जिसमें मात्र चार पाइंट भरने होंगे। इसके बाद तुरंत 112 से कनेक्ट हो जायेगा। वहां से सीधे आपसे संपर्क किया जायेगा और आपके नजदीक मौजूद पीसीआर या क्यूआरटी आप तक पहुंच जायेगी। यह तो उसके लिए आसान है, जिसके पास स्मार्ट फोन है। यदि किसी के पास स्मार्ट फोन नहीं है और वो आपसे मदद मांगता है तो आप उसकी भी मदद कर सकेंगे।

### 10 साल में पांच काम भी नहीं गिना पाते विधायक आलोक

# आलोक चौरसिया नहीं चौधरी होगा विधायक : ललन चौधरी

### आलोक चौरसिया ने सिर्फ चौधरी समाज को छलने का काम किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चौधरी निषाद समाज ने कई गनयमान लोगों के साथ प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित ललन चौधरी ने कहा कि डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में चौधरी निषाद समाज का वोट 25 हजार से अधिक है। 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में 10 हजार आबादी वाले आलोक चौरसिया को अधिकांश वोट देकर विधायक बनाया गया। लेकिन लगातार विधायक रहे आलोक चौरसिया ने चौधरी समाज के लिए कोई काम नहीं किया। कई बार समाज के लोगों ने एक निषाद भवन बनवाने की मांग की। लेकिन आज तक निषाद भवन तक नहीं बनवाए। हमारे समाज के बहुल आबादी होने के बावजूद भी आज तक कभी प्रखंड स्तर का भी विधायक प्रतिनिधि नहीं बनाए। विधायक आलोक चौरसिया ने कई बड़े-बड़े वादे किए। पर कोई भी कार्य पर वे खरा नही उतरे। आज भी इस क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में सड़क की स्थिति दलदल है। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण इलाकों में पुल पुलिया नहीं होने के कारण हल्की बारिश में भी आवागमन बाधित हो जाती है। स्कूल की गाड़ी फंस जाती है। जिससे बच्चे स्कूल नही जा पाते हैं। किसी को अचानक तबीयत खराब हो जाता है। ऐसे में लोग अस्पताल नहीं पहुंच पाते हैं। कई क्षेत्रों में नाली निर्माण नहीं होने के कारण गरीब गुरबो के मिट्टी के घर पानी में डूबते नजर आए। इन समस्याओं के समाधान हेतु जब विधायक जी के पास बात रखी जाती है तो विधायक आलोक चौरसिया जी लोगो को विरोधी बोलना शुरू कर देते हैं। और अपमानित करना शुरू कर देते हैं। इन तमाम बातों को देखते हुए ललन चौधरी ने कहा कि अपने मजबूत, जनाधार एवं हर गरीब, मजदूर, किसान और सभी समुदाय सभी वर्ग के साथ मिलकर नेतृत्व करने की तैयारी कर चुका हूं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी लोगों की सहयोग से चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। मौके पर धर्मेंद्र चौधरी, दिनेश चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, दीनानाथ चौधरी, पिंटू चौधरी, अशोक चौधरी, लालजी चौधरी, बिनोद चौधरी, बबलू चौधरी, अरविंद चौधरी, कुलिंद्र चौधरी, चंदन चौधरी, सुधीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने तस्वीर साझा कर झामुमो के प्रति जताई निष्ठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा में शामिल होने के लिए दिल्ली में होने की अफवाहों के बीच बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने रविवार को गूगल मैप के साथ अपनी तस्वीर जारी की है। इस तस्वीर में वे चाकुलिया स्थित अपने कार्यालय में बैठे नजर आ रहे हैं। दरअसल, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन समेत छह विधायकों के भाजपा में शामिल होने की चर्चाएं जोरों पर हैं। इसी के खंडन में बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने ये तस्वीर जारी की है। समीर मोहंती ने जोर देकर कहा है कि वे झामुमो में थे, हैं और अंत तक रहेंगे। यहां विधायक कार्यालय में उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि कुछ न्यूज चैनलों द्वारा यह खबर फैलाई जा रही है कि वे झामुमो के कई विधायकों के साथ भाजपा में जा रहे हैं। उन्होंने इसे सरासर गलत समाचार बताते हुए कहा कि एक षड्यंत्र के तहत उन्हें बदनाम करने की कौशिश की जा रही है। मोहंती ने कहा कि उनका राजनीतिक जन्म झामुमो में हुआ, उनकी राजनीतिक पाठशाला झामुमो है और उनके राजनीतिक गुरू दिशोम गुरु शिबू सोरेन हैं। उन्होंने कहा कि वे झामुमो में हैं और आगे भी झामुमो में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्य और क्षेत्र में उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर भाजपा ने एक षड्यंत्र के तहत उनका नाम उछाला है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि जिस ढंग से हेमंत सरकार राज्य में विकास के काम कर रही है, आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य में पुनः झामुमो की सरकार होगी और भाजपा का सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रम फैलाकर झामुमो के नेताओं को तोड़ना चाहती है। पार्टी में दरार पैदा करने के उद्देश्य से ही ऐसी अफवाह फैलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई नेता नहीं है, जिस कारण झामुमो में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। भाजपा का हमेशा से यही चरित्र रहा है। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री से अच्छे संबंध हैं और पार्टी ने उन्हें जो सम्मान दिया है उसके लिए वे सदा पार्टी के ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन एक सुलझे हुए नेता हैं और उन्होंने हमेशा बेहतर सोच के साथ क्षेत्र का विकास किया है।

## कुवैत के क्राउन प्रिंस से मिले डॉ. एस जयशंकर



**एजेंसी**

**कुवैत सिटी :** विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे और इस दौरान वह भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर कुवैत के नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे। जयशंकर के देश में आगमन पर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या ने उनका स्वागत किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करके कहा,नमस्ते कुवैत। गर्मजोशी के साथ स्वागत करने के लिए विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या का धन्यवाद करता हूं।आज कुवैती नेतृत्व के साथ अपनी मुलाकातों का बेसब्री से इंतजार है। विदेश मंत्रालय ने यात्रा से पहले एक बयान में कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों को राजनीतिक मसलों, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक, वाणिज्य दूतावास समेत भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने का मौका मिलेगा और आपसी हितों के जुड़े क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी होगा।विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने लिखा,कुवैत राज्य के क्राउन प्रिंस महामहिम शेख सबा अल-खालिद अल-सबा अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की शुभकामनाएं दीं।÷ भारत और कुवैत के बीच सदियों पुराना सद्भावना और मित्रता का बंधन है। हमारी समकालीन साझेदारी लगातार बढ़ रही है। हमारे संबंधों को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए उनके मार्गदर्शन और अंतर्दृष्टि के लिए उन्हें धन्यवाद।

# जीवन का स्वच्छ दर्पण होता है भोजपुरी गीत : चंद्रशेखर सिंह छोटू

### रेड़मा ठाकुरबाड़ी में दुगोला कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भोजपुरी लोकगीत मानव जीवन का अनुभूत अभिव्यक्ति है। यह जीवन का स्वच्छ दर्पण है। इसमें समाज में व्यक्त जीवन का प्रतिबिंब दिखाई पड़ता है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे शनिवार को स्थानीय रेड़मा ठाकुरबाड़ी में आयोजित भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी गीत व्यक्ति के मन व शरीर की थकान को दूर करता है। लोकगीत गांव का गीत व संगीत होता है। इससे लोग सीधे जुड़ जाते हैं। अपनी मिट्टी की खुशबू भोजपुरी गीतों में मिलती है। कहा कि रेड़मा ठाकुरबाड़ी में प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन से पूर्ण होने वाले भोजपुरी लोकगीत संगीत का बड़ा महत्व है। चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कहा कि आज भोजपुरी लोकगीत कलाकार लव ठाकुर की पुण्यतिथि भी है। ठाकुरबाड़ी में कला व कलाकारों का सम्मान लगातार होता रहे, इसके लिए ठाकुरबारी समिति के प्रयास की सराहना करते हैं।

इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, चंद्रशेखर सिंह छोटू व समाजसेवी दिलीप सिंह नामधारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि उनके गांव रेड़मा में प्रतिवर्ष दुगोला कार्यक्रम होता है। यह बड़ी खुशी की बात है। इसमें गांव व शहरवासी शिरकत कर अपना भरपूर मनोरंजन करते हैं। उन्होंने कहा कि भोजपुरी दोगोला कार्यक्रम लगातार चलता रहे उसके लिए ईश्वर से कामना करते हैं। मौके पर दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि भोजपुरी गीत संगीत गांव से लेकर शहर वासियों को भी कर्णप्रिय होते हैं। इससे लोग मनोरंजन करते हैं। उन्होंने दुगोला कार्यक्रम करने के लिए ठाकुरबारी समिति को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर ब्यास शिव चौधरी, प्रमोद ठाकुर, शिशिर शुक्ला, मुक्तेश्वर पांडे, यशवंत तिवारी व सतीश तिवारी सहित रेड़मा गांव के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, पैसे के दम पर तोड़े जा रहे घर और पार्टी

**रांची :** राज्य पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के कयासों के बीच राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने गोड्डा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भाजपा पैसे के दम पर पार्टी तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द ही चुनाव की घंटी बजनेवाली है और चुनाव की घंटी हमारे विरोधी भाजपा के पास है। भाजपा पार्टी तोड़ने का काम करती है। पैसे के दम पर पार्टी तोड़ी जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चुनाव आयोग अब संवैधानिक संस्था नहीं है। ये भाजपा की संस्था हो गयी है। यही वजह है कि चुनाव की घंटी बीजेपी के पास है। हेमंत सोरेन ने भाजपा को चुनौती दी कि आज चुनाव की घंटी बजाओ, हम कल सफाया कर देंगे। हेमंत सोरेन ने कहा कि लोकसभा में भी भाजपा ने जहर घोलने का काम किया था लेकिन अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सकी।

## आलोक चौरसिया की हार तय, चौरसिया नहीं देंगे साथ : राजकुमार चौरसिया

### 10 वर्षों में मामा-भांजा ने किया अपना विकास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज-चैनपुर-भंडरिया विधानसभा के ग्राम कोशियारा थाना चैनपुर में बुथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की एक? बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता गीरीवर प्रसाद चौरसिया ने किया एवं संचालन धर्मेन्द्र कुमार चौरसिया ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं द्वारा रोष व्यक्त किया गया कि विगत 10 वर्षो मे क्षेत्र का विकास शून्य रहा। यह क्षेत्र स्थानीय विधायक का हृदय-स्थली है। झुमरी महुआ से कोशियारा मुख्य बस्ती तक का सड़क विकास का पोल खोल रहा है। सभी ने राजकुमार चौरसिया के प्रति अटूट आस्था जताया एवं आगे बढ़-चढ़ कर नेतृत्व करने का आवाहन किया। भावी प्रत्याशी श्री राजकुमार चौरसिया ने अपनी प्राथमिकताएं निम्नवत बताई : लंबित कुटकु डैम का निर्माण एवं कोयल नदी पर जगह-जगह विभर का निर्माण। इस योजना से पानी की समस्या का स्थायी समाधान एवं कृषि क्षेत्र में रोजगार का अवसर देना। डाल्टनगंज शहर को अतिक्रमण मुक्त कराना। विशेषकर जलस्रोत एवं सड़क का अतिक्रमण। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र मे मूल-भूत संरचनाओं को सुदृढ़ कर उत्तम शिक्षा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था करना।पलामू का भूमि-विवाद विधिवस्था के संचारण मे मुख्य बाधा है। कैम्प के माध्यम से थाना दिवस को शशक्त कराना एवं ऑनलाईन त्रुटि का निराकरण। गैर-मज़रूआ भूमि जो विधिवत सेटल्ड हुआ है, उसे संदिग्ध जमाबन्दी से बाहर कर नियमित करना। डाल्टनगंज शहर के खास महाला भूमि को फ्रीहोल्ड किया जाना। विधायक कोटे की राशि जो कि विधायक ÷पॉकेट मनी÷ के रूप में प्रयोग कर रहे है, इस पर रोक लगाना। कार्यक्रम में मुख्यरुप से गजेन्द्र चौरसिया, कृष्ण चौरसिया, ललन चौरसिया,गीरीवर चौरसिया, सुदामा चौरसिया, पृथ्वी चौरसिया, कमलेश चौरसिया, अशोक चौरसिया, विषुनदेव चौरसिया, विषुनदेव राम, राजमनी सिंह, अजय सिंह, लालमुनी चौरसिया, विनोद चौरसिया इत्यादि ने अपना विचार व्यक्त किये, एवं पूर्ण निष्ठा व्यक्त किए।सभा की अध्यक्षता इद्रदेव चौरसिया ने किया। संचालन ललन चौरसिया ने किया।धन्यवाद ज्ञापन अमरेश चौरसिया ने किया।

## वज्रपात से सहमुल अंसारी की हुई मौत आश्रितों को जिला प्रशासन से है उम्मीदें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** पलामू जिला के अंतिम छोर स्थित पांकी प्रखंड के ग्राम बलमुआं के रहने वाले 46 वर्षीय सहमुल अंसारी पिता सादीक मियां का 14-8-2024 तेज बारिश के दौरान वज्रपात गिरने से मौके पर ही मौत हो गई थी।

बताया गया कि सहमुल अपने खेत में काम कर रहा था तभी यह घटना शाम लगभग पांच बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार वालों दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी सहित पांच बेटी दो बेटे हैं । बेटियों की शादी नहीं हुई है। परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलने के कुछ घंटे बाद शाम करीब सात आठ बजे के बीच प्रशासन के कुछ लोग पहुंची और शव को पोस्टमार्टम करा दिया गया।15 अगस्त को पास के ही कब्रिस्तान में मिट्टी मंजिल हो गई । परिजनों का कहना था कि प्रशासन द्वारा मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने पर कुछ अश्वासन नहीं मिला है। आश्रितों को उम्मीद थी कि वज्रपात से मरने वाले पीड़ित परिवार को जिला प्रशासन द्वारा कुछ मुआवजा राशि मिलेगी,लेकिन खबर लिखे जाने तक यही बताया गया कि जिला प्रशासन की तरफ से कुछ भी मदद नहीं मिली है। हालांकि इस तरह की घटना होने से सरकार का सख्त निर्देश है कि जिला उपायुक्त मृतक के आश्रितों को मदद पहुंचाये।

### क्या कहा उपायुक्त ने

पलामू उपायुक्त शशि रंजन की प्रभात मंत्र से फोन पर हुई बातचीत में उपायुक्त ने कहा कि घटना से संबंधित जानकारी आप से मिल रही है, आगे कहा कि परिजन को कहा जाये कि वे प्रखंड विकास पदाधिकारी या अंचल अधिकारी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ एक आवेदन के माध्यम से लिखित जानकारी उपलब्ध करा दें, इसके बाद आपदा प्रभावित को जो सरकार द्वारा मुआवजा दी जाती है वह जरुर मिलेगा।

## मंईयां योजना के बैनर से चंपाई सोरेन का नाम गायब : अमर बाउरी

**रांची :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुख्यमंत्री के स्तर से रविवार को शुरू की गई मंईयां योजना पर सवाल किया है। एक्स पर सवाल करते कहा कि मुख्यमंत्री पाकुड़ के गायबथान में मुख्यमंत्री मंईयां योजना की शुरुआत करने गए थे। पर विडंबना देखिए कि वहीं के जिस ÷होपनी मरांडी, दांदु हेंबरम,रानी मुर्मू÷ की जमीन बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा लूट ली गई थी, उसे नहीं लौटाया। झामुमो-कांग्रेस ने गरीबों को 72,000 सालाना देने का वादा किया था। हेमंत सोरेन के झूठे वादे की थोड़ी भरपाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बहन-बेटी माई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना पर अपनी मुहर लगाई थी। अमर के अनुसार हेमंत सरकार के बैनरों व योजनाओं से चंपाई सोरेन का नाम व निशान गायब है। फिर जेल से बाहर निकले हेमंत सोरेन ने सत्ता हथियाने का खेल शुरू किया।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस पर टीएमसी में अंतर्कलह

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्थित आरजी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी का मुद्दा इन दिनों गरमाया हुआ है. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार सवालों के घेरे में है और बीजेपी लगातार राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर टीएमसी पर हमला कर रही है. इस बीच ममता सरकार को खुद उनकी ही पार्टी के नेता ने सवालों के घेरे में खड़ा किया है. उनकी इस हरकत पर पार्टी में कलह भी होने लगी है.टीएमसी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रे ने सवाल उठाया है कि पीड़िता के सुसाइड की कहानी किस शख्स ने फैलाई है और उसने ऐसा क्यों किया? इसकी जांच बेहद जरूरी है. उन्होंने खोजी कुत्तों के देर से इस्तेमाल होने पर भी सवाल खड़ा किया है. हालांकि, टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने कहा कि वह भी चाहते हैं कि पीड़िता को न्याय मिले, लेकिन पुलिस कमिश्नर समेत जांच को लेकर सवाल खड़ा करना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है, वो भी एक वरिष्ठ नेता की ओर है.टीएमसी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक पोस्ट में कहा,सीबीआई को निष्पक्षता से काम करना चाहिए. सुसाइड की कहानी किसने और क्यों फैलाई, यह जानने के लिए पूर्व प्रिंसिपल और पुलिस कमिश्नर से हिरासत में पूछताछ जरूरी है. हॉल की दीवार क्यों गिराई गई,आरोपी संजय रॉय को इतना शक्तिशाली होने के लिए किसने संरक्षण दिया और 3 दिन बाद खोजी कुत्ते का इस्तेमाल क्यों किया गया. ऐसे सैकड़ों सवाल हैं. उनका मुंह खुलवाया जाए.वहीं, सुखेंदु के पोस्ट पर टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने जवाब दिया और सरकार पर सवाल खड़े करने को लेकर दुख जताया. उन्होंने कहा,मैं भी आरजी कर केस में न्याय की मांग करता हूं. लेकिन पुलिस कमिश्नर को लेकर की गई मांग का कड़ा विरोध करता हूं. जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अपना बेहतरीन काम किया है.

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक

रामभरोस यादव

मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रखंड मयूरहंड, चतरा

प्रभात मंत्र

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक

मनोज चंद्रा

झारखंड मुक्ति मोर्चा के भावी उम्मीदवार सिमरिया विधानसभा क्षेत्र ,मयूरहंड चतरा

प्रभात मंत्र